राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



कोडरमा के सिविल कोर्ट में अधिवक्ताओं से बात करते झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस महेश शरदचंद्र सोनक

• बोकारो, रविवार 6 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 112 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## मनचलों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाया समकालीन अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले में मनचलों और असामाजिक तत्वों की शनिवार शाम को पुलिस ने जोरदार तरीके से वाट लगाई है। मनचलों और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए हजारीबाग पुलिस ने शनिवार रात विशेष समकालीन अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर जिलेभर में एक साथ कार्रवाई करते हुए 49 टीमों ने 117 स्थानों पर छापेमारी की। इस अभियान के दौरान 50 मनचलों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सभी को संबंधित थानों में ले जाकर पूछताछ की। बाद में कड़ी हिदायत देने के बाद उन्हें पीआर (पर्सनल रिकॉग्निजेंस) बॉन्ड पर छोड़ दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर छेड़खानी, हुड़दंग और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस के अनुसार अभियान के लिए पहले से रणनीति तैयार की गई थी। इसके तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 49 टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने देर रात तक विभिन्न चौक-चौराहों, बाजारों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर छापेमारी की। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा मनचलों में कानून का भय पैदा करना था। हजारीबाग पुलिस ने कहा कि ऐसे विशेष अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे। लोगों से भी अपील की गई है कि छेड़खानी, हुड़दंग या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## दीक्षांत परेड समारोह में 140 जवानों ने ली देश सेवा की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप हजारीबाग के रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में शनिवार को दीक्षांत परेड समारोह संपन्न हो गया। समारोह में नवप्रशिक्षित 140 आरक्षकों ने देश सेवा की शपथ ली। इस दौरान भारत माता की जय के घोष से पूरा माहौल देशभक्ति रंग से सराबोर हो गया। देश हमें सब कुछ देता है, हम भी तो कुछ देना सीखे कुछ इसी भाव के साथ 44 सप्ताह का कठिन परिश्रम, लगन, साधना के साथ बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत परेड में शामिल हुए। कदम से कदम ताल मिलाकर परेड में हिस्सा लिए जवानों ने सभी के दिलों को जीत लिया। प्रशिक्षण में देश के कोने-कोने केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक समेत कई राज्यों से जवान पहुंचे। वे अब प्रशिक्षण लेकर बीएसएफ का अंग बन पाए हैं। भव्य पारंपरिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बीएसएफ के बैंड की धुन ने पूरा माहौल देश भक्ति कर दिया। प्रशिक्षण केंद्र के महानिरीक्षक धीरेंद्र संभाजी कुटे ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान इन्हें शारीरिक, हथियार चलाना, विभिन्न कानून की जानकारी, अंतरराष्ट्रीय कानून की जानकारी, मानवाधिकार, आतंकवाद, उग्रवाद से निपटने का भी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावे खेलकूद और सामाजिक गतिविधि में हिस्सा लेने का भी इन्हें प्रशिक्षण दिया गया, जो देश सेवा के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने जा रहे हैं। जिन जवानों ने पारण परेड में हिस्सा लिया वे देश के कोने-कोने में अपनी सेवा देंगे। इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी इनकी तैनाती होगी। पश्चिमी सीमांत में पंजाब, जम्मू कश्मीर क्षेत्र आते हैं जहां इन्हें विषम परिस्थितियों में देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी जाएगी। दीक्षांत परेड के बाद औपचारिक तौर पर सीमा सुरक्षा बल जो भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति है, उसके सदस्य बन गए हैं। बल में कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रथम कदम रखने जा रहे हैं। प्रशिक्षण केंद्र के महानिरीक्षक धीरेंद्र संभाजी कुटे ने नवआरक्षकों के माता-पिता एवं परिजनों को भी बधाई देते हुए कहा कि आपने सपूतों को सीमा सुरक्षा बल में भेजकर देश सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपके इस योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता है। जवानों के माता-पिता ने खुशी जाहिर की कि उनके बेटे देश की सेवा में अहम भूमिका निभाने जा रहे हैं। हजारीबाग बीएसएफ मेरु प्रशिक्षण केंद्र में ट्रेनिंग लेकर जवान अब देश की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना शुरू करने जा रहे हैं, जो देश के साथ-साथ हजारीबाग के लिए भी गौरव का पल है।



## संक्षिप्त समाचार

### जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की जमानत याचिका खारिज

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड लोक सेवा आयोग यानी जेपीएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितता के मामले में जेल में बंद आयोग के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मुख्य सचिव एल खियांग्ते को अदालत से राहत नहीं मिली है। अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। सिविल कोर्ट के अधिवक्ता संजय कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा था, जिस पर अब निर्णय सुनाया गया है।

### रिफाइन से भरा टैंकर पलटा

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में रिफाइन से भरा टैंकर पलट गया। हादसा कोडरमा घाटी में मेघातरी स्थित काली मंडा के पास ढलान वाले मोड़ पर हुआ। टैंकर के पलटते ही उसमें भरा रिफाइन तेल सड़क किनारे बहने लगा। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। चालक को बचाने के बजाय तेल लूटने की होड़ मच गई।

### फर्जी सिम और गिफ्ट वाउचर से ठगी, दो गिरफ्तार

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** जामताड़ा पुलिस को साइबर ठगी के खिलाफ सफलता मिली है। पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड और गिफ्ट वाउचर का इस्तेमाल कर लोगों को ठगने वाले गिरोह के दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर डीएसपी अमित रविदास ने बताया कि एसपी शंभू कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक खास टीम बनाई गई और छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मुस्ताक अंसारी और मोहम्मद अमजद अंसारी को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किए गए।

### पुजारी हत्याकांड के आरोपित का शव पहाड़ी पर मिला

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बड़ैला गांव में पुजारी गोरा अंगरिया हत्याकांड में तीन दिन बाद नया मोड़ आ गया है। हत्या के आरोपी 24 वर्षीय पोंडे राम अंगरिया का शव गांव से करीब एक किलोमीटर दूर सरेंगदा पहाड़ी पर पेड़ के नीचे संदिग्ध हालत में मिला।जानकारी मिलने पर गोइलकेरा पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**रांचीा(नबिटा ब्यूरो)।** हरमू स्थित इमली चौक के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग में हादसा हो गया। ढलाई का काम करने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान श्रीराम लोहरा के रूप में हुई है। मजदूर की मौत की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।

## शिक्षा में एआई एवं नई तकनीक से होंगे सुधार : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर देश के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक एवं भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं एवं जोहार दिया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए हर स्तर पर कमियों को दूर कर प्रभावी ढंग से सुधार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय के साथ शिक्षा पद्धति भी बदल रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और नई तकनीक शिक्षण को और अधिक सहज, प्रभावी तथा विद्यार्थियों की जरूरतों के अनुरूप बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हेमंत सोरेन ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का संकल्प है कि आधुनिक तकनीक के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए और नई पीढ़ी अपने मूल्यों व जड़ों से जुड़ी रहे। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जोहार कहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह बयान ऐसे समय आया है जब देशभर में शिक्षा के क्षेत्र में एआई आधारित तकनीकों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। एआई के जरिए विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता, उनकी प्रगति और अलग-अलग विषयों में उनकी जरूरतों के आधार पर पढ़ाई को अधिक व्यक्तिगत बनाया जा सकता है। झारखंड में भी डिजिटल शिक्षा की दिशा में पहले से कई पहल की जा रही हैं। राज्य के जे-गुरुजी डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म में एआई आधारित लर्निंग की सुविधा का उल्लेख है, जिसके तहत विद्यार्थियों के आकलन और कंटेंट उपयोग के आधार पर उन्हें व्यक्तिगत सुझाव देने की व्यवस्था विकसित की गई है। एआई के बढ़ते इस्तेमाल के बीच मुख्यमंत्री का संदेश यह भी संकेत देता है कि तकनीक का उद्देश्य शिक्षक की भूमिका को खत्म करना नहीं बल्कि उन्हें ज्यादा प्रभावी बनाना है। शिक्षक विद्यार्थियों की जिज्ञासा, सोचने की क्षमता, अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तकनीक सूचनाएं और विश्लेषण उपलब्ध करा सकती है लेकिन विद्यार्थियों को सही दिशा देना और उनके अंदर सीखने की इच्छा पैदा करना शिक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बनी रहेगी। झारखंड सरकार पहले ही एआई और डिजिटल तकनीक को राज्य के विकास से जोड़ने की दिशा में कदम उठा चुकी है। झारखंड सरकार की एआई रणनीति केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। राज्य सरकार एआई आधारित तकनीक का इस्तेमाल सुशासन, कृषि, खनन, स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है।



## शिक्षिका मुनमुन भट्टाचार्य को मिला राष्ट्रपति सम्मान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बरमसिया की प्रभारी प्रिंसिपल व अंग्रेजी शिक्षिका मुनमुन भट्टाचार्य को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। सम्मान के रूप में उन्हें प्रशस्ति पत्र, शाल और 50 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। सीमित संसाधनों के बीच सरकारी स्कूलों को लेकर बनी पारंपरिक धारणा को बदलते हुए मुनमुन भट्टाचार्य ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनके नवाचार, समर्पण और निरंतर प्रयासों ने बरमसिया के सरकारी विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। मुनमुन भट्टाचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार को वह व्यक्तिगत उपलब्धि के बजाय सामूहिक प्रयास का सम्मान मानती हैं। उनके अनुसार विद्यालय में शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक मिलकर जो प्रयास करते हैं, उसी का परिणाम यह सम्मान है। उन्होंने कहा कि धनबाद को यह गौरव मिलना भी उनके लिए खुशी की बात है।

## तालाब से मां और बच्चे का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना अंतर्गत तालापारा में एक तालाब से मां और उसके डेढ़ वर्ष के बच्चे का शव बरामद हुआ है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन भी स्पष्ट रूप से पुलिस को अभी तक कुछ नहीं बता रहे हैं। यह हादसा है या आत्महत्या, इस बिंदु पर पुलिस जांच कर रही है। दरअसल चैनपुर थाना क्षेत्र के तालापारा की रहने वाली रंजू देवी घर से शौच की बात बोलकर घर से शुक्रवार की शाम में निकली थी। शनिवार को कुछ लोग तालाब के पास गए थे तो देखा कि मां और बच्चे का शव पानी में ऊपर नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जानकारी परिजन और पुलिस को दी। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से तालाब से शवों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीण भी मौके पर जमा हुए। चैनपुर थाना प्रभारी लालजी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने दोनों की मौत के मामले में सभी बिंदुओं को देख रही है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद रंजू देवी के मायके के लोग भी गांव में पहुंचे हैं और परिजनों से बातचीत कर रहे हैं।

## नदी पार कर स्कूल जाते हैं 629 बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले के उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड में बारिश के मौसम में ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पुल-पुलिया और पक्के संपर्क मार्ग के अभाव में स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर नदी पार कर स्कूल जाना पड़ रहा है। लगातार बारिश के कारण कई नदियों और छोटे नालों का जलस्तर बढ़ गया है जिससे गांवों से स्कूल तक पहुंचने वाले रास्ते खतरनाक हो गए हैं। कुंदा प्रखंड के 13 विद्यालयों के करीब 629 बच्चे इस समस्या से प्रभावित हैं। उल्लवार, ककनातू, टटेज और रेंगनियातरी समेत कई गांवों के बच्चों को नदी पार कर स्कूल जाना पड़ता है। जलस्तर बढ़ने पर कई बार बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। वहीं तेज बहाव के बावजूद कुछ बच्चे एक-दूसरे का हाथ पकड़कर नदी पार करते हैं। बस्ता पीठ पर और जूते हाथ में लेकर बच्चों को पानी से गुजरना पड़ता है। बच्चों का कहना है कि नदी का पानी बढ़ने पर उन्हें डर लगता है। अभिभावक भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। कई बार परिजन खुद बच्चों को गोद या कंधे पर बैठाकर नदी पार कराते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक सिंदरी, द्वारपार, हथवार और कुंदा नदियों पर पुल नहीं होने से बरसात में समस्या और गंभीर हो जाती है। इसका असर केवल विद्यार्थियों पर ही नहीं बल्कि मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार हाल ही में एक प्रसूता महिला समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सकी। बारिश के दौरान स्कूलों में मध्याह्न भोजन का राशन और जरूरी सामान पहुंचाना भी मुश्किल हो जाता है। उधर हंटरगंज प्रखंड के पारसिया गांव का दास टोला भी बारिश में टापू में बदल जाता है। जल निकासी बाधित होने से करीब 40 घरों की लगभग 300 की आबादी जलजमाव से प्रभावित है। एंबुलेंस पहुंचने में भी परेशानी होती है। प्रशासन ने जमीन मालिकों को नोटिस जारी किया है लेकिन ग्रामीण स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधीक्षक ने समस्या के समाधान की दिशा में पहल का भरोसा दिया है।




## मतदाता सूची में दर्ज हो योग्य मतदाताओं का नाम : के. रवि कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शनिवार को साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड कार्यालय पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। उनके साथ साहिबगंज डीसी दीपक दुबे भी मौजूद रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सबसे पहले प्रखंड कार्यालय में एसआईआर के तहत चल रहे दस्तावेज सत्यापन कार्य की जानकारी ली और संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रखंड कार्यालय में समीक्षा के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा पर स्थित पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बरहरवा प्रखंड के बेलपहाड़ी गांव पहुंचे। यहां उन्होंने एसआईआर कार्य की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद आहुतग्राम के इस्लामपुर गांव पहुंचकर बूथ का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद कर्मियों से आवश्यक जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान के. रवि कुमार ने एसआईआर कार्य में लगे बीडीओ, सीओ, बीएलओ सहित अन्य कर्मियों से दस्तावेज सत्यापन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सत्यापन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए मतदाताओं द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे आवश्यक दस्तावेजों की सही तरीके से जांच करने के बाद ही सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मतदाताओं का पुरानी मतदाता सूची से लिंक अथवा मैपिंग नहीं हो पायी है, उनके मामलों में निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर सत्यापन कार्य में तेजी लायी जाए। उन्होंने मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। विदित हो कि बरहरवा प्रखंड क्षेत्र में एसआईआर के तहत 186 मतदान केंद्रों के करीब 27,082 मतदाताओं के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। इनमें वैसे मतदाता भी शामिल हैं जिनका नाम पुरानी मतदाता सूची से लिंक अथवा मैपिंग नहीं हो पाया है। ऐसे मतदाताओं से जन्म, निवास सहित अन्य निर्धारित दस्तावेज लेकर उनके विवरण का सत्यापन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों एवं बीएलओ को आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित समय सीमा में एसआईआर का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पात्र मतदाताओं का नाम किसी भी स्थिति में मतदाता सूची से नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मियों को मतदाताओं की समस्याओं का नियमानुसार समाधान करने और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया।






C M Y K

# डेढ़ माह से जला ट्रांसफार्मर, अंधेरे में आदिवासी टोला

**फॉरवर्ड ब्लॉक ने बिजली विभाग से तत्काल ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की, वसूली पर रोक लगाने की अपील**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सदर प्रखंड के पालमो पंचायत अंतर्गत आदिवासी टोला मंझलाडीह में पिछले करीब डेढ़ माह से बिजली ट्रांसफार्मर जला पड़ा है। ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण ग्रामीणों को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों की समस्या को लेकर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेश यादव ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और बिजली विभाग से अविलंब ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की। राजेश यादव ने कहा कि बिजली विभाग ऐसी व्यवस्था विकसित करे कि ग्रामीणों के एक फोन पर ही बिजली से जुड़ी समस्या का समाधान हो सके क ट्रांसफार्मर बदलने जैसे कार्यों के लिए



ग्रामीणों को विभागीय कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर किसी भी तरह की राशि की वसूली नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डेढ़ माह से ट्रांसफार्मर खराब है, लेकिन अब तक इसे नहीं बदला गया है। यदि जल्द ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो फॉरवर्ड ब्लॉक ग्रामीणों के साथ बिजली विभाग के कार्यालय में धरना देगा। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर यदि किसी तरह की राशि मांगी जाती है तो उसका विरोध करें। यादव ने आरोप लगाया कि ऐसे मामलों में विभाग के कुछ कर्मियों की मिलीभगत से वसूली किए जाने की शिकायतें अक्सर सामने आती हैं। उन्होंने बिजली विभाग से मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। मौके पर फॉरवर्ड ब्लॉक नेता संजय चौधरी, संतोष राय के अलावा मंगल कु हेम्ब्रम, लखन हेंब्रम, विनय हेंब्रम, सुभाष हेंब्रम, टिंकू हांसदा, विशाल हेंब्रम, करण हेंब्रम, शंकर हेंब्रम, छोटे हांसदा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## राजभवन घेराव की तैयारी में जुटी कांग्रेस, पार्टी कार्यालय में बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्र सरकार के एमएमडीआर संशोधन अधिनियम-2026 के विरोध में आगामी 7 सितंबर को कांग्रेस द्वारा राजभवन के समक्ष प्रस्तावित विशाल मार्च एवं धरना प्रदर्शन को लेकर गिरिडीह जिला कांग्रेस कमिटी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आंदोलन को सफल बनाने के लिए प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक लगातार बैठकें आयोजित कर रणनीति तैयार की जा रही है। इसी



क्रम में शनिवार को कांग्रेस पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष सतीश केडिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आगामी आंदोलन में अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी के अनुसार राजभवन के समक्ष आयोजित महाधरना एवं प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता, विधायक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी। यदि केंद्र सरकार संशोधन विधेयक को वापस नहीं लेती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा सड़क से लेकर सदन तक विरोध दर्ज कराया जाएगा। बैठक में राम मंदिर चंदा मामले को लेकर भी कांग्रेस नेताओं ने अपनी मांग रखी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिन लोगों पर मंदिर निर्माण के नाम पर चंदे में अनियमितता अथवा चोरी के आरोप हैं, उनकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक अनियमितता का मामला नहीं, बल्कि लोगों की आस्था से जुड़ा विषय है। बैठक से पूर्व शिक्षक दिवस के अवसर पर देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर अशोक कुमार विश्वकर्मा, मोहम्मद अली खान, विमल सिंह, मोहम्मद इम्तियाज, धनंजय गोस्वामी, महेंद्र प्रसाद सिंह, मोहम्मद निजामुद्दीन, मोतीलाल शास्त्री, मोहम्मद मुनीर, मोहम्मद निजाम अंसारी, बिलाल अहमद हुसैनी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद सरफराज अंसारी, सुलेमान अख्तर, कपिल देव राय, रोनित कुमार वर्मा, इतवारी वर्मा, रामदेव चौधरी, सुदामा राम, रणधीर कुमार चौधरी, मोहम्मद मंजूर अंसारी, दिलावर अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा उरीमारी मंडल की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन

**बड़कागांव/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल की मासिक बैठक शनिवार को स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर, खराटी में मंडल अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री भागीरथ ठाकुर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी तथा बूथ स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने समेत विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, अशोक साव, हीरालाल साव, बिनोद महतो, कुलेश्वर यादव, सुरेश प्रजापति, राजकुमार यादव, किशोर राणा, सच्चिदानंद पांडेय, कुंवर महतो, संतोष कुमार कुशवाहा, सुमन गिरी, सीकरी टुडू, चंदन गंझू, निर्मल साव समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 44 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण के बाद 140 नवआरक्षकों ने ली देशसेवा की शपथ

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** सीमा सुरक्षा बल के सहायक प्रशिक्षण केंद्र, मेरू कैंप के रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में शनिवार को दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। 44 सप्ताह के कठिन बुनियादी प्रशिक्षण के बाद 140 नव-प्रशिक्षित आरक्षकों ने देश सेवा की शपथ ली। परेड के दौरान जवानों ने कदम से कदम मिलाकर मार्च किया, जबकि भारत माता की जय के नारों से पूरा परिसर देशभक्ति के माहौल में नजर आया। प्रशिक्षण में केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक समेत देश के विभिन्न राज्यों से आए जवान शामिल हुए। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अब इन जवानों को सीमा सुरक्षा बल की विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए भेजा जाएगा। समारोह में बीएसएफ बैंड की धुन के साथ पारंपरिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रशिक्षण केंद्र के महानिरीक्षक धीरेंद्र संभाजी कुटे ने बताया कि 44 सप्ताह के दौरान नवआरक्षकों को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ हथियार संचालन, विभिन्न कानूनों, अंतरराष्ट्रीय कानून, मानवाधिकार तथा आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया।

### हुरहुरू में खाद्य सुरक्षा टीम की छापेमारी

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** उपायुक्त हेमंत सती एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शनिवार को शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों और ठेला संचालकों के यहां औचक निरीक्षण किया। कार्रवाई का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी हजारीबाग-01 मंजर हुसैन ने किया। टीम ने सबसे पहले हुरहुरू स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के समीप संचालित गुपचुप-चाट के ठेले की जांच की। यहां खाद्य सामग्री में औद्योगिक रंग के इस्तेमाल की पुष्टि होने पर संबंधित सामग्री को मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके बाद जे.सी. फोनेक्स, श्याम मार्ट, विकास चाउमिन और बोरा सिंह समोसा दुकान समेत अन्य प्रतिष्ठानों की भी जांच की गई। बोरा सिंह समोसा दुकान में अवमानक रसगुल्ले मिलने पर उन्हें भी मौके पर नष्ट कराया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य उत्पादों पर किए जा रहे भ्रामक दावों की भी जांच की गई। इनमें रेड बुल, स्टिंग, मॉन्स्टर, कैंपा एनर्जी ड्रिंक, किंडर जॉय, लाटे चोको पाई, पतंजलि मिल्क बिस्कुट, रेमन नूडल्स, सफोला टोटल हार्ट प्रो और बिसलेरी एडेड मिनरल वाटर समेत अन्य उत्पाद शामिल हैं। विभाग ने चेतावनी दी कि प्रतिबंधित, अवमानक या भ्रामक दावों वाले उत्पाद मिलने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी हजारीबाग-02 अम्ब्रीश पांडे, विकास शर्मा और सूरज कुमार शामिल थे।

### 108 फॉर्म-7 से मरहेड़ी में गरमाया माहौल, मतदाता के नाम हटाने के आरोपों पर सवाल

**चौपारण हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्रा) के बीच ताजपुर पंचायत के मरहेड़ी गांव में 108 फॉर्म-7 को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इन फॉर्मों के माध्यम से कुछ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने का प्रयास किया गया। मामले को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीण लडन खान ने आरोप लगाया कि आरएसएस से जुड़े पंकज वर्णवाल, लोहारपट्टी निवासी रवि कुमार और रिशु वर्णवाल द्वारा कुछ मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 भरवाने का प्रयास किया गया।

## इवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा, रखरखाव और निगरानी से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उपायुक्त ने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, विद्युत आपूर्ति, बीयू हॉल, जनरेटर रूम, अग्निशमन यंत्रों, कमरों की सीलिंग व्यवस्था और सुरक्षा बलों के लॉगबुक की जांच की। उन्होंने सभी उपकरणों को हमेशा



क्रियाशील रखने तथा निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को पूरी तरह सजग और सतर्क रहने को कहा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी पायल राज, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शिक्षकों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** धरियाडीह स्थित ओपन माइंड वर्ल्ड स्कूल में शुक्रवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर विद्यालय की प्राचार्य चंद्रमल्लिका घोष चौधुरी, मोहम्मद शहरयार एवं बरनाली पाल ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर की। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में भाव-नृत्य, मिमिक्री सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित शिक्षकों एवं अतिथियों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक हाजी रिजवान अहमद ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन हेड गर्ल अनाबिया अहमद एवं हेड बॉय फैजान ने किया। मौके पर प्राचार्य चंद्रमल्लिका घोष चौधुरी ने शिक्षक दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन देश के शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।

## श्री गोपाल गौशाला में जन्माष्टमी की धूम, भक्ति में झूमे श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह की उपनगरी पचम्बा स्थित श्री गोपाल गौशाला में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी को लेकर गौशाला समिति के सदस्य दो दिन पूर्व से ही तैयारियों में जुटे थे। शाम करीब सात बजे शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव तक चलता रहा। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों के बीच आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता से हुई। इसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इसके बाद विधि विधान से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा लिए अर्चना की



गई। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण से जुड़े भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर पूरे गौशाला परिसर को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप और उनकी बाल लीलाओं पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन रहे। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव के साथ ही गौशाला परिसर ह्यजय श्रीकृष्णह्न के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। गौशाला समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन्माष्टमी का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों एवं सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## लायंस क्लब गिरिडीह एलिट ने वरिष्ठ शिक्षकों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शिक्षक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट की ओर से किरण पब्लिक स्कूल के पांच वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं को शॉल एवं पौधे देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीजन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। माता पिता जन्म देते हैं, लेकिन शिक्षक बच्चों को एक अच्छा इंसान बनने और जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। डिस्ट्रिक्ट



चेयरपर्सन लायन राजेश कुमार गुप्ता ने अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज वे जिस मुकाम पर हैं, उसमें उनके शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं क्लब अध्यक्ष लायन राहुल वर्मन ने कहा कि जीवन में मिलने वाली सफलता के पीछे शिक्षकों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण होता है। शिक्षक ही विद्यार्थियों को संघर्षों का सामना करने और ईमानदारी के साथ जीवन जीने की सीख देते हैं। स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार सिंह ने लायंस क्लब द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किए जाने को सराहनीय पहल बताया। स्कूल के निदेशक राजीव कुमार सिंह ने भी क्लब के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की।

## रंग यात्रा में कलाकारों ने बिखेरा कला का जलवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** द रंग के बैनर तले आयोजित अखिल भारतीय नाट्य एवं नृत्य प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को शहर में भव्य रंग यात्रा निकाली गई। रंग यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे कलाकारों ने अपनी कला, संस्कृति और आकर्षक वेशभूषा के माध्यम से शहरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। रंग यात्रा का उद्घाटन रेड क्रॉस के चेयरमैन सह द रंग के मुख्य संरक्षक अरविंद कुमार ने फीता काटकर किया। सवेरा सिनेमा हॉल परिसर से शुरू हुई यात्रा मकतपुर, कालीबाड़ी, टावर चौक, मधुबन वेजिस, बरगंडा मोड़ एवं विश्वनाथ मंदिर होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। रंग यात्रा में उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, एहसास ग्रुप धनबाद, आह्वान ग्रुप



ओडिशा, ज्ञानोदय ओडिशा, कानपुर, शाहजहांपुर, अभिनायक रंग मंच दिल्ली, असम, मणिपुर, मुंबई, जाह्नवी संस्कृति मंच कोलकाता, हरियाणा, बिहार समेत विभिन्न राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। कलाकारों ने अलग-अलग पारंपरिक वेशभूषा में अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए लोगों को खूब आकर्षित किया। रास्ते भर कलाकारों की प्रस्तुतियों और रंग-बिरंगी वेशभूषा से शहर का माहौल सांस्कृतिक रंग में रंगा नजर आया। कलाकारों के स्वागत एवं सम्मान के लिए शहर में जगह-जगह शीतल पेय, जूस, बिस्किट एवं फलों की व्यवस्था की गई थी। स्थानीय लोगों ने भी कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। बेहतर वेशभूषा और अभिनय के आधार पर आजमगढ़ की टीम को प्रथम, एहसास ग्रुप धनबाद को द्वितीय तथा ज्ञानोदय ओडिशा की टीम को तृतीय स्थान प्रदान किया गया।

## शिक्षक राष्ट्र निर्माण के मजबूत स्तंभ : डॉ. अजीत कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** केएन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक, दार्शनिक और देश के दूसरे राष्ट्रपति थे। उनका पूरा जीवन शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहा। शिक्षक केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व और भविष्य को दिशा देने का कार्य भी करते हैं। समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। समारोह के दौरान प्रशिक्षणार्थियों



ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। ज्ञान प्रकाश, अभिषेक, गौतम, सतीश, सार्थक सहित अन्य प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का खूब मनोरंजन किया और समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में प्रो. मुकेश सुमन, डॉ. शंकर सिंह, प्रो. बिनोद कुमार सुमन, प्रो. नूतन शर्मा, प्रो. सिंदबाद अंसारी, प्रो. अमीषा सिंह एवं राजेश कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं प्रशिक्षणार्थियों में अंजली आनंद, आशा कुमारी, रोशनी, ऋषभ कुमार, ललिता सोरेन, नीतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण प्रो. नूतन शर्मा ने दिया, जबकि मंच संचालन अभिषेक कुमार ने किया। समारोह के दौरान शिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## एआईएसएमडब्लूए की बैठक में संगठन की मजबूती पर मंथन

**पत्रकारों को संगठन से जोड़ने, नियमित बैठक और संगठन के कोष को मजबूत करने पर बनी सहमति**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम वर्किंग जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (एआईएसएमडब्लूए) की गिरिडीह जिला समिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष संजय कुमार लाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी राज्यस्तरीय सम्मेलन की तैयारियों सहित संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों, सम्मेलन की तैयारियों तथा जिले के पत्रकारों को संगठन से जोड़ने को लेकर पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे। सभी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा पत्रकारों की एकजुटता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस दौरान जिला प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



तेजेन्द्र सिंह डिम्पल, कोषाध्यक्ष संजय ठठेरा, मिथुन तिवारी, सुमित कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। वहीं प्रदेश कानूनी सलाहकार सुभाष कटरियार की मौजूदगी में पत्रकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में संगठन के आर्थिक पक्ष को मजबूत करने को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सदस्यों ने प्रत्येक माह 100 रुपये संगठन के कोषाध्यक्ष के पास जमा करने पर सहमति जताई। साथ ही संगठन की गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के लिए समय-समय पर बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि पत्रकारों के हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए एक मजबूत और एकजुट संगठन जरूरी है। इसके लिए जिले के अधिक से अधिक पत्रकारों को एआईएसएमडब्लूए से जोड़ने तथा संगठन का विस्तार करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष संजय कुमार लाल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आगामी राज्यस्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मिलकर कार्य करेंगे। संगठन पत्रकारों की समस्याओं और हितों को प्राथमिकता के साथ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने संगठन की मजबूती, पत्रकारों की एकजुटता और संगठनात्मक गतिविधियों को और गति देने का संकल्प लिया।

# जीजीएसइएस टेक्निकल कैंपस में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी के टेक्निकल कैंपस, कांड्रा, चास में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मारुति कैंपस, सेक्टर-4 की ओर से केक काटकर एवं शिक्षकों के सम्मान के साथ हुई। इसके बाद बीबीए, बीसीए, एमबीए एवं डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विद्यार्थियों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह में बी.टेक, एमबीए, बीबीए, बीसीए एवं डिप्लोमा के डीन, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी, कोऑर्डिनेटर, फैकल्टी सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार ने कार्यक्रम में सहभागिता की। संस्था के अध्यक्ष तरसेम सिंह एवं सचिव एस. पी. सिंह ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। रोटरी क्लब, बोकारो चैप्टर की ओर से उत्कृष्ट शिक्षण एवं समर्पण के लिए बीबीए विभाग की सहायक प्रोफेसर प्रो. शहनाज फरहीन एवं बीसीए विभाग के सहायक प्रोफेसर प्रो. अमित पॉल को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निदेशक एवं जीजीइएस प्रबंधन ने दोनों शिक्षकों को बधाई दी।






# पलामू एसपी ने की क्राइम रिव्यू मीटिंग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पुलिस सीनियर सिटीजन और महिलाओं की शिकायत को प्राथमिकता देगी। महिला और सीनियर सिटीजन शिकायतकर्ता के लिए विशेष इंतजाम भी किया जाएगा। इस संबंध में पलामू के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश भी दिया गया है। पलामू एसपी कपिल चौधरी ने शनिवार को अपराध की समीक्षा बैठक की। देर शाम तक चली बैठक में सीनियर सिटीजन और महिलाओं की शिकायत के समाधान को लेकर कई बिंदुओं पर निर्देश दिया। सीनियर सिटीजन और महिलाओं की शिकायत को लेकर थानों में स्पेशल रजिस्टर भी रखा जाएगा।

अपराध की समीक्षा बैठक में एसपी कपिल चौधरी ने ऑपरेशन प्रहार जो नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाया जा रहा है उसमें बेहतर काम करने वाले अधिकारियों के सम्मानित किया। इस अभियान की सफलता को देखते हुए, हुसैनाबाद के स्टेशन हाउस ऑफिसर चंदन कुमार, सतबरवा के एसएचओ प्रदीप कुमार, नौडीहा बाजार के एसएचओ नीरज कुमार, सब-इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह, एएसआई राजेश बैठा और कॉन्स्टेबल मनोज कुमार सिंह व अमित कुमार यादव को सम्मानित किया गया।

**स्टेशन लेवल पर पुलिस बीट को फिर से व्यवस्थित किया गया**

अपराध की समीक्षा बैठक के दौरान थाना स्तर पर बीट का विभाजन किया गया और पुलिस अधिकारियों को कई निर्देश दिए गए। अलग-अलग बीट में अधिकारियों की तैनाती की जानकारी

## एक नजर

### शिक्षक की भूमिका अब मार्गदर्शक, मेंटर, रिसर्चर व नवाचारी की



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर दाउदनगर महाविद्यालय में प्रधानाचार्य प्रो.डॉ. एमएस इस्लाम के निर्देश में शिक्षक दिवस की प्रासंगिकता एवं उच्च शिक्षा में चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में शिक्षक की भूमिका, उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, कौशल विकास, शोध एवं नवाचार तथा तकनीकी बदलावों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का आरंभ डॉ. सर्वपल्लीराधा कृष्णन के तैल्यचित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। रसायन शास्त्र के शिक्षक डॉ. सुमन शेखर ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सोचने, समझने और भविष्य निर्माण की दिशा तय करने वाला मार्गदर्शक है। वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका ज्ञान प्रदान करने से आगे बढ़कर मार्गदर्शक, मेंटर, रिसर्चर और नवाचारी की हो गई है। विद्यार्थी निर्मल कुमार एवं गुड़िया कुमारी ने भी अपने विचारों को साझा किया। अध्यक्षीय भाषण देते हुए एन.एस.एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश ने कहा कि सूचना एवं तकनीक के युग में सभी शिक्षकों को भी तकनीकी रुप से दक्ष होना होगा तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु समय के साथ शिक्षकों को अपने ज्ञान एवं शिक्षण तकनीक को नवीकृत एवं अद्यतन करते रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी शिक्षकों के मार्गदर्शन में ए.आई. जैसे तकनीकों का उपयोग अवश्य करें लेकिन क्लासरूम शिक्षण के महत्व को समझते हुए कक्षाओं अपनी सुनिश्चित करना अनिवार्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापन देते हुए आई.क्यू.ए.सी. के समन्वयक डॉ. सुमित कुमार मिश्र ने कहा कि शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों के सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और शिक्षक की जिम्मेदारियों पर आत्ममंथन का भी दिन है। संचालन उर्दू के डॉ. मो. हुजैफा ने किया।

# जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म मंच ने मुख्यमंत्री से की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य में जेपीएससी और जेपीएससी की विभिन्न परीक्षाओं में कथित अनियमितता, पेपर लीक, ओएमआर लीक, लेन-देन और सेटिंग के आरोपों को लेकर आंदोलन करने वाले छात्रों पर दर्ज प्राथमिकी वापस लेने की मांग उठी है।

इस संबंध में जेपीएससी/जेएसएससी रिफार्म मैन्च की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपकर छात्रों पर दर्ज मामलों को तत्काल रद्द करने और आंदोलन के दौरान छात्रों के साथ कथित मारपीट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

मुख्यमंत्री सचिवालय में आज 5 सितंबर को दिए गए ज्ञापन में मंच की ओर से कहा गया है कि जेपीएससी/जेएसएससी की विभिन्न परीक्षाओं में कथित बड़े पैमाने पर धांधली के विरोध में छात्रों ने करीब 26 दिनों तक लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन किया था। आंदोलन के दौरान और उसके बाद छात्रों की आवाज को दबाने के लिए झारखंड के अलग-अलग थानों में एफआईआर दर्ज की गई।

ज्ञापन में कहा गया है कि छात्रों का आंदोलन पेपर लीक, ओएमआर लीक, परीक्षा में लेन-देन और सेटिंग जैसे आरोपों के विरोध में था। मंच का दावा है कि आंदोलन के दौरान छात्रों की मांगों को लेकर सरकार और संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया था।

**रिफार्म मंच ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी दिया हवाला**

रिफार्म मंच ने अपने ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि देश के विभिन्न राज्यों में छात्र आंदोलनों के दौरान दर्ज एफआईआर को तत्काल रद्द करने का आदेश दिया गया है। इसके बावजूद झारखंड में छात्रों के खिलाफ दर्ज मामलों को अब तक रद्द नहीं किए जाने पर मंच ने सवाल उठाया है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करते हुए छात्रों पर दर्ज एफआइआर को तत्काल वापस लेने की मांग की गई है। सीएम को दिए गए ज्ञापन में आंदोलन के दौरान छात्रों के साथ कथित मारपीट का मुद्दा भी उठाया गया है। मंच ने आरोप लगाया है कि कुछ पुलिसकर्मियों और जेएमएम कार्यकर्ताओं द्वारा छात्रों को दौड़ाकर मारने-पीटने की घटना हुई। ऐसे लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है।

# रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह से पहले विवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य का सबसे बड़ा और ख्याति प्राप्त मेडिकल संस्थान राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान ऑटोनॉमस होने के बावजूद शैक्षणिक रूप से रांची विश्वविद्यालयसे संबद्ध है। ऐसे में रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में ही रिम्स के सभी मेधावी गोल्ड मेडलिस्टों को उपाधि प्रदान की जाती रही है। लेकिन इस बार 09 सितंबर को प्रस्तावित रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में रिम्स, रांची के स्नातकोत्तर के सिर्फ 02 छात्रों को ही उपाधि और गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा।

इस मुद्दे को उठाते हुए रिम्स के पीजी परीक्षा पास करने वाले मेधावी छात्रों ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह के लिए जारी गोल्ड मेडलिस्ट्स की सूची में पात्र छात्रों के नाम शामिल नहीं किए गए हैं। इस संबंध में रिम्स के पोस्ट-ग्रेजुएट रेजिडेंट्स ने अपने डीन एकेडेमिक्स के माध्यम से रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र भेजकर सूची में आवश्यक संशोधन करने का अनुरोध किया है।

**पत्र के साथ गोल्ड मेडलिस्ट की सूची संलग्न की गई**

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि रांची विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह के लिए जारी गोल्ड मेडलिस्ट की सूची में रिम्स रांची के एमडी/एमएस बैच 2021-2024 और 2022-2025 के पात्र गोल्ड मेडलिस्टों के नाम शामिल नहीं हैं। छात्रों ने दोनों बैचों के सभी पात्र गोल्ड मेडलिस्ट के नाम संशोधित सूची में शामिल करने की भी मांग की है। छात्रों का कहना है कि इससे सभी योग्य स्नातकोत्तर छात्रों को दीक्षांत समारोह के दौरान उचित पहचान और सम्मान मिल सकेगा। पत्र के साथ रिम्स की ओर से विभागवार गोल्ड मेडलिस्ट की सूची भी संलग्न की गई है।

**गोल्ड मेडलिस्ट की सूची विश्वविद्यालय को भेजी**

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान, रांची ने रांची विश्वविद्यालय को एमडी/एमएस के 2021-2024 और 2022-2025 बैच के पात्र गोल्ड मेडलिस्ट के नाम की सूची भेजकर दीक्षांत समारोह में इन सभी गोल्ड मेडलिस्टों को उपाधि और गोल्ड मेडल प्रदान करने की मांग की है, जबकि इस बार दोनों बैच से ओवर ऑल एक-एक गोल्ड मेडलिस्ट को उपाधि दिए जाने का शिड्यूल तैयार किया गया है।

## जन्माष्टमी महोत्सव में गूंजे श्रीकृष्ण के जयकारे, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समां

**इस्लामपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर श्रीकृष्ण चेतना सेवा समिति के तत्वावधान में इसलामपुर के बुढ़ानगर स्थित सूर्य मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मनेर विधायक भाई वीरेंद्र, जहानाबाद विधायक राहुल शर्मा एवं इसलामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन ने संयुक्त रूप से किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीला अपरंपार है। धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव मजबूत होता है। मौके पर रिंकू देवी, श्रीनिवास शर्मा, अनिल प्रसाद, मंजू रौशन, उपेंद्र यादव, राजनंदन यादव उर्फ बब्लू, रंजीत यादव, उमेश पासवान, मिथलेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सं. ईपीसी–03–सीएओ–सी–ईआर–2026 : एकल चरण में खुली ईपीसी ई–निविदा–दो पैकेट प्रणाली के संबंध में** शुद्धिपत्र सं. 2, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्व रेलवे, 14, स्ट्रैंड रोड, न्यू कोयलाघाट बिल्डिंग, कोलकाता–700001 द्वारा पूर्व प्रकाशित उक्त निविदा, **कार्य का नाम:** ईपीसी मोड पर रानाघाट जंक्शन (छोड़कर) और कृष्णनगर जंक्शन (छोड़कर) के बीच किमी 75.210 (सियालदह से) से किमी 97.585 (सियालदह से) तक तीसरी लाइन बीजी ट्रैक का निष्पादन जिसमें विद्युतीकरण और सिग्नलिंग कार्य शामिल है, **उक्त निविदा की अंतिम तिथि 22.09.2026 को 11.00 बजे से आगे बढ़ाकर 07.10.2026 को 11.00 बजे कर दी गई है।** उक्त निविदा सूचना के सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

CON-35/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से राजद नेता ने की मुलाकात

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा से राजद नेता रामबाबू सिंह ने मुलाकात कर बड़हरा विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ और गंगा के कटाव से प्रभावित जनता की भारी क्षति एवं गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। बाढ़ के कारण कई परिवारों का घर-बार और जीवन-यापन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शिक्षक दिवस पर अनुमण्डल मुख्यालय स्थित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक व शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। चावल बाजार स्थित विवेकानंद चाइल्ड गाइडेंस सेंटर में उद्घाटन संस्थापक निदेशक डॉ. शम्भू शरण सिंह, वरिष्ठ लेखक व पत्रकार उपेंद्र कश्यप, मुन्ना अजीज, डिप्टी डायरेक्टर अद्यन्त वत्स व डिप्टी डायरेक्टर सह काउंसलर अद्या वत्स, अवधेश पांडेय ने किया। प्राचार्य एसके श्रीवास्तव, शिक्षिका श्रुति पांडेय व अन्य ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। डॉ. सिंह ने शिक्षा, शिक्षक व शिक्षण संस्थान की भूमिका पर अपनी बात रखी। नवज्योति शिक्षा निकेतन में बीडीओ मो.जफर इमाम, निदेशक नीरज गुप्ता, सचिव सोनम गुप्ता, देवदत्त पाठक, आलोक टंडन ने कार्यक्रम को संबोधित किया।





संचालन छात्रा स्वर्णा गुप्ता, छोटी कुमारी व अनूपा कुमारी तथा दीपक कुमार ने किया। मौलाबाग स्थित आर्यभट्ट स्टडी इंस्टीट्यूट में डॉ. संजय सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, कांग्रेस प्रखंड प्रवक्ता युवराज पाण्डेय, आर.पी. सिंह, संजय सिन्हा, संजय कुमार सिंह, कमाल खान,अवकाश प्राप्त शिक्षक उमा शर्मा, मृत्युंजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, उपस्थित रहे। भखरुआं स्थित लिटिल एंजल्स इंटरनेशनल स्कूल में निदेशक डॉ. विकास कुमार एवं मोहन शास्त्री के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। बैजनाथ सिंह पूर्व प्रधानाध्यापक, डॉ. गौरी शंकर पूर्व प्रधानाध्यापक, शशि भूषण सिंह मुखिया तरार, पीएचसी प्रभारी डॉ. अनमोल कुमार, डॉ. मधुमिता शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह उपस्थित रहे। एसएस ग्लोबल पब्लिक स्कूल में शम्भू शरण सिंह व ई.मनीष कुमार की देखरेख में कार्यक्रम हुआ। सूर्यदयाल सिंह, संजय कुमार, इमानुल हक, चंद्रशेखर कुमार उपस्थित रहे। सभी शिक्षण संस्थानों में वहां कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अतिथियों को सम्मानित किया गया। चुनिंदा अतिथियों को संबोधन का अवसर मिला। प्रायः वक्ताओं ने सर्वपल्ली राधा कृष्णन के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं. 1, ई–निविदा सं. : 206_2026-27, दिनांक 03.09.2026, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में टीटीआर–22 सेट निम्न स्थानों पर : दाँईहाट–अप–56ए, 55बी, 52बी, 51ए, दाँईहाट–डाउन– 56बी, 54बी, 53बी, 51बी, कटवा–अप–50बी, 52ए, 54बी, 72बी, 73ए, 75ए, कटवा–डाउन–50ए, 51बी, 52बी, 71बी, 72ए, 75बी, कटवा–एसएल– 74ए, 73बी। बैण्डेल से कटवा डाइन तक टीबीआर कार्य– 86.792 – 87.108 = 0.316 किमी, 87.476 – 87.575 = 0.099 किमी; अप 0 – 0.92 =0.92 किमी, 0.968–1=0.032 किमी, 34.77–34.82=0.05 किमी, 35.53–35.6 = 0.07 किमी, 50.34–51.146=0.806 किमी, 51.162– 51.266=0.104 किमी, 51.369–51.580 =0.211 किमी, 54.714–54.835=0.121 किमी, 57.9–58.145 =0.245 किमी, 59.795 –59.96 = 0.165 किमी, 62.535–62.625=0.09 किमी, 64.704–64.928 = 0.224 किमी, 64.96 –65.7=0.740 किमी, 66.036–66.334=0.298 किमी, 66.397–69.44=3.043 किमी, 69.795–69.905= 0.11 किमी, 70.43–70.83 = 0.4 किमी, 72.09–72.15 =0.06 किमी, 72.29–72.34 = 0.05 किमी, 75.825–76.1=0.275 किमी, 78.881–79.25=0.369 किमी, 80.27–80.36=0.09 किमी, 81.76–82.08 = 0.32 किमी, 86.48–87.51=1.03 किमी; **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,07,37,974.20, **बयाना राशि:** रु. 2,14,800/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं. : 207_2026-27, दिनांक 03.09.2026, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में सागरदिघी (एसडीआई) में कॉमन लूप के अवशिष्ट कार्य को पूरा करना; **अनुमानित मूल्य :** रु. 75,21,482.16, **बयाना राशि:** रु. 1,50,400/– **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 08 (आठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 25.09.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-319/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं. एएसएन–एडीवीटी–17–10 दिनांक : 02.09.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है:

**कैटलॉग संख्या : एएसएन–एडीवीटी–17–10**

**नीलामी शुरू होने की तिथि और समय: 17.09.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं., लॉट सं. एवं विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एडीवीटी–ईएफएफ–130876–26–3** (विज्ञापन–ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 12384/83 (आसनसोल–सियालदह इंटरसिटी एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) का इस्तेमाल करते हुए ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए 03 वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **एए/2, एडीवीटी–ईएफएफ–237528–1–26–1** (विज्ञापन–ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 12361/62 (आसनसोल–मुंबई सीएसएमटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/3, एडीवीटी–ईएफएफ–239709–1–26–1** (विज्ञापन–ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 22306–05 (जसीडीह–बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/4, एडीवीटी–ईएफएफ–131111–1–26–1** (विज्ञापन–ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 13507–13508 (आसनसोल–गोरखपुर एक्सप्रेस)/13509–13510 (आसनसोल –गोंडा एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/5, एडीवीटी–ईएफएफ–131112–2–26–1** (विज्ञापन–ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 12375/12376 (जसीडीह–तांबरम एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/6, एडीवीटी–ईएफएफ–131107–26–2** (विज्ञापन–ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), ट्रेन नं. 22330/29 (आसनसोल–हल्दिया एक्सप्रेस) और 13506/05 (आसनसोल–दीघा एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) का इस्तेमाल करते हुए ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए 03 वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **एबी/1, एडीवीटी–एएसएन–एएसएन–ओएच–188–26–1**(विज्ञापन–आउट ऑफ होम), आसनसोल रेलवे स्टेशन रोड की तरफ 13 नं. मोड़ से सड़क की बायीं ओर स्केच प्लान के अनुसार 20 फीट X10 फीट माप के तीन होर्डिंग के प्रदर्शन के लिए अनुबंध। तीन वर्ष की अवधि के लिए कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट। मीडिया: नॉन–डिजिटल/होर्डिंग फ्रंट लिट/बैक लिट। **एसी/1, एडीवीटी–एएसएन–पीएडब्ल्यू–ओएसएन–128–24–1** (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), पाण्डवेश्वर स्टेशन के अंदर प्लेटफॉर्म और शेड के नीचे वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए तीन वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना (कुल क्षेत्रफल=480 वर्ग फुट)। **एसी/2, एडीवीटी–एएसएन–बीडीएमई–ओएसएन–170–25–1** (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), व्यवहार्य स्थान पर नॉन–लिट मीडिया के रूप में बैद्यनाथ धाम स्टेशन के अंदर 500 वर्ग फुट क्षेत्र के व्यावसायिक विज्ञापन के लिए अनुबंध प्रदान करना, जिसे सफल बोली के बाद रेलवे द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। **एसी/3, एडीवीटी–एएसएन–डीयूएमके–ओएसएन–173–25–1** (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), दुमका स्टेशन के स्टेशन और प्लेटफॉर्म क्षेत्र के अंदर नॉन–लिट मीडिया के रूप में व्यावसायिक विज्ञापन के लिए 300 वर्ग फुट का क्षेत्रफल। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी के लिए संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-246/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शिक्षक दिवस पर चरकावां निचली डीह में गूंजा सांस्कृतिक रंग, विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** चरकावां निचली डीह के साइंटिस्ट इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद कुमार सिंह समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित एवं केक काटकर किया। यह आयोजन महान शिक्षाविद् एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, विनय कुमार सिंह एवं विद्यालय के प्रिंसिपल अमित कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद कुमार सिंह का अंगवस्त्र, माला एवं गुलदस्ता भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के सबसे मजबूत स्तंभ होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि बच्चों को अनुशासन, संस्कार, सभ्यता और जीवन में आगे बढ़ने की सीख भी देते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सफल व्यक्ति के जीवन में शिक्षक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। विधायक ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने औरंगाबाद जिले, बिहार एवं पूरे देश के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। विधायक ने छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विकास यादव, अशोक मेहता, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, शिक्षक अभिषेक कुमार, संजीत कुमार, राहुल कुमार, नवजीत कुमार, शिक्षिका कुसुम कुमारी कुमकुम कुमारी, कोमल कुमारी, खुशबू कुमारी, सपना कुमारी सहित अन्य शिक्षक, अभिभावक एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।



## अधिक मूल्य पर खाद बेचने का आरोप, दुकानदार से मांगा गया स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** शहर के सरकारी अस्पताल पथ, थाना के समीप स्थित गणेश ट्रेडर्स पर निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर खाद बेचने का आरोप लगा है। कासमा थाना क्षेत्र के धमनी गांव निवासी किसान लुटन सिंह ने इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी से शिकायत की है। किसान ने आवेदन में बताया कि 1 सितंबर 2026 को उन्होंने दुकान से यूरिया की सात बोरी और एनपीके 10:26:26 की छह बोरी खाद खरीदी। आरोप है कि दुकानदार ने यूरिया के लिए 330 प्रति बोरी और एनपीके के लिए 2,100 प्रति बोरी की मांग की, जो निर्धारित मूल्य से अधिक है। किसान ने भुगतान फोन के माध्यम से करने के बाद कृषि विभाग में शिकायत दर्ज कराई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी ने बताया कि मामले में संबंधित दुकानदार को स्पष्टीकरण जारी किया गया है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# करंट से दंपत्ति की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के मसौढ़ी प्रखंड अंतर्गत भगवानगंज थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में शुक्रवार को दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नरेंद्र कुमार (37 वर्ष) और उनकी पत्नी रुबी देवी (33 वर्ष) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों पति-पत्नी फूल की खेती करते थे। शुक्रवार को दोनों खेत में पटवन के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक बिजली के करंट की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए।

घटना की सूचना मिलते ही भगवानगंज थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। पुलिस की ओर से घटना के कारणों और बिजली का करंट लगने की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक, इस परिवार पर इससे पहले भी दुखों का पहाड़ टूट चुका है। करीब दो वर्ष पहले नरेंद्र कुमार और रुबी देवी के 14 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार की भगवानगंज क्षेत्र के मोरहर नदी स्थित डैम में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि बेटे की मौत के दो वर्ष बीत जाने के बावजूद परिवार को मिलने वाली मुआवजा राशि अब तक नहीं मिल पाई है। हालांकि, मुआवजा नहीं मिलने के आरोप की आधिकारिक पुष्टि संबंधित विभाग से नहीं हो सकी है।

अब नरेंद्र कुमार और रुबी देवी दोनों की मौत के बाद परिवार में उनके छोटे बच्चे अकेले रह गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक दंपती के बच्चों की उम्र करीब 12 और 14 वर्ष है। ऐसे में बच्चों की परवरिश और भविष्य को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले बेटे की मौत के बाद मुआवजा नहीं मिलने का मामला लंबित बताया जा रहा है और अब पति-पत्नी दोनों की मौत के बाद परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीण प्रशासन और सरकार से मांग कर रहे हैं कि पीड़ित परिवार को नियमानुसार जल्द से जल्द सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराया जाए तथा बच्चों की पढ़ाई और भविष्य को लेकर भी उचित मदद की जाए।

## पत्नी की पीट-पीटकर हत्या

**आरा।** जिले के तीयर थाना क्षेत्र के तीयर गांव में महज दो सौ रुपये के विवाद को लेकर पति ने अपनी पत्नी की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पति संतोष राम को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतका की पहचान तीयर थाना क्षेत्र के तीयर गांव के वार्ड नंबर-7 निवासी संतोष राम की 29 वर्षीय पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। मृतका के ससुर रामाधार राम ने बताया कि गुरुवार की रात वह पलदारी कर घर लौटे थे। उन्होंने अपनी पत्नी को 30 रुपये दिए थे। इसी दौरान रुपये को लेकर परिवार में कहासुनी हुई, हालांकि बाद में मामला शांत हो गया था। इसके बाद संतोष राम बिना खाना खाए छत पर सो गया, जबकि उसकी पत्नी सोनी देवी नीचे कमरे में सो गई। शुक्रवार की सुबह उठने के बाद संतोष राम ने आरोप लगाया कि उसकी जेब से दो सौ रुपये निकाल लिए गए हैं।

# नदी पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं बच्चे

## 13 विद्यालयों के करीब 629 बच्चे प्रभावित, कभी भी हो सकती है अनहोनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले के उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड में बारिश के मौसम में ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पुल-पुलिया और पक्के संपर्क मार्ग के अभाव में स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर नदी पार कर स्कूल जाना पड़ रहा है। लगातार बारिश के कारण कई नदियों और छोटे नालों का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे गांवों से स्कूल तक पहुंचने वाले रास्ते खतरनाक हो गए हैं।

कुंदा प्रखंड के 13 विद्यालयों के करीब 629 बच्चे इस समस्या से प्रभावित हैं। उल्लवार, ककनातू, टटेज और रेंगनियातरी समेत कई गांवों के बच्चों को नदी पार कर स्कूल जाना पड़ता है। जलस्तर बढ़ने पर कई बार बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। वहीं, तेज बहाव के बावजूद कुछ बच्चे एक-दूसरे का हाथ पकड़कर नदी पार करते हैं। बस्ता पीठ पर और जूते हाथ में लेकर बच्चों को पानी से गुजरना पड़ता है।

बच्चों का कहना है कि नदी का पानी बढ़ने पर उन्हें डर लगता है। अभिभावक भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। कई बार परिजन खुद बच्चों को गोद या कंधे पर बैठाकर नदी पार कराते हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक, सिंदरी, द्वारपार, हथवार और कुंदा नदियों पर पुल नहीं होने से बरसात में समस्या और गंभीर हो जाती है।

इसका असर केवल विद्यार्थियों पर ही नहीं, बल्कि मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर भी पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, हाल ही में एक प्रसूता महिला समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सकी। बारिश के दौरान स्कूलों में मध्याह्न भोजन का राशन और जरूरी सामान पहुंचाना भी मुश्किल हो जाता है।

# नदियों ने लांघी सीमाएं, लोग हुए भयभीत

## अलर्ट मोड में प्रशासन





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/भागलपुर।** नदी की धार जब सीमा लांघती है तो खेत-खलिहान के साथ लोगों की पुरानी यादें भी डूबकर बाहर आ जाती हैं। सारण में इन दिनों गंगा, सरयू और गंडक के बढ़ते जलस्तर ने बाढ़ की चिंता बढ़ा दी है। तटीय और दियारा क्षेत्रों में पानी बढ़ने के साथ लोगों की सांसें भी थमने लगी हैं। सबसे ज्यादा खौफ उस याद का है, जिसे डोरीगंज के लोग आज भी नहीं भूल पाए हैं। गंगा की लहरें डोरीगंज की ओर बढ़ती हैं तो लोगों की आंखों के सामने 2016 का मंजर तैरने लगता है। उस समय सोन के उफान ने सारण के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया था।

इसके बाद भी 2021 और 2024 में बाढ़ ने बड़े पैमाने पर गांवों को प्रभावित किया। ऐसे में इस बार तीन नदियों के एक साथ चढ़ने से पुराना डर फिर लौट आया है।

2016 में गंगा के जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि के साथ सोन में इंद्रपुरी बराज से करीब 12 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। इसका व्यापक असर सारण पर पड़ा था। सदर, गड़खा, रिविलगंज, दिघवारा, दरियापुर और सोनपुर प्रखंड तक बाढ़ का प्रभाव पहुंचा था। **भागलपुर से संवाददाता के अनुसार** खतरे के निशान से ऊपर बह रही गंगा के रौद्र रूप और लगातार हो रही बारिश का सीधा असर अब तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) की शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्था पर भी पड़ने लगा है। नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया है।

बाढ़ के पानी के कारण शनिवार को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के बहुचर्चित 'छात्र दरबार' की जगह तक बदलनी पड़ गई। पूर्व निर्धारित व्यवस्था के तहत छात्र दरबार का आयोजन सीनेट हॉल में होना तय था, लेकिन सीनेट हॉल के भीतर पानी भर जाने के कारण आनन-फानन में इसे छात्र सेवा केंद्र में स्थानांतरित किया गया। हालांकि, स्थान परिवर्तन के बावजूद तय समय पर छात्रों की शिकायतें और समस्याएं सुनी गईं।

प्रशासनिक भवन के चारों ओर पानी का घेरा बनने से अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और दूर-दराज से अपने काम के सिलसिले में आने वाले छात्र-छात्राओं की आवाजाही पूरी तरह जोखिम भरी हो गई है। कर्मचारियों को गंदे पानी से होकर दफ्तरों तक पहुंचना पड़ रहा है।

विवि से सटी लालबाग स्थित प्रोफेसर कॉलोनी में हालात बेहद चिंताजनक हो चुके हैं। कॉलोनी के कई सरकारी क्वार्टरों के ग्राउंड फ्लोर में बाढ़ का पानी घुस चुका है। घरों के भीतर पानी भर जाने से कई प्राध्यापक अपने परिवारों को लेकर सुरक्षित ठिकानों की तलाश में भटक रहे हैं।

## पंचायतों में बढ़ी हलचल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार की ओर से पंचायतों के परिसीमन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही करायपरसुराय प्रखंड में पंचायत एवं निर्वाचन क्षेत्रों के नए सिरे से निर्धारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर पंचायतों की सीमाओं और निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण किया जाना है। परिसीमन पूरा होने के बाद मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंच और वार्ड सदस्य के निर्वाचन क्षेत्रों में बदलाव की संभावना है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदकिशोर कुमार की देखरेख में परिसीमन का कार्य चल रहा है। प्रक्रिया शुरू होते ही गांव-देहात में चुनावी चर्चाएं तेज हो गई हैं। ग्रामीण चौक-चौराहों और चाय-नाश्ते की दुकानों पर संभावित पंचायतों और गांवों के नए समीकरण को लेकर चर्चा कर रहे हैं। वहीं, चुनाव की तैयारी में जुटे संभावित प्रत्याशियों की नजर परिसीमन से होने वाले हर बदलाव पर टिकी है। ग्रामीण आबादी, गांवों की स्थिति और संभावित सीमाओं का अपने स्तर पर आकलन कर रहे हैं।

## शराब धंधेबाज ने चौकीदार पर किया हमला, भर्ती

**मुजफ्फरपुर।** जिले में शराब धंधेबाज ने पुलिसकर्मी पर फिर से हमला कर दिया। इस बार लोहे की रॉड से मारकर पुलिसकर्मी के पैर की हड्डी तोड़ दी। शराब धंधेबाज ने चौकीदार का पैर तोड़ दिया है, जिसके बाद पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गंभीर रूप से घायल चौकीदार को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरा मामला जिले के औराई थाना क्षेत्र के सरहंचिया गांव का है, जहां धारा 41 के तहत पुलिस जमानती वारंट में आरोपी की जानकारी के लिए गई थी।

इसी बीच स्थानीय लोगों ने बताया कि सुभाष बैठा गाड़ी से शराब की डिलीवरी कर रहा है और उसकी डिक्की में शराब भरी हुई है। पुलिस ने उसे रोक दिया। बाइक पर दो लोग सवार थे। रोकने के साथ ही डिक्की में शराब देखकर वह भागने लगा और एक गैराज से लोहे की रॉड लेकर भागने लगा। इसी बीच चौकीदार मोहम्मद जैनुल ने उसे पकड़ने की कोशिश की, जिससे उसके पैर पर रॉड लग गई और उसके दाहिने पैर की एड़ी की हड्डी टूट गई। इस घटना को अंजाम देने के बाद शराब धंधेबाज अपने साथी के साथ मौके से भागने में सफल रहा। वहीं, घायल चौकीदार को डायल-112 की टीम द्वारा एसकेएमसीएच ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए पटना ले जाया गया। वहां उसका इलाज चल रहा है।

## प्रसूता की मौत, हंगामा



**मधुबनी।** जिले के झंझारपुर थाना क्षेत्र के मोहना स्थित कथित अपेक्स अस्पताल में प्रसूता की मौत के बाद भारी हंगामा मचा हुआ है। ऑपरेशन के बाद महिला की मौत से भड़के परिजनों और ग्रामीणों ने दो बार एनएच-27 को जाम कर दिया। इस दौरान अस्पताल में जमकर तोड़फोड़, पथराव और कारपेंटर की पिटाई की गई, जिसके बाद अस्पताल का पूरा स्टाफ फरार हो गया। मृतका की पहचान मोहना गांव निवासी ललन सदाय की पत्नी गुड़िया देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, बुधवार को गुड़िया देवी का ऑपरेशन किया गया था और बच्चा भी हुआ, लेकिन आरोप है कि गलत ऑपरेशन के कारण उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। गंभीर स्थिति को देखते हुए गुरुवार को उसे दरभंगा के अस्पताल में रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## कॉपियों के बीच से शराब की खेप बरामद, गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर।** शराब की तस्करी करने को लेकर धंधेबाज नए-नए आइडिया अपना रहे हैं। धंधेबाजों ने किताब-कापी को भी नहीं छोड़ा है। उत्पाद विभाग की कार्रवाई में पहली बार चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, अहियापुर के भिखनपुर से उत्पाद विभाग की टीम ने एक आटो को पकड़ा। इसकी तलाशी लेने पर कापियों का बंडल मिला।

जब इसे खोला गया तो पाया कि कापियों को काटकर इसके बीच में शराब की बोतलों को छिपाया गया है। गिनती करने पर यह 360 बोतल पाई गई। उत्पाद इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार राम ने बताया कि कांटी के आटो चालक सद्दाम अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध अभियोग दर्ज कर जेल भेजने की कवायद की जा रही है। उन्होंने बताया कि ऑटो से शराब की आपूर्ति करने की गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर एएसआई राजा जन्मेजय के साथ छापेमारी की गई। ऑटो को रोककर तलाशी लेने पर शराब मिली। जब्त शराब की बोतलों पर उत्तर प्रदेश निर्मित लिखा है। हालांकि प्रारंभिक जांच में यह नकली प्रतीत हो रहा है। इसलिए इसका सैंपल लेकर लैब में जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि बोरियों के बंडल में कापियां रखी गई थी। इसे इस प्रकार की पैकिंग किया गया था कि बाहर से देखने पर संदेह नहीं हो रहा था, लेकिन सटीक सूचना के आधार पर बोरियों के बंडल को खोला गया तो कापियों से 180 एमएस वाली प्लास्टिक की शराब की बोतल मिली।

## छात्र का अपहरण, फिरौती की मांग

**खगड़िया।** भरतखंड थाना क्षेत्र के भरतखंड गांव से बीए के एक छात्र का अपहरण कर लिया गया है। घटना गुरुवार की बताई गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार, भरतखंड गांव के शंकर कुमार मिश्र के 26 वर्षीय पुत्र चंचल कुमार गुरुवार को अपने घर से टहलने के लिए निकला और वापस नहीं लौटा। स्वजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। इस दौरान चंचल के मोबाइल से अपहरण कर्ताओं ने फोन कर एक लाख रुपये फिरौती की मांग की है। उसके बाद से चंचल का मोबाइल बंद है।

अपहृत चंचल कुमार के बड़े भाई रोहित कुमार ने भरतखंड थाना में आवेदन देकर अज्ञात के द्वारा अपने भाई के अपहरण की आशंका जताई है। थाना अध्यक्ष सावित्री कुमारी ने बताया कि आवेदन मिला है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चंचल कुमार के भाई रोहित कुमार ने कहा है कि एक लाख की फिरौती मांगी गई है। गोगरी एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि घटना को लेकर भरतखंड थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अपहृत की सकुशल बरामदगी और बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान चला रही है।

## पानी से घिरे लोग, ट्रैक्टर का ले रहे सहारा

**हाजीपुर।** राघोपुर प्रखंड के सभी गांव पिछले कई दिनों से गंगा के पानी से लबालब हैं। मुख्य और ग्रामीण सड़कों पर कई फीट तक पानी भरा है। घरों के अंदर और चारों तरफ पानी रहने से लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। आवागमन के लिए नाव और ट्रैक्टर ही लोगों का एकमात्र सहारा बचा है। जरूरी काम से लोग रुस्तमपुर, जेठली सहित अन्य घाटों तक ट्रैक्टर से पहुंच रहे हैं और वहां से नाव के सहारे कच्ची दरगाह, पटना सहित अन्य जगहों पर जा रहे हैं। विभिन्न गांवों से घाट तक पहुंचने के लिए ट्रैक्टर चालक प्रति व्यक्ति 50 रुपये किराया ले रहे हैं। फतेहपुर निवासी जय प्रकाश उर्फ छोटू और राघोपुर निवासी प्रभात कुमार व अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रुस्तमपुर समेत अन्य घाटों तक जाने के लिए ट्रैक्टर का सहारा लेना पड़ रहा है। सड़क पर कहीं चार फीट तो कहीं पांच फीट से अधिक पानी होने के कारण आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

# बच्चों को चप्पल से पीटने वाला प्रधानाध्यापक निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** सरकारी स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा, शैक्षणिक माहौल और विद्यालय संचालन में लापरवाही को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से जारी दो अलग-अलग आदेशों के आधार पर आचार्य नरेंद्र देव मध्य विद्यालय, बक्सर की प्रधानाध्यापिका अंजू कुमारी और चौसा प्रखंड के बालिका मध्य विद्यालय रामपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक विपिन कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के अधीन किया गया है।

आचार्य नरेंद्र देव मध्य विद्यालय से संबंधित मामले में 28 जुलाई को प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर विद्यालय में बच्चों के बीच मारपीट, शिक्षकों की अनियमित उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों में कमी और विद्यालय प्रबंधन में लापरवाही समेत कई गंभीर बिंदु सामने आए।

जांच में छात्राओं ने आरोप लगाया कि पदस्थापित शिक्षिका अंजू कुमारी द्वारा छात्राओं की पिटाई की जाती है। आरोप यह भी था कि अंजू कुमारी द्वारा लोहे के स्केल और चप्पल से बालिकाओं को पीटा जाता है। जांच के दौरान बालिकाओं ने बच्चों के बीच मारपीट की शिकायत भी की।

प्रतिवेदन में विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति संतोषजनक नहीं होने, शिक्षकों द्वारा पाठ-टीका का समुचित अद्यतन नहीं किए जाने, कतिपय शिक्षकों के ड्रेस कोड में नहीं रहने तथा शिक्षकों एवं बच्चों के बीच बेहतर समन्वय नहीं होने की बात कही गई।

विद्यालय प्रबंधन में लापरवाही और कर्तव्यहीनता के आरोपों पर प्रधानाध्यापिका से स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिसे संतोषप्रद नहीं पाए जाने के बाद निलंबन की कार्रवाई की गई।

वहीं, बालिका मध्य विद्यालय रामपुर, चौसा का मामला इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो के बाद सामने आया। 29 जुलाई को प्रसारित वीडियो में विद्यालय की छात्राओं के साथ कथित मारपीट और शारीरिक क्षति पहुंचाने का मामला सामने आया था।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने एक अगस्त को विद्यालय का निरीक्षण कराया।

# सांसद निधि से निर्मित विकास योजनाओं का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** समस्तीपुर के युवा सांसद शांभवी चौधरी के कर-कमलों द्वारा शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में सांसद निधि से निर्मित विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखने को मिला। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद का स्वागत करते हुए विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

सांसद निधि से कराए गए इन विकास कार्यों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना और आम लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। योजनाओं के पूरा होने से स्थानीय लोगों को आवागमन, सार्वजनिक सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक कार्यों में सहूलियत मिलने की उम्मीद है।

क्षेत्रवासियों ने कहा कि लंबे समय से जिन विकास कार्यों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, उनके धरातल पर उतरने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। सांसद निधि से संचालित योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव तक विकास पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसेवा, विकास और समृद्धि की दिशा में ऐसे कार्य महत्वपूर्ण कदम हैं।

स्थानीय लोगों ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विकास योजनाओं के पूरा होने से आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। लोगों ने भविष्य में भी क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप अधिक से अधिक विकास योजनाओं को स्वीकृति दिलाने की मांग रखी। मौके पर प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार, गुंजन कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रवासियों की ओर से सांसद के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# घर से खेलने निकली सात वर्षीया मासूम की कुएं में गिरने से मौत

## चप्पल देख लोगों को हुई आशंका



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के उमड़ा गांव में कुएं में डूबने से सोमरा उरांव की सात वषीर्या बच्ची असरिता कुमारी की मौत हो गई। घटना की जानकारी शनिवार सुबह मिलने के बाद पालकोट पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

मृतका के पिता सोमरा उरांव ने बताया कि उनका मूल घर सिसई प्रखंड के सिसकारी गांव में है। करीब तीन वर्षों से उनका परिवार उमड़ा में ही रह रहा है। असरिता का अधिकांश समय उसकी बुआ सूकरनि के घर ही बीतता था। बुआ का तीन बेटा है। बेटी नहीं होने के कारण असरिता से काफी लगाव जुड़ाव था।

असरिता उमड़ा मध्य विद्यालय में तीसरी कक्षा की छात्रा थी। शुक्रवार को जन्माष्टमी की छुट्टी होने के कारण वह दोपहर में घर से बाहर निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी।

काफी देर तक बच्ची के घर नहीं लौटने पर स्वजनों ने आसपास उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। शनिवार सुबह स्वजन और ग्रामीण दोबारा बच्ची की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान घर से कुछ दूरी पर शिवा उरांव के कुएं में बच्ची की चप्पल पानी में तैरती दिखाई दी।

इसके बाद ग्रामीणों ने कुएं में झगड़ डालकर तलाश शुरू की। प्रयास के बाद बच्ची का शव कुएं से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना पालकोट थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथमदृष्टया बच्ची की मौत कुएं में डूबने से होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं गांव में भी शोक का माहौल है।

पालकोट थाना के एसआई प्रमोद कुमार ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि बच्ची की मौत के हर पहलू की जांच की जाएगी।

## नाव पलटी, बाल-बाल बचे लोग

**समस्तीपुर।** जिले के मोहिउद्दीननगर में शनिवार को बाढ़ के पानी में यात्रियों से भरी नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। हादसा बाकरपुर चौक के समीप हुआ। नाव में सवार दर्जनों लोग किसी तरह तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

बताया गया कि नाव बाकरपुर चौक से कुरसाहा बल्लापर की ओर जा रही थी। ग्रामीणों के अनुसार, नाव पर क्षमता से अधिक लोग सवार थे। इसी दौरान अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और नाव बाढ़ के पानी में पलट गई।

नाव पलटते ही उस पर सवार लोग पानी में गिर पड़े। इसके बाद लोग जान बचाने के लिए तैरकर सुरक्षित बाहर निकलने लगे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकलने में मदद की। समय रहते सभी लोगों के बाहर निकल आने से बड़ा हादसा होने से टल गया।

# परिसीमन के लिए डिजिटल मैपिंग तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्ति की ओर बढ़ने के साथ ही आगामी चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। संभावित आरक्षण रोस्टर में बदलाव के बीच अब पंचायतों के परिसीमन की कवायद शुरू हो गई है।

प्रशासन ने परिसीमन प्रक्रिया को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए जिले के सभी गांव और टोलों की डिजिटल लोकेशन मैपिंग शुरू कर दी है।मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से जिले के 1785 गांव-टोलों की भौगोलिक स्थिति दर्ज की जा रही है। इसके लिए फील्ड में लगाए गए कर्मियों को संबंधित स्थान पर पहुंचकर जीपीएस के माध्यम से अक्षांश और देशांतर की सटीक लोकेशन एप पर अपलोड करनी है।

इस कार्य को हर हाल में 10 सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशासनिक स्तर पर पंचायत परिसीमन की प्रारंभिक प्रक्रिया वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर शुरू की गई थी।

इसके बाद वर्ष 1991 के आंकड़ों को भी शामिल कर दोनों जनगणनाओं के बीच जनसंख्या अनुपात का तुलनात्मक आकलन किया गया। अब फील्ड मैपिंग के माध्यम से गांवों की वास्तविक भौगोलिक स्थिति का सत्यापन किया जा रहा है। मैपिंग के दौरान एक गांव से दूसरे गांव के बीच आवागमन की सुविधा, नाला, नहर, पइन सहित अन्य भौगोलिक एवं संपर्क संबंधी तथ्यों का भी आकलन किया जा रहा है।इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परिसीमन के दौरान किस गांव को किस पंचायत में शामिल करना, वहां के लोगों के लिए अधिक सुविधाजनक होगा।

मोबाइल एप्लीकेशन से होने वाली मैपिंग में सामान्य तस्वीर लेने के बजाय प्रत्येक निर्धारित इकाई के सटीक भौगोलिक निदेशांक दर्ज किए जा रहे हैं। फील्ड कर्मी संबंधित स्थान पर पहुंचकर मोबाइल का जीपीएस ऑन करेंगे और एप्लीकेशन पर क्लिक कर लोकेशन दर्ज करेंगे।

# गंगा, गंडक, सोन, कोसी समेत अन्य नदियां उफान पर

## बिहार के 13 जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के 13 जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार 52 प्रखंडों की 270 पंचायतों की करीब 28 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। हालांकि आपदा प्रबंधन विभाग ने लगभग 8 लाख आबादी को ही बाढ़ से प्रभावित माना है। गंगा, गंडक, सोन, कोसी समेत अन्य नदियां उफान पर हैं। पटना, भोजपुर, सारण, बेगूसराय और वैशाली जिले में कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। बक्सर, जहानाबाद, अरवल, रोहतास, नालंदा और कैमूर में भी गांवों और खेतों में पानी फैल गया है। उत्तर बिहार के दरभंगा, समस्तीपुर और पश्चिम चंपारण में बाढ़ का प्रकोप जारी है। 200 सड़कों पर आवागमन बाधित है। कई जगह नाव ही आवाजाही का सहारा बनी हुई है। हजारों एकड़ में धान समेत अन्य फसलें डूब गई हैं। भोजपुर और बेगूसराय में 120 स्कूलों को बंद कर दिया गया है। भागलपुर शहर में बाढ़ का पानी घुस गया है। सुल्तानगंज के अजगैवीनाथ मंदिर में भी पानी फैल गया है। पटना सहित जिले के अन्य 14 स्थानों पर नदियों का पानी खतरे के निशान को पार कर गया है। इसमें केवल गंगा नदी ही 7 स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बाढ़ की भयावहता को देखते हुए 693 नावें चलाई जा रही हैं। साथ ही सामुदायिक किचन को भी शुरू कर दिया गया है। 7107 पॉलीथीन शीट का वितरण किया गया है। पटना, पश्चिमी चम्पारण एवं वैशाली जिले में 1764 ड्राई राशन पैकेट का वितरण किया गया है। गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से पटना के 9 प्रखंडों में दो लाख 32 हजार से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

**भोजपुर में 25 रोड और 60 स्कूल बंद**

भोजपुर जिले के 6 प्रखंडों की 45 पंचायतें बाढ़ से जलमग्न हैं। करीब दो लाख आबादी प्रभावित है। दो हजार एकड़ से अधिक में धान और करीब 500 एकड़ में भदई फसल एवं सब्जियां डूब गई हैं। 25 मुख्य एवं ग्रामीण सड़कों पर पानी के तेज बहाव के कारण आवागमन बंद है। 60 से अधिक स्कूल बंद किए गए हैं। 20 सामुदायिक रसोई में छह हजार से अधिक लोगों को भोजन दिया जा रहा है।

**छपरा में डेढ़ लाख आबादी प्रभावित**

सारण जिले के छपरा सदर, दिघवारा, रिविलगंज और सोनपुर की करीब 25 पंचायतें बाढ़ से प्रभावित हैं। लगभग डेढ़ लाख आबादी पर बाढ़ का असर है। कई लोगों ने ऊंचे बांध और रिश्तेदारों के यहां शरण ली है। ग्रामीण सड़कों पर पानी आने से यातायात प्रभावित है। अकिलपुर-दिघवारा संपर्क भी बाधित है और कई जगह नाव से आवागमन हो रहा है। दो दर्जन से अधिक स्कूलों को दूसरे विद्यालयों से टैग किया गया है।

**बेगूसराय में भी 60 स्कूल बंद**

गंगा के बढ़ते जलस्तर से बेगूसराय के मटिहानी, साहेबपुर कमाल, बखरी और बलिया की 20 पंचायतों की करीब दो लाख आबादी प्रभावित है। प्रशासन 87 नावें चला रहा है। फिलहाल बड़े पैमाने पर विस्थापन नहीं हुआ है। जलभराव और आवागमन की परेशानी के कारण 60 से अधिक स्कूलों में पढ़ाई बंद है।

**वैशाली में हालात गंभीर**

वैशाली के छह प्रखंडों की 26 पंचायतें और हाजीपुर नगर परिषद के छह वार्ड प्रभावित हैं। राघोपुर की 12, सहदेई-देसरी की छह और बिदुपुर की चार सड़कों पर पानी चढ़ा है। यानी कम से कम 22 सड़कों पर आवागमन प्रभावित है। राघोपुर की कई सड़कों पर नाव चल रही है। गनियारी जाने वाली दो सड़कें डूब गई हैं। प्रभावित लोग गांधी सेतु के पुराने टोल प्लाजा सहित ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हुए हैं।

**बक्सर में फसलें बर्बाद**

इसी तरह बक्सर में गंगा खतरे के निशान से 19 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। चार अंचलों के कई गांवों में करीब दस हजार आबादी प्रभावित है। 1761 हेक्टेयर फसल बाढ़ की चपेट में है। दो प्राथमिक स्कूलों में पानी घुस गया है। प्रशासन ने 33 नाव और राहत सामग्री उपलब्ध कराई है।

**जहानाबाद शहर में आफत**

जहानाबाद में मोरहर, दरधा और बलदइया नदियों का पानी निचले इलाकों में फैल गया है। तीन प्रखंडों की 15 पंचायतें प्रभावित हैं। शहर की तीन सड़कों-हवाई अड्डा-एसएस कॉलेज रोड, सट्टी मोड़-जाफरगंज रोड और जहानाबाद-शकूराबाद मुख्य मार्ग पर पानी है। दो पुलों पर भी पानी चढ़ा है।

**अरवल में पुनपुन की बाढ़**

अरवल में पुनपुन नदी के उफान से तीन प्रखंडों की 12 पंचायतों के बधार प्रभावित हैं और करीब दो हजार एकड़ फसल को नुकसान की आशंका है।

**रोहतास में दो दर्जन घर टूटे**

रोहतास जिले में लगातार बारिश से संझौली, रोहतास, नौहट्टा और चेनारी प्रभावित हैं। कृषि विभाग ने करीब एक से डेढ़ हजार हेक्टेयर भूमि प्रभावित होने का अनुमान जताया है। नौहट्टा की 9 पंचायतों में करीब 10 हजार एकड़ धान डूबने की सूचना है। चेनारी में करीब 50 एकड़ फसल बर्बाद हुई है और दो दर्जन मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए रेलवे ट्रैक, रेल पुलों, प्रमुख स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं आदि का गहन निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का विस्तृत जायजा लिया। महाप्रबंधक द्वारा संबंधित अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। महाप्रबंधक द्वारा शाहपुर पटोरी स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशनों के प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, पैनल रूम, स्टेशन मास्टर कक्ष, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महाप्रबंधक द्वारा स्टेशनों की बेहतर और टिकाऊ फ्लोरिंग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। महाप्रबंधक द्वारा बरौनी, मानसी, काढ़ागोला रोड स्टेशनों का भी निरीक्षण किया गया।

## मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने किया फिल्म 'फाइल नंबर-317' के पोस्टर का अनावरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की कला, संस्कृति, लोक परंपराओं और यहां की प्रतिभाओं को फिल्म के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में सिटीजन केयर फिल्म्स ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। आशियाना-दीघा रोड स्थित सिटीजन केयर ग्रुप टावर में सिटीजन केयर फिल्म्स के बिहार राज्य कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर फिल्म 'फाइल नंबर-317' के पोस्टर का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कला, संस्कृति एवं युवा मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार, विशिष्ट अतिथि बिहार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, आईआईटी खड़गपुर के एआई एक्सपर्ट अवकाश कुमार मौजूद रहे। मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने फिल्म के पोस्टर का अनावरण करते हुए सिटीजन केयर फिल्म्स की पहल की सराहना की और कहा कि बिहार में फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। राज्य की ऐतिहासिक विरासत, लोक कला, संस्कृति और प्राकृतिक स्थलों को फिल्मों के माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिटीजन केयर फिल्म्स द्वारा बिहार में कार्यालय शुरू करना और 'फाइल नंबर-317' जैसी फिल्म के माध्यम से नई पहल करना स्वागत योग्य है। सरकार राज्य में फिल्म निर्माण के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने और स्थानीय कलाकारों एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सिटीजन केयर ग्रुप के संस्थापक चंदन कुमार ने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही मंच और अवसर देने की।




## निस्वार्थ सेवा करने वालों का सम्मान सराहनीय पहल : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्थानीय कंकड़बाग स्थित विम्पा हॉबी सेंटर में सरगम कला एवं समाज कल्याण मंच के तत्वावधान में 40 वर्ष से पूर्व शिक्षक दिवस पर भव्य 'बिहार केसरी सम्मान समारोह' का आयोजन अत्यंत गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज, पत्रकारिता, कला और व्यवसाय के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित करना एवं उनका उत्साहवर्धन करना था। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि राज्य के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. दिवाकर तेजस्वी कार्यक्रम उपस्थित रहे। समारोह का संचालन एवं अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं सांस्कृतिक कमी विश्वमोहन चौधरी 'संत' जी ने किया। सम्मान समारोह के दौरान आयोजित कृष्णाष्टमी सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय और युवा कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। लोकप्रिय प्रस्तुतियां सुप्रसिद्ध कलाकार ऋषभ राठौर, कार्यक्रम संयोजक में आलोक चोपड़ा, शबनम परबीन और एलिजा बानो सहित अन्य साथी कलाकारों ने अपने सुरीले गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों का नृत्य नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक नृत्य ने कार्यक्रम में विशेष समां बांधा। भाग लेने वाले प्रमुख कलाकार ऋषभ राठौर के अलावे रितिका, रियांशी राठौर मीहिका, गुणिका, आदिका, क्यारी, रुद्र, गार्गी, आध्या, ऋषभ,भूमिका आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम के दौरान मंच से विचार व्यक्त करते हुए अतिथियों ने समाज निर्माण में कला, पत्रकारिता और शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। मंत्री श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से सेवा देने वाले लोगों का सम्मान करना एक सराहनीय पहल है। इससे समाज में सकारात्मक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। डॉ. दिवाकर तेजस्वी एवं विश्व मोहन चौधरी संत ने भी दर्शकों के सामने अपने विचार रखते हुए सम्मानित होने वाले सभी गुणी जनों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के मुख्य चरण में मंत्री श्रवण कुमार ने अपने कर-कमलों से चयनित हस्तियों को अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र भेंटकर 'बिहार केसरी सम्मान' से नंदलाल कुमार रियल एस्टेट, पंकज कुमार शर्मा पत्रकारिता, नवीन झा शिक्षा सेवा, पंकज कुमार समाज सेवा एवं डॉक्टर दिवाकर तेजस्वी को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सेवा के लिए सम्मानित किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक चोपड़ा ने किया।



## सीखने-सिखाने की प्रक्रिया उत्सव की तरह हो : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ के देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी विजय प्रकाश ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है। अब शिक्षक फैसिलिटेटर, मेंटर और प्रेरक के रूप में विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्रांति के बाद शिक्षा में विकसित 'फैक्ट्री मॉडल' की जगह आज अधिक रचनात्मक, अनुभवपरक और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा की आवश्यकता है। सीखने-सिखाने की प्रक्रिया उत्सव की तरह होनी चाहिए । इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों के उत्कृष्ट कार्य के लिए 'विद्यारत्न सम्मान' प्रदान करने की घोषणा की गई। इस वर्ष बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश के कर कमलों द्वारा रजनी रंजन, मिताली मित्रा एवं डॉ. रीना चौधरी को 'विद्यारत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में कंचन कुमारी प्रथम तथा रजनी रंजन द्वितीय रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशाल, गुनगुन एवं रविना के नृत्य तथा प्रियेश एवं अमितेश के गायन ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। मंच संचालन अभिजय एवं अनुराधा ने तथा खेल प्रतियोगिताओं का संचालन प्रणव कुमार, वसुधा कुमारी एवं निशु रानी ने किया। प्रशिक्षुओं ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं प्राध्यापकों को उपहार देकर गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह में बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश, वित्त सचिव डॉ. नीरज सिन्हा, अपर सचिव श्यामानन्द चौधरी, निदेशक शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय डॉ. मृदुला प्रकाश, निदेशक व्यावसायिक कौशल संजय कुमार सिन्हा, प्राचार्य डॉ. पूनम वर्मा, एआईसी के सीईओ प्रमोद कुमार कर्ण, संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण सहित प्राध्यापकगण एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।



## केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे से मिले अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को बेंगलुरु स्थित भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच देश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास, स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन तथा हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प उद्योगों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को नई पहचान और मजबूती मिली है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा इस क्षेत्र के विकास, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा छोटे उद्यमियों और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और स्वदेशी अपनाने के आह्वान का व्यापक प्रभाव पूरे देश में देखने को मिल रहा है। आज देशवासी भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं तथा स्वदेशी वस्तुओं, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के उपयोग के प्रति जागरूक हो रहे हैं। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत की समृद्ध हस्तशिल्प और हथकरघा परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ लाखों कारीगरों एवं बुनकरों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। स्वदेशी उत्पादों को अपनाने से स्थानीय उद्योगों को मजबूती मिलेगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और देश की अर्थव्यवस्था को भी गति प्राप्त होगी। डॉ. प्रेम कुमार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा उद्यमियों, युवाओं, महिलाओं तथा पारंपरिक कारीगरों के सशक्तीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एमएसएमई क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ देश के अंतिम पंक्ति में खड़े छोटे उद्यमियों तक पहुंचाकर भारत को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है।




## शिक्षा का उद्देश्य किरदार निर्माण : प्रो दिवाकर प्रसाद

### बी.डी. कॉलेज में शिक्षक दिवस प्राचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन बी.डी. कॉलेज, पटना में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. जंग बहादुर सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन अप्रतिम वक्ता थे जब उनके छात्रों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा व्यक्त की तो उन्होंने कहा कि यदि तुम लोग मेरा जन्मदिन मनाना चाहते हो तो उसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाओ। तभी से 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा की शुरुआत हुई। मुख्य वक्ता ने राधाकृष्णन जी के उस प्रेरक विचार को भी उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि जानकारी से ज्यादा महत्व जीवन में समझदारी का है। इस संदेश ने समारोह के वातावरण को और भी चिंतनशील और प्रेरणादायी बना दिया। उन्होंने गुरु के सात गुणों से शिक्षकों को अवगत कराया और अमल करने की बात की। मंचासीन अतिथियों में हिंदी विभाग के प्रो. शत्रुघ्न शरण सिंह, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार तथा रसायन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. बिजय कुमार उपस्थित रहे। अपने प्रेरक वक्तव्य में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य महज डिग्री प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि किरदार का निर्माण इसका मूल लक्ष्य होना चाहिए-ऐसा व्यक्तित्व जो राज्य और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे। उन्होंने छात्रों को यह भी प्रेरित किया कि वे सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षित हों, ताकि उनका व्यक्तित्व ज्ञान, चरित्र और सामाजिक उत्तरदायित्व का आदर्श बने। सम्मान समारोह के बीच छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएं कविता और भाषण के माध्यम से व्यक्त कीं। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बच्चों को तैयार किया। एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय सहभागिता की जिससे समारोह का वातावरण और अधिक उत्साहपूर्ण और ऊर्जावान बना। इस अवसर पर मानवाधिकार टुडे द्वारा प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद को 'बेस्ट प्रिंसिपल गुरु सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया जिससे समारोह की गरिमा और भी बढ़ गई।



## 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ प्रेम राज ने जीता स्वर्ण पदक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** गुलजाना गांव के युवा एथलीट प्रेम राज ने राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लंबी कूद स्पर्धा में 7.58 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रेम ने करीब 10 साल पुराने 7.49 मीटर के मीट रिकॉर्ड को ध्वस्त कर नया रिकॉर्ड कायम किया। उनकी इस उपलब्धि से टिकारी ही नहीं, बल्कि गया और पूरे बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। प्रेम के पिता पिंटू साव गांव में किराना दुकान चलाते हैं। सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद प्रेम ने अभ्यास और मेहनत से कभी समझौता नहीं किया। वर्ष 2023 में एथलेटिक्स की शुरुआत करने वाले प्रेम ने महज कुछ वर्षों में अपने प्रदर्शन को लगातार निखारते हुए राष्ट्रीय स्तर पर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

## सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी के बच्चों ने गुरु पूजा कर शिक्षकों का किया सम्मान

**नवबिहार टाइम्ससंवाददाता**

**पटना।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सुकृष्णा कॉमर्स अकेडमी द्वारा जेन जी मेन कैरेक्टर - मेंटर्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के बच्चों ने गुरु पूजा कर अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर शिक्षकों को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व और भविष्य का निर्माण भी करते हैं। गुरु का मार्गदर्शन विद्यार्थी के जीवन को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन का महत्व भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और भावनाओं को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सीए विवेक कुमार ने कहा कि आज की पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा के साथ अपने शिक्षकों के अनुभव और मार्गदर्शन से सीखना चाहिए। शिक्षक दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच सम्मान एवं आत्मीयता के संबंध को और मजबूत करने का अवसर है। वहीं निदेशक सीए विनय कुमार ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान कर उसे सही दिशा देने का कार्य करते हैं। उनके योगदान को किसी भी सम्मान से पूरी तरह मापा नहीं जा सकता। कार्यकारी निदेशक एच.एस. तिवारी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन में मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत की भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं संस्थान के सदस्यों ने सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।



## डिजिटल क्रॉप सर्वे बना कर्मियों के गले की फांस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे कृषि विभाग कर्मियों कृषि समन्वयक, प्रखण्ड तकनीकी/सहायक तकनीकी प्रबंधकों, किसान सलाहकारों के लिए गले की फांस बन चुकी है। इस संबंध में कई कर्मियों ने बताया कि सरकार द्वारा हम कर्मियों से क्रॉप सर्वे के नाम पर गांव के खेतों के प्रत्येक प्लाटों/रकबों का जीरो मीटर पर जाकर जीपीएस फोटो लेकर सर्वर पर लोड करना पड़ता है। इस कार्य में जान जोखिम का खतरा बना हुआ है। सुनसान जगहों पर कीचड़ से भरे खेतों में, आहर, पइनों में कपड़ों को उतारकर उतरना पड़ता है। खेतों में विषैले जीव जन्तु, सांप, बिच्छू, मंगरगोह आदि जानवरों का खतरा बरकरार रहता है। इस तरह के कार्यों से अप्राकृतिक दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। कई कर्मी कीचड़ों के इंफेक्शन से प्रभावित हो चुके हैं एवं कर्मियों को एंटी रेबिज की सूईयों को लेना पड़ा है यहां तक कि सारण जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन, सारण को प्रेषित पत्र में इस डिजिटल क्रॉप सर्वे में लगे कर्मियों के लिए विशेष कर प्रत्येक प्रखण्ड स्तरीय अस्पतालों में ऐंटी वेनम (सांप काटने पर लगाया जाने वाला इंजेक्शन) उपलब्ध रखने का अनुरोध किया है। वहीं इस संबंध में कर्मियों ने कहा कि सरकार को चाहिए कि इस प्रकार का जोखिम भरा कार्य ड्रॉन टेक्नोलॉजी या अन्य उच्च टेक्नोलॉजी का उपयोग कर करवाया जाना चाहिए।

## ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी की पासिंग आउट परेड, 253 कैडेट भारतीय सेना में हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार के गया में स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में शनिवार को आयोजित एक समारोह में शॉर्ट सर्विस कमीशन, टेक्निकल एंट्री (पुरुष और महिला) के चौथे बैच को अधिकारी के तौर पर कमीशन किया गया। इस परेड में 253 ऑफिसर कैडेट्स की पासिंग आउट परेड हुई जिन्होंने भारतीय सेना के कमीशन प्राप्त अधिकारी बनने के लिए 'अंतिम पग' (अंतिम कदम) पार किया। इसमें एसएससी (टेक्निकल) पुरुष-65 कोर्स के 218 ऑफिसर कैडेट्स और एसएससी (टेक्निकल) महिला-36 कोर्स के 35 ऑफिसर कैडेट्स शामिल थे।



वियतनाम पीपुल्स आर्मी के डिप्टी चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल ले वान हुओंग परेड के रिव्यूइंग ऑफिसर (समीक्षा अधिकारी) थे। कुशल, सटीक और तालमेल भरी ड्रिल गतिविधियों ने सभी दर्शकों में गर्व की गहरी भावना जगाई। पासिंग आउट परेड के लिए एकेडमी अंडर ऑफिसर पी. शशि कुमार परेड कमांडर थे। रिव्यूइंग ऑफिसर ने उन ऑफिसर कैडेट्स को पदक प्रदान किए जिन्होंने अपने प्रशिक्षण के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया था। एकेडमी अंडर ऑफिसर पी. शशि कुमार ने 'बेस्ट ऑल राउंडर' चुने जाने पर प्रतिष्ठित 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' (सम्मान की तलवार) जीता। उन्हें गोरखा राइफल्स में कमीशन किया गया है। एकेडमी अंडर ऑफिसर पी. शशि कुमार ने ओवरऑल ऑर्डर ऑफ मेरिट में पहला स्थान हासिल करने पर स्वर्ण पदक जीता। उन्हें गोरखा राइफल्स में कमीशन किया गया है। बटालियन अंडर ऑफिसर दीपक सिंह रावत ने ओवरऑल ऑर्डर ऑफ मेरिट में दूसरा स्थान हासिल करने पर रजत पदक जीता। उन्हें राजपूत रेजिमेंट में कमीशन किया गया है। एकेडमी कैडेट एडजुटेंट नवनीत सिंह ने ओवरऑल ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरा स्थान हासिल करने पर कांस्य पदक जीता। उन्हें पैरा स्पेशल फोर्सेज में कमीशन किया गया है। कालिधर कंपनी ने ओवरऑल चैंपियन कंपनी बनने के लिए 'चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर' जीता।

## गया में 7 सितंबर को आयोजित होगा 'तेजस' कार्यक्रम, युवाओं को मिलेगा स्टार्टअप मार्गदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** युवाओं और नवोदित उद्यमियों को स्टार्टअप एवं उद्यमिता से जोड़ने के उद्देश्य से 'तेजस' कार्यक्रम का आयोजन 7 सितंबर 2026 को प्रातः 11 बजे हरिदास सेमिनरी ऑडिटोरियम, गया में किया जाएगा। स्टार्टअप इंडिया और डीपीआइआइटी की इस पहल के अंतर्गत युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों तथा नवोदित उद्यमियों को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, मेंटरशिप और इनक्यूबेशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में गया के जिलाधिकारी तथा मगध क्षेत्र के आइजी विकास वैभव के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का प्रस्ताव है। वे प्रतिभागियों को उद्यमिता, नवाचार और नेतृत्व के विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। स्कूलों, महाविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। उद्योग विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए बस परिवहन की व्यवस्था भी की जाएगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञ प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देंगे और उन्हें अपने स्टार्टअप विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

# संपादकीय

## एसआईआर में गलतियों की जिम्मेदारी कौन लेगा?

झारखंड के गोड्डा जिले में जिस तरह कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए परिपत्र-7 के दुरुपयोग का प्रयास सामने आया है, उससे एक बार फिर एसआइआर प्रक्रिया की शुचिता कठघरे में खड़ी हुई है। समूचा मामला दरअसल निर्वाचन आयोग की साख पर सवाल उठाता है, जिसकी लापरवाही की वजह से न जाने कितने लोग मतदाता सूची से बाहर हुए और उन्हें मतदान के अधिकार से वंचित होना पड़ा। इससे किसी को भी असहमति नहीं होगी कि देश की चुनाव प्रक्रिया में सिर्फ वैध मतदाता को ही मतदान करने का अधिकार मिले। साथ ही संबंधित क्षेत्र की मतदाता सूची में वैसे लोगों के नाम हटा दिए जाएं, जिनकी या तो मौत हो गई या फिर वे वहां से स्थायी रूप से विस्थापित हो गए। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का उद्देश्य यही बताया गया है कि इस अभियान के जरिए वैध और पात्र मतदाताओं के वोट देने का हक सुनिश्चित किया जाएगा।सवाल है कि इस अभियान के दौरान अगर गलत तरीके से मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की कोशिश भी हो रही है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? झारखंड के गोड्डा जिले में जिस तरह कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए परिपत्र-7 के दुरुपयोग का प्रयास सामने आया है, उससे एक बार फिर एसआइआर प्रक्रिया की शुचिता कठघरे में खड़ी हुई है। इससे पहले भी अलग-अलग कारणों से एसआइआर के जरिए बेलगाम तरीके से मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के आरोप लगते रहे हैं।यह अपने आप में विचित्र है कि निर्वाचन आयोग अपने जिस अभियान को केवल वैध मतदाताओं के मतदान का हक सुनिश्चित करने का जरिया बता रहा है, उसी में ऐसे अनेक उदाहरण सामने आ रहे हैं, जिनमें गलत तरीके से सूची से नाम हटाए जाने के आरोप लगे हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के पहले जो एसआइआर की प्रक्रिया संचालित की गई थी, उसमें लाखों लोग मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए।जब विपक्षी दलों ने इसके खिलाफ आवाज उठाई और मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, तो उसके बाद अपीलीय न्यायाधिकरणों के जरिए इसका समाधान निकालने की कोशिश की गई। अब अपील और उसके बाद जैसी तस्वीर उभर रही है, उसने एक तरह से निर्वाचन आयोग के कामकाज पर गंभीर सवाल उठाए हैं। दरअसल, हाल ही में आई खबर के मुताबिक, शुरुआती दौर में ही न्यायाधिकरणों में सूची से हटाए जाने के जितने मामले पहुंचे, उनमें से 91 फीसद लोगों के मताधिकार को वैध पाया गया और उनका नाम फिर से मतदाता सूची में शामिल किया गया। इस बीच राज्य में विधानसभा चुनाव हुए और सूची में दोबारा शामिल होने के बावजूद ऐसे लोग वोट नहीं दे सके।सवाल है कि इस सबकी जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? झारखंड और पश्चिम बंगाल में भाजपा के कार्यकर्ताओं पर वैसे मतदाताओं के भी नाम हटवाने के लिए सुनियोजित तरीके से परिपत्र-7 का बेजा इस्तेमाल करने के आरोप सामने आए, जो अपने पते पर मौजूद थे।झारखंड के गोड्डा में बूथ स्तरीय अधिकारी यानी बीएलओ ने कुछ लोगों की ओर से दिए गए परिपत्र-7 पर सवाल उठाए और कहा कि जिनका नाम हटाने के लिए 'पते पर मौजूद नहीं' या 'स्थानांतरित' की श्रेणी के तहत यह आवेदन दिया जा रहा है, वे लोग लंबे समय से अपने पते पर रह रहे हैं और वैध मतदाता हैं।

**अँधियारा जितना गहन होगा, प्रकाश की दीप्ति उतनी ही प्रकट होकर आभामय होगी। नकार की गहनता सकार को श्रेयस रूप में प्रकट होने के लिए भूमि तैयार करती है! वरना क्या संभव था कि अत्याचार इतनी सीमाओं को लाँघता! वह बहुत पहले अस्तित्वविहीन किया जा सकता था। मगर जब कृष्ण जैसे विराट अवतार को प्रकट होना हो, जब कन्हैया स्वयं बालक रूप धरने वाले हों, जब पृथ्वी पर सौ सूर्यों का तेज़ एक साथ प्रकट होना हो तो अंधियारे को तो गहन होना ही होगा। इसलिए कृष्ण के जन्म के समय इतने अंधियारे और भयावह समय का रूपक प्रकृति द्वारा रचा गया है। चूँकि मनुष्य, देव, दानव, गंधर्व, किन्नर किसी के द्वारा किया जाने वाला अत्याचार, फैलाया जाने वाला अँधेरा उतना गहन नहीं हो सकता जितने को मिटाने के लिए कृष्ण जैसी आभा की आवश्यकता हो, इसलिए कृष्ण के जन्म के समय गहन अँधेरे के असंख्य रूपक प्रकृति ने रचे हैं।**

# कृष्ण का जन्म ही अनुष्ठान है, कृष्ण का जीवन ही उत्सव है

**(पुरुषोत्तम प्रतीक)**

कृष्ण के जन्म का अनुष्ठान है। इसके बाद की सभी घटनाओं का बहुत अर्थ नहीं, वह सब उनके सामान्य जीवन का हिस्सा है। कृष्ण का जीवन ही उत्सव है, वही प्रेक्षणीय है, वही लीला है, वही उत्सव के योग्य है। भाद्रपद मास का कृष्ण पक्ष, चहुँओर अँधियारे का साम्राज्य है, घनघोर वृष्टि से पृथ्वी जलमग्न हो रही है, आकाश को घेरे काले बादलों ने अंधियारे को और भी गहरा कर दिया है, बीच-बीच में कड़कती बिजली इन्द्र के व्रज-सी गगन को भेदती पृथ्वी को प्रकम्पित कर जाती है, उसपर मथुरा में कंस का अंधियारा भरा साम्राज्य, अत्याचारों की पराकाष्ठा से राज्य त्राहि कर रहा है, कठोर कारागार में बंद देवकी और वासुदेव के सात पुत्रों को शैशवावस्था में ही निर्दयता से मारा जा चुका है, ऐसे में भाद्रपद, कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की मध्यरात्रि को माँ देवकी के गर्भ से प्रभु प्रकट होते हैं!!

अँधियारा जितना गहन होगा, प्रकाश की दीप्ति उतनी ही प्रकट होकर आभामय होगी। नकार की गहनता सकार को श्रेयस रूप में प्रकट होने के लिए भूमि तैयार करती है! वरना क्या संभव था कि अत्याचार इतनी सीमाओं को लाँघता! वह बहुत पहले अस्तित्वविहीन किया जा सकता था। मगर जब कृष्ण जैसे विराट अवतार को प्रकट होना हो, जब कन्हैया स्वयं बालक रूप धरने वाले हों, जब पृथ्वी पर सौ सूर्यों का तेज़ एक साथ प्रकट होना हो तो अंधियारे को तो गहन होना ही होगा।

इसलिए कृष्ण के जन्म के समय इतने अंधियारे और भयावह समय का रूपक प्रकृति द्वारा रचा गया है। चूँकि मनुष्य, देव, दानव, गंधर्व, किन्नर किसी के द्वारा किया जाने वाला अत्याचार, फैलाया जाने वाला अँधेरा उतना गहन नहीं हो सकता जितने को मिटाने के लिए कृष्ण जैसी आभा की आवश्यकता हो, इसलिए कृष्ण के जन्म के समय गहन अँधेरे के असंख्य रूपक प्रकृति ने रचे हैं।

यूँ भी कृष्ण की विराट आभा के समक्ष कोई भी अँधियारा अर्थहीन हो होगा, कोई भी अति सामान्य ही होगी। और वह हुआ भी। कृष्ण के प्रकट होते ही, कारागार के द्वार खुल गए, देवकी वासुदेव के बंधन टूट गए, समय का रथ ठहर गया, संसार प्रकाशमान हो गया!

कृष्ण के लिए यह सब बेहद सामान्य है। कृष्ण जन्म के साथ से ही यह सूचना देते आ रहे हैं कि वे असाधारण हैं। वे जन्म के साथ ही अपने दिव्य स्वरूप को प्रकट करते हैं। उनका जीवन चमत्कारों से भरा है। वे स्वयं को साधारण दिखाने का प्रयास भी नहीं करते। बल्कि यह कहें कि उनकी प्रभा इतनी द्युतिमान है कि वह लाख प्रच्छन्नताओं के बाद भी प्रकट होती है, उसे रोका नहीं जा सकता। वह समय और काल की बाध्यताओं को नहीं स्वीकारती।

कृष्ण का व्यक्तित्व इतना विराट है कि वह साधारण घटनाओं के दायरे में नहीं समाता। इसलिए कृष्ण के पृथ्वी पर अवतरित होने का उद्देश्य सामान्य नहीं है। कृष्ण कंस को मारने के लिए प्रकट नहीं होते, वह उनके लिए बेहद सहल था और न ही कंस उनके जन्म का उद्देश्य है। जिस प्रकार विष्णु के अन्य अवतारों का उद्देश्य किसी आसुरी शक्ति को समाप्त करना था, इस तरह का कोई उद्देश्य कृष्ण के जीवन में नहीं है। इसलिए कंस को मारने में किसी प्रकार की विशेष वीरता और महानता का संदर्भ नहीं है और न ही कृष्ण को कंस के युति विलोम में देखा जाता है। कृष्ण-कंस के मध्य किसी भीषण युद्ध की भी चर्चा नहीं है।



कृष्ण अपने 1 महीने की उम्र में ही पूतना को मार देते हैं, 3 महीने में शकटासुर, 1 वर्ष में तृणावर्त, 2 वर्ष में वत्सासुर, 4 वर्ष में बकासुर, 5 वर्ष में अघासुर, 5 वर्ष में ही कालिया मर्दन, 6 वर्ष में धेनुकासुर, 7 वर्ष में गोवर्धन उठाकर इंद्र का अभिमान तोड़ते तथा 11 वर्ष में कंस का वध कर देते हैं। इन सारे वृहत कार्यों को करने में उन्हें किसी प्रकार की विशेष शक्ति की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि हँसते-खेलते सामान्य जीवन की घटनाओं के साथ वे इन आसुरी शक्तियों से भी निपटते जाते हैं। इसमें किसी अतिरिक्त आयोजन की आवश्यकता तक नहीं पड़ती। उनकी क्षमता अनंत है, अनिर्वचनीय है, वे ही ब्रह्म हैं और वे ही जगत। वे ही सुर भी हैं, असुर भी, वे ही आदि भी और अंत भी।

परंतु एक ही साथ वे जितने अलौकिक हैं उतने ही लौकिक भी। वे जिस तरह बाल रूप धर लीलाएँ रचते हैं वह अद्भुत है। उनका जीवन किसी उद्देश्य को योजित नहीं हैं, वह तो जीवन की संपूर्णता को समर्पित है। वह जब बालक के स्वरूप में हैं तो सम्पूर्ण रूप से बालक हैं। उतने ही निर्मल, उतने ही नटखट, उतने ही सरल, उतने ही हठी। बालक के व्यक्तित्व का कोई हिस्सा उनसे अछूता नहीं है। इसलिए सभी उनसे इतना प्रेम करते हैं।

कृष्ण के प्रति प्रेम, उनके ऐश्वर्य की उपासना नहीं है, बल्कि कृष्ण की कोई भी उपासना नहीं है, कृष्ण के प्रति केवल प्रेम है। इसलिए कृष्ण को लेकर किसी तरह का अनुष्ठान निरर्थक होगा, उनके लिए तो प्रेम ही समग्र अनुष्ठान है। गोपियाँ उनके चमत्कारों और ईश्वरत्व पर आकर्षित नहीं होतीं, वे उनकी मासूमियत पर मोहित हैं , उनकी निर्मलता ने उन्हें आकृष्ट कर लिया है, उनकी सादगी और उनकी समग्रता उन्हें खींचती है।

आज भी स्त्रियाँ कृष्ण के प्रेम में वैरागी हो सकती हैं, उनके लिए संसार त्याग सकती हैं, लोक-लाज ताज सकती हैं, मीरा राजमहलों को छोड़ वन-वन भटक सकती है, कृष्ण के प्रेम में दीवाना हुआ जा सकता है। स्त्रियाँ शब्द का उल्लेख इसलिए किया कि स्त्रियाँ ही अब भी प्रेम को परख सकती हैं, पुरुष में अभी भी गणित हावी है। इसलिए स्त्रियाँ कृष्ण के प्रेम में पड़ें तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि कृष्ण प्रेम की ही मूरत हैं। कृष्ण को प्रेम से ही पाया जा सकता है, कृष्ण ही प्रेम हैं।

कृष्ण इकलौते ऐसे अवतार हैं जो हमेशा बाल्यावस्था में हैं। ऐसा नहीं कि उन्होंने पृथ्वी के नियमों को त्याग दिया, वे भी समय के साथ बढ़ते हैं, परन्तु बाल्यावस्था में ही वे उतने समग्र हैं कि हमें उससे आगे बढ़ने की इच्छा ही नहीं होती। उतने ही प्यारे, उतने सुन्दर, उतने हठी। और वे भी बाल्यावस्था में प्रेम को उतना ही प्रेम समर्पित करते हैं।

कृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल पर दुनिया के सारे नियम लागू होते हैं, उन्हें भूख लगती है, उन्हें ठंड लगती है, उन्हें बुखार होता है, बस उनकी उम्र नहीं बढ़ती। कितना प्यारा रूपक है यह। वे हमेशा बालक हैं। उनका बालपन समग्र है। उससे आगे जाने की आवश्यकता नहीं है। वे उस स्वरूप में प्रेम पर रीझ जाते हैं जिस स्वरूप में हम प्रेम को लुटा सकते हैं।

उन्हें भूख लगती है कहते हुए भी दुनियावी नियमों के अर्थ में गणितीय तात्पर्य तो यही है कि वे खाते नहीं परन्तु उन्हें भूख लगती है यह सोचकर हमारे मन में जो उनके प्रति प्रेम का भाव उमड़ा यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्हें बुखार लगी होगी यह सोचकर बेचैन हो जाना ही तो प्रेम है। प्रियतम के विछोह को याद कर रो लेना ही तो प्रेम है। यही प्रेम का सार है। कृष्ण इसी प्रेम में हैं, कृष्ण प्रेम से हैं।

कृष्ण का इस पृथ्वी को लेकर कोई उद्देश्य नहीं है। उनकी आभा इतनी विराट है कि इस पृथ्वी के लिए उनका कोई भी उद्देश्य नगण्य ही होगा। इसलिए उनके जीवन को हम लीला कहते हैं। वे किसी दैत्य का वध करने हेतु इस पृथ्वी पर आएँ, इतनी छोटी अपेक्षा हम भी उनसे नहीं रखते। वे हमारा प्रेम स्वीकारें यह बहुत है, वे हमारे माखन चुराएँ और हम उन्हें बाँधें, यह काफी है। वे हमें दीवाना बना जाएँ, हम वन-वन घूम उनके लिए तड़पें यह पर्याप्त है। वे हमेशा हमारे पालने में बच्चे बनकर झूलें, हम उन्हें बच्चों की तरह खिलाएँ, उनके कपड़े बदलें, उनका ख़याल रख सकें, उन्हें चूम सकें यह बहुत है।

यही कारण है कि कृष्ण के जन्म का अनुष्ठान है। इसके बाद की सभी घटनाओं का बहुत अर्थ नहीं, वह सब उनके सामान्य जीवन का हिस्सा है। कृष्ण का जीवन ही उत्सव है, वही प्रेक्षणीय है, वही लीला है, वही उत्सव के योग्य है।

राम के जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण घटना उनका रावण को मारकर, विजयी हो अयोध्या लौटना है, इसलिए हम दिवाली और विजयादशमी मनाते हैं, शिव के जीवन की सबसे महत्त्वपूर्ण घटना उनका विवाह है, इसलिए हम शिवरात्रि मनाते हैं, परन्तु कृष्ण का तो जन्म लेना ही पर्याप्त है। कृष्ण इस धरा पर आए, यही महत्त्वपूर्ण है। यही अभिनव है, यहीअद्वितीय।(लेखक मूल रूप से कवि, लेखक, चिंतक तथा फिल्ममेकर हैं एवं विविध विषयों पर लेखन करते रहते हैंष वे फिलहाल जामिया मिलिया इस्लामिया से हिंदी साहित्य विषय में शोध कर रहे हैं तथा विश्व क्लासिक्स के अच्छे अध्येता हैं। यह उनके निजी विचार हैं।)

## राष्ट्रीय आत्मविश्वास को मजबूत करता जीएसएलवी-एफ-17 का प्रक्षेपण

**(प्रोफ़ेसर (डॉ.) डी. के. पांडेय)**

इसरो, जीएसएलवी-एफ 17 लॉन्च के लिए अंतिम तैयारियां पूरी कर रहा है। यह लॉन्च 4 सितंबर 2026 को सुबह 2-55 बजे सतीश धवन स्पेस सेंटर, श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से निर्धारित है। जीएसएलवी-एफ 17 को 29 अगस्त 2026 को रात लगभग 8 बजे दूसरे लॉन्च पैड (एसएलपी) पर ले जाया गया।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जल्द ही जीएसएलवी-एफ 17 लॉन्च करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाला है। यह मिशन अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट ईओएस-05 (जिसे पहले जीआई सैट-1ए कहा जाता था) को अंतरिक्ष में ले जाएगा। ईओएस-05 एक अत्याधुनिक इमेजिंग सैटेलाइट है जिसे आपदाओं के समय तेज़ी से तस्वीरें लेने के लिए बनाया गया है। इसरो ने ही इस स्पेसक्राफ्ट को विकसित किया है और इसका लॉन्च के समय वज़न 2,367 किलोग्राम होगा।

ईओएस-05/जीआई सैट-1ए उस कमी को पूरा करेगा जो 2021 में ईओएस-03/जीआई सैट-1 के लॉन्च में आई रुकावट के कारण पैदा हुई थी। जीएसएलवी-एफ 10 मिशन इसके क्रायोजेनिक अपर स्टेज में तकनीकी खराबी के कारण विफल हो गया था। हालांकि लिफ्ट-ऑफ के बाद पहला और दूसरा स्टेज सामान्य रूप से काम कर रहे थे, लेकिन तीसरे स्टेज का क्रायोजेनिक इंजन चालू नहीं हो पाया, जिससे ईओएस-03 सैटेलाइट का नुकसान हो गया।

इसरो का नया आत्मविश्वास

इसरो के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन के अनुसार, ईओएस-05 सैटेलाइट पृथ्वी से लगभग 36,000 किलोमीटर ऊपर स्थित होकर पूरे देश की लगातार निगरानी करेगा। पीएसएलवी रॉकेट की लगातार दो विफलताओं के बाद, इसरो अपने अगले लॉन्च के लिए तैयार है। यह सैटेलाइट ठीक वैसे ही काम करेगा जैसे कोई पर्यवेक्षक ऊँची जगह से पूरे गाँव पर नज़र रखता है।

डॉ. नारायणन ने बताया कि इसरो की योजना मार्च 2027 तक सात रॉकेट लॉन्च करने की है, जिसमें गगनयान मिशन (जीआई मिशन) की पहली बिना क्रू वाली उड़ान भी शामिल है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए, इसरो का लक्ष्य 12 सैटेलाइट बनाना और आठ रॉकेट लॉन्च करना है। ये मिशन संचार, नेविगेशन, पृथ्वी की निगरानी और वैज्ञानिक अनुसंधान को बेहतर बनाएंगे, साथ ही भविष्य में मानव अंतरिक्ष उड़ान और खोज के लिए आधार भी तैयार करेंगे।

लॉन्च की तैयारियां

इसरो, जीएसएलवी-एफ 17 लॉन्च के लिए अंतिम तैयारियां पूरी कर रहा है। यह लॉन्च 4 सितंबर 2026 को सुबह 2-55 बजे सतीश धवन स्पेस सेंटर, श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से निर्धारित है। जीएसएलवी-एफ 17 को 29 अगस्त 2026 को रात लगभग 8 बजे दूसरे लॉन्च पैड (एसएलपी) पर ले जाया गया। यह मिशन एक अहम चरण में पहुँच गया है, क्योंकि रॉकेट को टेक-ऑफ से पहले व्हीकल इंटीग्रेशन सेंटर (वीआईसी) से लॉन्च पैड पर ले जाया गया है।

यह मिशन ईओएस-05 जीईओ इमेजिंग सैटेलाइट (जीआई सैट-1ए) को सब-जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में भेजेगा। इस ऑर्बिट का पेरिगी (पृथ्वी के सबसे करीब का बिंदु) 170 किमी और एपोजी (सबसे दूर का बिंदु) 28,934 किमी होगा।

2025 और 2026 की शुरुआत में लगातार दो पीएसएलवी मिशन फेल होने के बाद, इस मिशन पर बारीकी से नज़र रखी जाएगी और इसके हर पहलू की विस्तार से जांच की जाएगी। इसरो पिछले आठ महीनों में कोई सफल रॉकेट लॉन्च नहीं कर पाया है, लेकिन अब एजेंसी एक बड़ी वापसी के लिए तैयार है।

इसरो ने गड़बड़ी के कारणों की जांच के लिए लॉन्च रोक दिए थे, जिससे जीएसएलवी-एफ 17/ईओएस-05 मिशन उसके लॉन्च प्रोग्राम में भरोसा बहाल करने का एक अहम मौका बन गया है। उम्मीद है कि यह सैटेलाइट भारत की पृथ्वी की निगरानी, इमेजिंग और डेटा-आधारित गतिविधियों को बेहतर बनाएगा। यह मिशन भारत की अंतरिक्ष-आधारित पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं में एक बड़ी प्रगति है और इससे और भी एडवांस्ड सैटेलाइट सिस्टम के विकास में मदद मिलेगी।

**ईओएस-05 के उद्देश्य-** ईओएस-05 एक पृथ्वी अवलोकन सैटेलाइट है जिसे जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट से भारतीय उपमहाद्वीप और आसपास के क्षेत्रों की लगभग रियल-टाइम, हाई-टेम्पोरल-रिज़ॉल्यूशन वाली इमेजिंग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

ईओएस-05 के मुख्य उद्देश्य साफ मौसम (बिना बादलों के) में बार-बार और बड़े इलाके की निगरानी करने पर केंद्रित हैं। सैटेलाइट की मुख्य क्षमताओं और लक्ष्यों में ये शामिल हैं- ईओएस-05 विज़िबल/नियर-इन्फ्रारेड और शॉर्ट-वेव इन्फ्रारेड बैंड में मल्टीस्पेक्ट्रल और हाइपरस्पेक्ट्रल इमेज लेता है। यह लगभग हर पाँच मिनट में चुनिंदा क्षेत्रों और हर तीस मिनट में पूरे भारतीय भू-भाग की इमेज लेता है, और मल्टीस्पेक्ट्रल मोड में लगभग 42 मीटर का स्थानिक रिज़ॉल्यूशन (स्पेशियल रिज़ॉल्यूशन) हासिल करता है।

# खुद को जानना ही सबसे बड़ी जीत, आखिर भीतर के सत्य को स्वीकार करना क्यों जरूरी है

**मनुष्य का जीवन एक अनवरत यात्रा है। इस यात्रा में हम अनेक पड़ावों से गुजरते हैं- सफलता, असफलता, प्रशंसा, उपेक्षा, आशा और निराशा। अधिकांश लोग इस यात्रा का उद्देश्य बाहरी उपलब्धियों में खोजते हैं। कोई धन कमाने में लगा है, कोई प्रतिष्ठा अर्जित करने में, तो कोई दूसरों से आगे निकलने की दौड़ में। मगर जब जीवन की सांझ ढलने लगती है, तब एक प्रश्न भीतर से उठता है कि क्या यही वास्तविक विजय थी। सत्य यह है कि सच्ची जीत ट्रॉफियों, पदकों, पदों या प्रशंसा के शब्दों में नहीं होती। वह तो उस क्षण जन्म लेती है, जब मनुष्य स्वयं को पहचान लेता है, अपनी कमियों से आंखें नहीं चुराता और अपने अंतर्मन के सत्य को स्वीकार कर लेता है। जिसने स्वयं को जान लिया, उसने जीवन का सबसे बड़ा रहस्य जान लिया।**

**(मोनिका राज)**

बाहरी युद्ध जीतना सरल हो सकता है, पर अपने भीतर के संघर्ष को जीतना सबसे कठिन और सबसे महान साधना है।

मनुष्य का जीवन एक अनवरत यात्रा है। इस यात्रा में हम अनेक पड़ावों से गुजरते हैं- सफलता, असफलता, प्रशंसा, उपेक्षा, आशा और निराशा। अधिकांश लोग इस यात्रा का उद्देश्य बाहरी उपलब्धियों में खोजते हैं। कोई धन कमाने में लगा है, कोई प्रतिष्ठा अर्जित करने में, तो कोई दूसरों से आगे निकलने की दौड़ में। मगर जब जीवन की सांझ ढलने लगती है, तब एक प्रश्न भीतर से उठता है कि क्या यही वास्तविक विजय थी।

सत्य यह है कि सच्ची जीत ट्रॉफियों, पदकों, पदों या प्रशंसा के शब्दों में नहीं होती। वह तो उस क्षण जन्म लेती है, जब मनुष्य स्वयं को पहचान लेता है, अपनी कमियों से आंखें नहीं चुराता और अपने अंतर्मन के सत्य को स्वीकार कर लेता है। जिसने स्वयं को जान लिया, उसने जीवन का सबसे बड़ा रहस्य जान लिया।

हमारे दैनिक जीवन में ऐसे अनेक अवसर आते हैं, जब हम दूसरों को प्रभावित करने के लिए अपने वास्तविक स्वरूप से दूर हो जाते हैं। हम मुस्कुराते हैं, जबकि भीतर दुख होता है। हम स्वयं को सफल दिखाने का प्रयास करते हैं, जबकि मन असंतोष से भरा रहता है। हम अपनी गलतियों को छिपाने के लिए बहाने गढ़ लेते हैं, क्योंकि हमें डर होता है कि कहीं लोग हमें कमजोर न समझ लें।

यही डर धीरे-धीरे हमारे व्यक्तित्व पर एक ऐसा आवरण चढ़ा देता है, जिसके नीचे हमारा वास्तविक अस्तित्व दबने लगता है। भीतर के सत्य को जानने का अर्थ यह नहीं कि मनुष्य स्वयं को दोषी मानता रहे। इसका अर्थ है अपने गुणों और दोषों, दोनों को समान ईमानदारी से स्वीकार करना। जो व्यक्ति अपनी कमजोरी को पहचान लेता है, वही उसे शक्ति में बदलने की दिशा में कदम बढ़ा सकता है। जो अपनी भूल स्वीकार नहीं करता, वह सीखने का अवसर भी खो देता है।

हम अपने परिवार की ओर देखें, तो पाएंगे कि अधिकांश रिश्तों में दूरियां किसी बड़ी घटना से नहीं, बल्कि अहंकार और असत्य से पैदा होती हैं। एक छोटा-सा 'मैं गलत था' कई टूटते संबंधों को फिर से जोड़ सकता है, लेकिन यह साहस उसी व्यक्ति में होता है, जिसने अपने भीतर के सत्य को पहचान लिया हो। सत्य मनुष्य को झुकना सिखाता है और जो झुकना जानता है, वही संबंधों को बचा पाता है।



आज का समय तुलना का समय बन गया है। सोशल मीडिया पर दूसरों की सफलताएं देखकर हम स्वयं को कमतर समझने लगते हैं। हमें लगता है कि दूसरों का जीवन हमसे अधिक सुंदर, अधिक सफल और अधिक सुखी है। इस तुलना में हम अपने भीतर झांकना ही भूल जाते हैं। जबकि वास्तविक शांति इस बात में नहीं कि हमारे पास दूसरों से अधिक क्या है, बल्कि इस बात में है कि हम अपने जीवन से कितने संतुष्ट और ईमानदार हैं।

जीवन में अनेक बार असफलता भी मिलती है। परीक्षा में अपेक्षित अंक नहीं आते, व्यवसाय में हानि हो जाती है, नौकरी का अवसर छूट जाता है या कोई प्रिय व्यक्ति साथ छोड़ देता है। ऐसे समय में बाहरी संसार हमें कमजोर मान सकता है, लेकिन यदि हमारा अंतर्मन दृढ़ है, तो हम फिर उठ खड़े होते हैं। यही भीतर के सत्य की शक्ति है। वह हमें यह विश्वास दिलाती है कि हमारी पहचान किसी एक सफलता या असफलता से नहीं, बल्कि हमारे चरित्र से बनती है। बाहरी युद्ध जीतना सरल हो सकता है, पर अपने भीतर के संघर्ष को जीतना सबसे कठिन और सबसे महान साधना है।

साधारण जीवन में भी यह सत्य स्पष्ट दिखाई देता है। एक किसान जो पूरी निष्ठा से अपनी भूमि पर श्रम करता है, एक शिक्षक जो ईमानदारी से अपने विद्यार्थियों का भविष्य संवारता है, एक मां जो बिना किसी अपेक्षा के परिवार के लिए अपना जीवन समर्पित कर देती है, या एक कर्मचारी जो अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाता है, इनमें से किसी के पास शायद बड़ी प्रसिद्धि न हो, पर वे अपने कार्य के प्रति सच्चे हैं, तो वे जीवन के वास्तविक विजेता हैं। उनका आत्मसम्मान किसी पुरस्कार का मोहताज नहीं होता।

सत्य तक पहुंचने का मार्ग आत्मचिंतन से होकर जाता है। प्रतिदिन कुछ समय स्वयं के साथ बिताना, अपनी भूलों पर विचार करना, अपनी अच्छाइयों के लिए कृतज्ञ होना और स्वयं से यह पूछना कि 'क्या मैं वही हूं, जो मैं दुनिया को दिखाता हूं?' ये छोटे-छोटे प्रश्न हमारे जीवन की दिशा बदल सकते हैं। जब मनुष्य स्वयं से झूठ बोलना छोड़ देता है, तभी उसके भीतर वास्तविक परिवर्तन प्रारंभ होता है।

सच्चा सुख भी भीतर के सत्य से ही जन्म लेता है। बाहरी वस्तुएं केवल क्षणिक आनंद दे सकती हैं, लेकिन आत्मस्वीकृति स्थायी संतोष देती है। जिस दिन हम अपने वास्तविक स्वरूप को स्वीकार कर लेते हैं, उसी दिन दूसरों की प्रशंसा या आलोचना का प्रभाव भी कम होने लगता है। तब हमारा जीवन दूसरों की अपेक्षाओं से नहीं, बल्कि अपने मूल्यों से संचालित होता है।

जीवन की सबसे बड़ी जीत किसी मंच पर खड़े होकर तालियां प्राप्त करना नहीं, बल्कि रात को निश्चिंत होकर यह अनुभव करना है कि हमने स्वयं के साथ ईमानदारी निभाई है। यही ईमानदारी आत्मविश्वास बनती है, यही आत्मविश्वास चरित्र बनता है और यही चरित्र जीवन की सबसे मूल्यवान उपलब्धि बन जाता है।


इसलिए हमें अपने भीतर के सत्य को जानने का साहस करना चाहिए, क्योंकि जो व्यक्ति स्वयं को पहचान लेता है, वह परिस्थितियों का दास नहीं रहता, बल्कि अपने जीवन का सच्चा निर्माता बन जाता है। बाहरी सफलताएं समय के साथ धूमिल हो सकती हैं, लेकिन आत्मज्ञान का प्रकाश कभी नहीं बुझता। यही प्रकाश मनुष्य को सही दिशा देता है, संबंधों को मधुर बनाता है और जीवन को सार्थकता प्रदान करता है। वास्तव में, स्वयं को जान लेना ही मनुष्य की सबसे बड़ी और सबसे स्थायी विजय है।

# सर्राफा दुकान का शटर तोड़कर सोने-चांदी के गहने की चोरी

**सेंट्रल बैंक के समीप हुई वारदात, सीसीटीवी में कैद हुई घटना, पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी थाना क्षेत्र में सेंट्रल बैंक के समीप स्थित एक सर्राफा दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने सोने-चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की वारदात देर रात अंजाम दिए जाने की बात सामने आ रही है। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसके आधार पर पुलिस चोरों की पहचान में जुटी है। पीड़ित दुकानदार सुशील ने बताया कि सुबह टहलने निकले उनके एक रिश्तेदार ने फोन कर दुकान का शटर टूटा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह दुकान पहुंचे तो शटर टूटा हुआ मिला और दुकान में रखे सोने-चांदी के कुछ गहने गायब थे। चोरी गए सामानों और उनकी कीमत का आकलन किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मनिहारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद फोरेंसिक जांच दल ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और चोरी में शामिल अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। सर्राफा दुकान में हुई चोरी की घटना के बाद स्थानीय स्वर्ण व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। बैंक जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान के समीप चोरी की वारदात को लेकर व्यवसायियों ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से बाजार क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।




## रिक्त सीटों के विरुद्ध स्पॉट एडमिशन 07 सितंबर को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,मनिहारी में सत्र 2026-28 तथा 2026-27 के लिए आइसीटीएसएम, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मैकेनिक डीजल एवं वेल्डर कोर्स के लिए रिक्त सीटों के विरुद्ध 07 सितंबर को स्पॉट एडमिशन किया जाएगा।आइटीआइ कैट परीक्षा में सफल अभ्यर्थी जो किसी संस्थान में नामांकन नहीं करा सके हैं।स्पॉट एडमिशन के लिए 06.09.2026 को अपराह्न 03 बजे तक ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।उक्त जानकारी संस्थान के प्रभारी प्राचार्य ने दी है।उन्होंने बताया कि नामांकन 07.09.2026 को 10 बजे शुरू हो जायेगा।नामांकन के लिए अभ्यर्थी को पर्षद द्वारा निर्गत सभी मूल प्रमाण पत्र और उसकी स्व-अभिप्रमाणित छाया प्रति लाना आवश्यक है।जिसमें आइटीआई कैट परीक्षा का प्रवेश पत्र, मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा का प्रवेश पत्र ,अंक-पत्रऔर औपबंधिक प्रमाण-पत्र,जाति प्रमाण पत्र,चरित्र प्रमाण-पत्र,आधार कार्ड के साथ आइटीआइ कैट परीषा के प्रवेश पत्र में लगे फोटो की 06 प्रति शामिल है।

## कोशी क्षेत्रीय विकलांग, विधवा, वृद्ध कल्याण समिति का 38 वां स्थापना दिवस मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कोशी क्षेत्रीय विकलांग, विधवा, वृद्ध कल्याण समिति के 38 वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन शनिवार को दिव्यांग कार्यालय सदर अस्पताल परिसर मे किया गया। अपने संवोधन में संस्था के शिवशंकर रमानी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के अधिकार, सम्मान, सशक्तिकरण एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जागरूकता पैदा करना रहा। समारोह में दिव्यांगजनों के कल्याण एवं उनके हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने दिव्यांगजनों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को सम्मान,समान अवसर और आत्मनिर्भरता प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उनके द्वारा दिव्यांगजनों के बीच व्हीलचेयर, कान की मशीन, कमरबंद,वॉकर सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरणों का भी वितरण किया गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने संस्था के सचिव एवं बिहार राज्य सलाहकार बोर्ड सदस्य शिव शंकर रमानी द्वारा दिव्यांगजनों के हित में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री रमानी लंबे समय से दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों और उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन जितेंद्रनाथ सिंह ने दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े चिकित्सकों एवं अन्य गणमान्य लोगों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में लोक अभियोजक कटिहार के जगदीश शाह ने कहा समारोह में संस्था के कार्यकर्ताओं एवं कार्यक्रम में आए हुए सभी महानुभावों के साथ दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि महिला काउंसलर सदर अस्पताल डॉ .आभा कुमारी ने अपने संबोधन में दिव्यांगजनों के प्रति समाज में संवेदनशीलता और सम्मान की भावना विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन भी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें समान अवसर एवं सम्मान मिलना चाहिए।



## संक्षिप्त समाचार

### जगदेव बाबू के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के शहीद जगदेव चौक न्यू मार्केट में शहीद जगदेव बाबू का शहादत दिवस पर शहीद जगदेव बाबू के प्रतिमा पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सदर विधायक ताकिशोर प्रसाद, प्राणपुर विधायक श्रीमती निशा सिंह, श्रीमती उषा देवी अग्रवाल, राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिला अध्यक्ष उमाकांत आनंद,भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय,निगम पार्षद निक्कू सिंह, बीरेंद्र यादव,अरुण कुमार सिंह, जदयू प्रदेश महासचिव सतीश ठाकुर आदि के द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कर किया गया।इस पर वक्ताओं ने शहीद जगदेव बाबू के जीवनी पर विस्तार से चर्चा किए एवं उनके जीवनी से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। जगदेव बाबू का नारा था सौ में नब्बे शोषित है नब्बे भाग हमारा है।इस अवसर पर उपेंद्र सुमन, सुरेंद्र सिंह, विन्देश्वर सिंह, सिंहग्रेश्वर सिंह,रुपेश सिंह, बबलू कुशवाहा,संजय सिंह, दिलीप राय,पप्पू कुमार,छोटू चौहान,दयानंद कुशवाहा, अंकित सिंह, प्रह्लाद कुशवाहा,राजाराम महतो,अमित सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शहीद जगदेव बाबू के शुभचिंतक मौजूद रहे।

### लंबित ई-चालानों के निपटारे को लेकर शुरू हुई विशेष पहल

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला परिवहन विभाग की ओर से यातायात नियमों के उल्लंघन किये जाने से संबंधित लंबित ई-चालानों के निपटारे को लेकर नई पहल शुरू की गई है। लंबित ई-चालानों के त्वरित निपटारे के लिए 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिले में 12 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 07 सितंबर से प्री-रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इस बाबत जिला परिवहन पदाधिकारी डेजी ने बताया कि विभागीय अधिसूचना के अनुसार 90 दिनों से अधिक समय से लंबित ई-चालानों के निपटारे के लिए ह्लएक मुश्त यातायात चालान निपटान योजना 2026ह्व के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। जिसका उद्देश्य लंबित यातायात मामलों का सरल एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।योजना के तहत लंबित ई-चालानों के निपटारे के लिए चालानधारक वाहन मालिक अपने लंबित चालान की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित 07 सितंबर से प्री-रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के अनुसार निपटारे के लिए आवेदन कर सकते हैं। डीटीओ ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान लंबित चालानों के निपटारे के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित पुलिस एवं परिवहन पदाधिकारियों को भी लंबित ई-चालानों के निष्पादन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने बकाये ई-चालान के निपटारे के लिए 07 सितंबर से शुरू होने वाली प्री-रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का लाभ उठाते हुए 12 सितंबर की राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामलों का निपटारा कराने का प्रयास करें।

### क्षेत्र के परिसीमन को लेकर कर्मियों की एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**डंडखोरा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र मे पंचायत तथा वार्डों के परिसीमन को लेकर प्रतिनियुक्त कर्मियों का एकदिवसीय कार्यशाला प्रखंड मुख्यालय में आयोजित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार, प्रखंड पंचायतराज पदाधिकारी दीपशिखा सहित सभी प्रतिनियुक्त कर्मी शामिल हुए। इस दौरान 2011 की जनगणना के आधार पर पंचायतों एवं वार्डों का नये सिरे से सीमा निर्धारण करने को लेकर मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ ने प्रतिनियुक्त कर्मियों को कहा कि परिसीमन का कार्य अतिसंवेदनशील तकनीकी कार्य है। इस काम में लापरवाही से काफी कुछ उलट-पलट हो जाने की संभावना बनी रहेगी। इसलिए थोड़ी सी भी चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कर्मियों को निर्देशित किया कि पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित समयावधि में अपने आवंटित क्षेत्र स्थलीय सत्यापन कर स्पष्ट प्रतिवेदन प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।बीडीओ ने बताया कि परिसीमन का कार्य कार्य एक खास एप से किया जाना है।सभी गणना ब्लाक में 09 बिंदुओं पर चौहद्दी का निर्धारण ऑनलाइन किया जाना है।जिसमें चारो दिशा और कोण सहित मध्य बिंदु चिह्नित किया जाएगा। साथ ही विवाद रहित बनाने के लिए नहर,बांध,नदी आदि प्राकृतिक बनावटों को भी दशार्या जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए पंचायतवार राजस्वकर्मी, पंचायत सचिव, कचहरी सचिव, रोजगार सेवक, किसान सलाहकार, विकास मित्र, आवास सहायक एवं शिक्षा सेवकों की टीम बनाई गई है।

## मॉडल स्कूल का जायजा लेकर बीडीओ ने किया शिक्षण सत्र का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय टिकैली में संचालित सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल डंडखोरा का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश राय से आवश्यक जानकारी ली।तो विद्यार्थियों से भी मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछताछ किया।बीडीओ ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षा के महत्ता, उनके लक्ष्य, आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं के बारे में विचारों का आदान -प्रदान किया तो उन्हें अपने लक्ष्यों के प्रति निरंतर प्रयास करते रहने को लेकर प्रेरित किया । विद्यार्थियों के साथ बीडीओ ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का संक्षिप्त परिचय साझा करते हुए स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख घटनाओं एवं स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों के माध्यम से बच्चों को देश के स्वतंत्रता आंदोलन की विभिन्न घटनाओं से सरल शब्दों में परिचय कराया।अपनी अध्यापन कला से वे विद्यार्थियों का ध्यान केन्द्रित रखने में सफल देखे गये।उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रियता सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थी को अध्ययन के आधार पर स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित किसी प्रेरणादायक घटना के बारे में लिखने का टास्क भी दिया। बीडीओ ने विद्यार्थियों को गणित के समीकरण एवं फामूर्ले के बारे में जानकारी दी तो उन्हें सवाल पूछने की छूट देकर सवालों का जवाब देकर संतुष्ट किया।इस क्रम में बच्चो में सीखने की इच्छा तथा उनकी आकांक्षा स्पष्ट रूप से सामने आ रही थी। किसी प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा विद्यार्थियों के साथ संवाद, मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक सहभागिता को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न गतिविधियों के आयोजन की जहां चर्चा हो रही है तो वहीं प्रबुद्ध लोग इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढावा देने की दिशा में सार्थक पहल मान रहे हैं। इस दौरान प्रधानाध्यापक सहित रुदल कुमार शर्मा, प्रमीत भारती, रफीक अहमद,सत्यम कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



## कालीप्रसाद नदी में स्नान के दौरान पैर फिसलने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** पीरपैंती बाजार से घर लौटने के दौरान कालीप्रसाद नदी में स्नान करना एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ। स्नान के दौरान पैर फिसलने से युवक गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बकिया सुखाय गांव के मुस्लिम टोला निवासी सोनू उर्फ शहनाज (25) के रूप में हुई है। उसके पिता का नाम मो. साहिन डाकिया है। स्थानीय समाजसेवी भवेश यादव और उनके परिजनों ने बताया कि सोनू पीरपैंती बाजार से घर लौट रहा था। इसी दौरान वह कालीप्रसाद नदी में स्नान करने के लिए उतरा। स्नान करते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।सोनू घर का कामकाज करता था और अपने पिता के काम में भी हाथ बंटाता था। परिजनों के अनुसार, वह परिवार के लिए सहारा था। उसकी मौत से घरवालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। समाजसेवी भवेश यादव ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।



## जीएम और डीआरएम ने काढ़ागोला स्टेशन का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** सोनपुर रेल मंडल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग एवं मंडल रेल प्रबंधक अमित शरण ने शनिवार को अधिकारियों के साथ काढ़ागोला रेलवे स्टेशन पहुंचकर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बन रहे नए स्टेशन भवन का निरीक्षण किया। जीएम ने निमार्णाधीन भवन के विभिन्न हिस्सों का पैदल भ्रमण कर काम की प्रगति देखी। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की जानकारी ली और निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण काम पूरा करने का निर्देश दिया।जीएम ने कहा कि स्टेशन भवन का निर्माण कार्य समय पर पूरा किया जाए, ताकि यात्रियों को जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने अधिकारियों को काम में अनावश्यक देरी नहीं होने देने तथा निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान मंडल रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य भागवत प्रसाद भगत ने जीएम को आवेदन सौंपकर काढ़ागोला क्षेत्र के किसानों की समस्या बताई। उन्होंने कहा कि स्टेशन क्षेत्र में स्थित 5 बी भीतरगामी पुल में लोहे का बैरियर लगा है। इसकी ऊंचाई कम होने से बड़े कृषि वाहन भीतरगामी पुल के नीचे से नहीं गुजर पाते हैं। इससे किसानों को फसल लाने-ले जाने में परेशानी होती है।उन्होंने बताया कि बड़े वाहनों को दूसरे रास्ते से ले जाना पड़ता है। इससे किसानों का समय और खर्च दोनों बढ़ जाता है। भागवत प्रसाद भगत ने बैरियर की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की, ताकि कृषि वाहन आसानी से पुल के नीचे से गुजर सकें। जीएम ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मामले को देखने का निर्देश दिया और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।



## बरमसिया यादव टोला में मनी कृष्ण अष्टमी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के वार्ड संख्या 12 बरमसिया यादव टोला कटिहार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राधा कृष्ण मंदिर में राधा कृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम के साथ पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि भादो मास के अष्टमी को श्री कृष्ण भगवान का जन्म हुआ था इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष राधा कृष्ण मंदिर बरमसिया कटिहार में राधा कृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा पाठ किया जाता हैं एवं धूमधाम के साथ पूजा अर्चना की जाती हैं। इस पूजा में यदुवंशी समाज के पुरुष एवं महिलाएं सुबह से ही बिना अन्न और जल ग्रहण किए रात के बारह बजे श्री कृष्ण भगवान के जन्म होने के उपरांत पूजा अर्चना करते हैं । उनके बाद फलाहार करते हैं। पूजा अर्चना को लेकर मंदिर परिसर में काफी भीड़भाड़ देखी गई । इस अवसर पर दीपक कुमार यादव, अर्जुन कुमार यादव, अमिर चंद्र यादव, सुमन कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।



## शिक्षक दिवस पर बच्चों में दिखा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में शनिवार को शिक्षक दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। वहीं विद्या भारती चिल्ड्रेन्स एकेडमी स्कूल हसनगंज में भी शिक्षक दिवस को लेकर विशेष आयोजन किया गया। वही बच्चों ने शिक्षकों के योगदान और उनके मार्गदर्शन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षक उनके जीवन को सही दिशा देने के साथ-साथ उन्हें बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षकों ने भी बच्चों को शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।वही स्कूल के डायरेक्टर राकेश कुमार श्रीवास्तवने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि बच्चों में संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं।



## शिक्षक दिवस पर समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** नेशनल पब्लिक स्कूल मनिहारी कि ओर से विद्यालय परिसर में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल के प्रबन्धक न्यासी रामेश्वर पाण्डेय, प्राचार्य बोध कुमार सिंह तथा प्रबंधक न्यासी डॉ० ओम प्रकाश पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुओ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पार्पण किया गया ।इस अवसर पर प्रबन्धक न्यासी रामेश्वर पाण्डेय ने कहा कि गुरु वह महान कुम्हार है जो मिट्टी की लुगदी से ऐसे मंगल कलश का निर्माण करता है जो मानवता के मंदिर के कंगूर पर विराजमान होकर उच्चयता के मापदंड तय करता है` प्राचार्य बोध कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक शिशु रूपी वट-बीज को महामानव रूपी दरख़्त बनाने वाले होते है शिक्षक दिवस पर स्कूल के छात्रों द्वारा इंग्लिश तथा हिंदी में भाषण तथा शिक्षिका प्रिया कुमारी और मनीष कुमार के संयोजन में तैयार सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत किया गया` समायरा खान, श्रेयष बोष, प्रशांत कुमार, आदर्श कुमार के भाषण तथा पाखी कुमारी, सोनिया कुमारी, शैलजासोनी, अनुष्का कुमारी, अवनि कुमारी, दृष्टी, परी कुमारी, आरोही कुमारी, तृषा कुमारी, जानवी कुमारी, आन्या प्रकाश, शालिनी कुमारी, लवली कुमारी, पायल कुमारी, आरुषि कुमारी, नैन्सी कुमारी, तान्या सिंह तरुण, प्राणिका प्रकाश, इशू कुमारी, माही कुमारी तथा मीठी कुमारी की सांस्कृतिक प्रस्तुति गुरु में संसार समाया, बम बम बोले, कुछ है जुमन सा, टीचर्स डे डांस परफॉरमेंस मिक्स सांग को भरपूर सराहना मिला ।




## ड्रोन छिड़काव कार्य का पौंधा संरक्षण के सहायक निदेशक ने किया निरीक्षण

**कम समय में गुणवत्तापूर्ण छिड़काव से पानी, श्रम और लागत की होती हैं बचत**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में कृषि विभाग के पौधा संरक्षण संभाग के अंतर्गत विभिन्न फसलों में चल रहे ड्रोन छिड़काव कार्य का सहायक निदेशक पौधा संरक्षण जय किशन कुमार ने मुआयना किया। उन्होंने विभिन्न खेतों में ड्रोन के माध्यम से किए जा रहे कीटनाशी एवं तरल उर्वरक के छिड़काव का जायजा लिया तथा ड्रोन सेवा प्रदाता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक ने ड्रोन सेवा प्रदाता को विभागीय दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित मानकों का पालन करते हुए छिड़काव करने तथा फसल के अनुसार रसायनों एवं तरल उर्वरकों की निर्धारित मात्रा में सही डोज का उपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी छिड़काव के लिए निर्धारित मात्रा और तकनीकी मानकों का पालन बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक से कम समय में प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण छिड़काव किया जा सकता हैं । इससे पानी, श्रम और किसानों की लागत— तीनों की बचत होती हैं । आधुनिक तकनीक के उपयोग से किसानों को समय पर पौधा संरक्षण संबंधी कार्य पूरा करने में भी सुविधा मिलती हैं। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए जय किशन कुमार ने कहा कि जिन किसान भाइयों ने अभी तक ड्रोन से छिड़काव के लिए आवेदन नहीं किए हैं,वे विभागीय प्रक्रिया के तहत आवेदन करें। आवेदन करने के उपरांत नियमानुसार उनके खेतों में भी ड्रोन के माध्यम से छिड़काव कराया जाएगा। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीक को अपनाने और विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान कृषि क्लीनिक मनसाही के राहुल आनंद, किसान ललन कुमार, पंकज यादव, रामबली सहित दर्जनों किसान मौके पर मौजूद रहे और ड्रोन के माध्यम से फसलों में हो रहे छिड़काव का अवलोकन किया।



संक्षिप्त समाचार

## साउथ कोरिया ने बना दिया एक्सपोर्ट का रेकॉर्ड, भारत और चीन के लिए खतरे की घंटी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है जबकि चीन दूसरे नंबर पर है। भारत भी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही बड़ी इकॉनमी है। लेकिन साउथ कोरिया की इकॉनमी चुपचाप तेजी से आगे निकल रही है। यह देश हर महीने एक्सपोर्ट के नए-नए रेकॉर्ड बना रहा है। विदेशी निवेशक भारत जैसे देशों से पैसा निकालकर इस देश में लगा रहा है। साउथ कोरिया का शेयर बाजार इस साल सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला मार्केट है।



अगस्त में दक्षिण कोरिया का एक्सपोर्ट सालाना आधार पर 72.5% बढ़ा। यह देश के निर्यात में किसी एक महीने में सालाना आधार पर आई सबसे बड़ी उछाल है। इससे पहले जुलाई में देश के एक्सपोर्ट में 63.0% की बढ़ोतरी हुई थी। दक्षिण कोरिया के एक्सपोर्ट में लगातार 7 महीनों से सालाना आधार पर 40% से ज्यादा की बढ़ोतरी देखी गई है।

**क्यों उछल रहा है एक्सपोर्ट-** दुनियाभर की कंपनियां एआई और डेटा सेंटर में भारी निवेश कर रही हैं। इस कारण दुनियाभर में सेमीकंडक्टर की मांग में भारी तेजी आई है और साउथ कोरिया इसका पूरा फायदा उठा रहा है। अगस्त में सेमीकंडक्टर का एक्सपोर्ट पिछले साल के मुकाबले 209% बढ़कर 46.7 अरब डॉलर हो गया है। साथ ही, कंप्यूटर से जुड़े प्रोडक्ट्स की शिपमेंट में 419.0% की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। अगस्त में साउथ कोरिया से चीन को एक्सपोर्ट में 119.0%, अमेरिका को 89.3%, भारत को 47.3% और यूरोपीय यूनियन को 14.6% की तेजी आई। साउथ कोरिया का शेयर बाजार इस साल सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला मार्केट है। इसमें 80 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इसकी मुख्य वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में सेमीकंडक्टर शेयरों में आई तेजी है। देश की दो कंपनियां सैमसंग और मार्केट कैप इस साल काफी तेजी से बढ़ा है। सैमसंग 1.246 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की 12वीं बड़ी मूल्यवान कंपनी है जबकि 868.51 अरब डॉलर के साथ 17वें नंबर पर है।

## कच्ची चीनी के इंपोर्ट की समय सीमा बढ़ी, बाजार में घट गई कीमत


**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने रॉ शुगर के ड्यूटी फ्री इंपोर्ट के लिए चीनी मिलों की ओर से आवेदन दिए जाने की समय सीमा बढ़ाकर 7 सितंबर कर दी है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया कि अडवांस्ड ऑथराइजेशन को टैरिफ रेट कोटा में बदलने के आवेदन इस समय सीमा के भीतर दिए जा सकते हैं। इस बीच, हफ्तेभर में चीनी का औसत खुदरा भाव राष्ट्रीय स्तर पर 2 रुपये/किलो घटा है।

चीनी की बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के उपायों के तहत इससे पहले 20 अगस्त को कॉमर्स मिनिस्ट्री ने टैरिफ रेट कोटा स्कीम के तहत 31 अक्टूबर तक 10 लाख टन रॉ शुगर के ड्यूटी फ्री इंपोर्ट की इजाजत दी थी। इसी हफ्ते डीजीएफटी ने इस 10 लाख टन में से बचे हुए करीब 2 लाख टन के हिस्से के लिए नए सिरे से आवेदन आमंत्रित किए थे। अब आवेदन करने की सीमा भी बढ़ा दी गई है। इस बीच, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर पर चीनी का खुदरा भाव 61.93 रुपये प्रति किलोग्राम था। यह हफ्ता भर पहले के 64.10 रुपये प्रति किलो से 2 रुपये घटा है।

# अमेरिका-चीन छोड़िए पाकिस्तान से भी पीछे है भारत, कैसे बनेगा डिफेंस एक्सपोर्ट में महाशक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेना के आधुनिकीकरण और बढ़ते जियोपॉलिटिकल तनाव के कारण ग्लोबल डिफेंस सेक्टर काफी तेजी से बढ़ रहा है। ग्लोबल डिफेंस एक्सपोर्ट मार्केट की सालाना वैल्यू 138 अरब डॉलर से ज्यादा है और आने वाले वर्षों में इसमें कई गुना बढ़ोतरी की संभावना है। क्षेत्रीय संघर्षों, सीमा विवादों और बदलती पावर डायनामिक्स के कारण दुनिया के कई देश अपना डिफेंस बजट बढ़ा रहे हैं। ऐसे में भारत के पास इस बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का बेहतरीन मौका है। सरकार डिफेंस सेक्टर में एफडीआई के नियमों में छूट देने पर भी विचार कर रही है।

भारत का रक्षा क्षेत्र से निर्यात 2013-14 के 686 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 38,424 करोड़ रुपये हो गया। इसमें निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 17,353 करोड़ रुपये यानी 45.16 प्रतिशत और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों की हिस्सेदारी 21,071 करोड़ रुपये यानी 54.84 प्रतिशत रही। सरकार ने वर्ष 2029 तक सालाना तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य रखा है।




लेकिन ग्लोबल डिफेंस एक्सपोर्ट में भारत अभी पाकिस्तान से भी बहुत पीछे है। पाकिस्तान की ग्लोबल डिफेंस एक्सपोर्ट में 0.4 फीसदी हिस्सेदारी है और वह हथियार एक्सपोर्ट करने वाले देशों की लिस्ट में 21वें नंबर पर है। पाकिस्तान ने पिछले साल 10 अरब डॉलर की डिफेंस एक्सपोर्ट डील की जो उसके इतिहास में सबसे ज्यादा है। दूसरी तरफ भारत की हिस्सेदारी महज 0.2 फीसदी है और वह इस लिस्ट में 27वें नंबर पर है। दिलचस्प बात यह है कि सिंगापुर जैसे छोटे देश की हिस्सेदारी भी भारत के बराबर है।

इस लिस्ट में अमेरिका 42% हिस्सेदारी के साथ पहले नंबर पर है। उसके बाद फ्रांस (10%), इजरायल (7.8%), साउथ कोरिया (6%), रूस (5.8%), इटली (5.7%), जर्मनी (5.1%), चीन (2.6%), यूके (2.1%) और नीदरलैंड्स (1.8%) हैं। पाकिस्तान का दोस्त और भारत का दुश्मन तुर्की 1.6% हिस्सेदारी के साथ इस लिस्ट में 11वें नंबर पर है।

### भारत का डिफेंस सेक्टर

आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2000 से मार्च 2026 के बीच भारत के रक्षा उद्योगों में 32.29 मिलियन डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार ने इस क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। साथ ही घरेलू स्तर पर भी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल में जारी एक नोट के मुताबिक भारत ने पांच साल में लोकल सप्लायर्स से 15,700 से ज्यादा आइटम खरीदे, जिससे लोकल वेंडर्स के लिए 10,000 करोड़ रुपये का रेवेन्यू बना।

### चीन वर्सेज भारत

चीन घरेलू रक्षा उत्पादन और डिजाइन में ग्लोबल लीडर है। एक अनुमान के मुताबिक चीन ने अपनी रक्षा उत्पादन जरूरतों के लिए 92% लोकल सोर्सिंग हासिल कर ली है। इसी तरह रूस में तैयार रक्षा उपकरणों का 70% हिस्सा स्थानीय स्तर पर बना है जबकि अमेरिका में यह आंकड़ा 69% है। 2025-26 में भारत का डिफेंस प्रोडक्शन 1,78,000 करोड़ रुपये का रहा।

भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट दूसरे देशों की तुलना में काफी कम है। 2025-26 तक भारत का रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

## जहर तो शुद्ध लेने दो... दूध-घी-पनीर तो नकली खा ही रहे थे, सिगरेट को भी नहीं छोड़ा नकलचियों ने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में नकली दूध, मावा, पनीर और दवाएं पकड़े जाने की खबरें आती रहती हैं लेकिन अब सिगरेट भी नकली बनने लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मेरठ के हस्तिनापुर में दूधली खादर गांव में नकली सिगरेट बनाने की फैक्ट्री चलाई जा रही थी। वहां आईटीसी ब्रांड की नकली सिगरेट बनाई जा रही थी। यह कंपनी गोल्ड फ्लेक, क्लासिक, नेवी कट, इंडिया किंग्स और इंसिग्निया जैसे ब्रांड की मालिक है।

नकली सिगरेट बनाने वाली यह फैक्ट्री स्कूल की एक पुरानी बिल्डिंग में चल रही थी। पुलिस ने आईटीसी के अधिकारियों के साथ मिलकर छापा मारकर इसका भंडाफोड़ किया। जानकारी के मुताबिक वहां से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की नकली सिगरेट और 50 लाख रुपये की मशीनें बरामद की गईं। इस सिलसिले में दिल्ली के कारोबारी रवि किशोर को गिरफ्तार किया गया है।

### रोजाना कितनी सप्लाई

पुलिस के मुताबिक सिगरेट बनाने के लिए कच्चा माल कंबोडिया से आ रहा था जबकि तंबाकू राजस्थान से मंगाया जा रहा था। नकली सिगरेट की यूपी, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली में सप्लाई की जा रही थी। रोजाना करीब 50 लाख रुपये का माल सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस का कहना है कि रवि किशोर ने कुछ स्थानीय युवकों के साथ मिलकर स्कूल का पुरानी बिल्डिंग किराए पर ली थी और छह माह से यह काम कर रहा था।

## जीवन बीमा रिवाइवल पीरियड के रूप में देती है दूसरा मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कई सारी बीमा कंपनियां जीवन बीमा यानी कि लाइफ इंश्योरेंस की सुविधा देती हैं। लोग अपने-अपने पसंद से जीवन बीमा लेते हैं और उसका मासिक, छमाही या वार्षिक समय के आधार पर प्रीमियम भरते हैं। ऐसे में कुछ लोगों के साथ ऐसी संभावना होती है कि वे लाइफ इंश्योरेंस के प्रीमियम को समय पर भुगतान करने से चूक जाते हैं। जब यह गलती बार-बार होती है तो इससे लाइफ इंश्योरेंस के लैप्स होने का खतरा बढ़ जाता है।




हालांकि, इस दौरान आपके लिए अच्छी खबर यह है कि बीमा कंपनियां आपको प्रीमियम पेमेंट की सुधार का मौका देती है। इसके लिए रिवाइवल पीरियड काफी अहम होता है। आप यह कह सकते हैं कि रिवाइवल पीरियड पॉलिसीधारकों के लिए 'दूसरा मौका' जैसे होता है। आइए अब इसके बारे में जानते हैं।

**इंश्योरेंस में रिवाइवल पीरियड क्या होता है-** जब आपका लाइफ इंश्योरेंस लैप्स हो जाता है, तो इस दौरान आपको रिवाइवल पीरियड के रूप में दूसरा मौका मिलता है। यह मौका आपकी इस लैप्स हुई पॉलिसी को फिर से शुरू करने के लिए होता है। रिवाइवल पीरियड का समय आपके पहले बकाया प्रीमियम की तारीख से शुरू होता है और पांच साल तक के लिए होता है। देश की अधिकतर बीमा कंपनियां रिवाइवल पीरियड 5 वर्षों के लिए देती हैं। इस दौरान आपको अपने सभी बकाया राशि का भुगतान करना होता है। ऐसे में संबंधित बीमा कंपनी के नियमों का पालन करते हुए आप अपनी लैप्स हुई पॉलिसी को फिर से रिवाइवल पीरियड के जरिए शुरू कर सकते हैं।

# अब हवाई यात्रा भी सुरक्षित नहीं!

## एयर इंडिया की फुकेत-दिल्ली उड़ान की जांच रिपोर्ट खड़े करती है गंभीर सवाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यात्रा से संबंधित हादसों में एयर ट्रैवल का प्रतिशत 0.01 से भी कम है। रेल या सड़क की तुलना में हवाई यात्रा आज भी बेहद सुरक्षित मानी जाती है। हवाई जहाज पर चढ़ते हुए यात्रियों में यह भरोसा रहता है कि वे जिस सफर के लिए जा रहे हैं, उसमें सुरक्षा के जरूरी उपाय किए गए हैं। ऐसा इसलिए भी जरूरी है क्योंकि किसी और माध्यम की तुलना में यहां गलती की गुंजाइश नहीं के बराबर होती है। ऐसे में एयर इंडिया की फुकेत-दिल्ली उड़ान पर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की रिपोर्ट कई गंभीर सवाल खड़े करती है।

प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 36 हजार फीट की ऊंचाई पर तीनों हाइड्रोलिक सिस्टम में कुछ सेकंड के भीतर दबाव कम होने की चेतावनी मिली। इसके बाद ऑटोपायलट बंद हो गया। विमान पहले ऊपर गया और फिर 297 फीट नीचे आया। यह सब चंद सेकंड में ही हुआ, लेकिन कई यात्री घायल हो गए और विमान को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

### चिंता का विषय

रिपोर्ट का इससे भी ज्यादा चिंताजनक पहलू है कमांडिंग पायलट का ड्रग टेस्ट पॉजिटिव आना। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इस हादसे और पायलट के साइकोएक्टिव टेस्ट में फेल होने के बीच कोई संबंध है या नहीं। यह प्रारंभिक जांच है और कई तकनीकी पहलुओं पर स्पष्टता आना बाकी है। अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी, लेकिन इससे विमानों की तकनीकी स्थिति, पायलटों की जांच और नियामकीय निगरानी – तीनों को लेकर चिंता उठती है।

### हमेशा अलर्ट

इस घटना के बाद सरकार हर पायलट का साल में एक बार रैंडम डोप टेस्ट करने पर विचार कर रही है। अभी केवल 10% का ही रैंडम टेस्ट होता है, जो कई दूसरे देशों से बहुत कम है। हालांकि टेस्ट करा लेना ही काफी नहीं। सुरक्षा उपायों में से यह केवल एक कदम है। इस तरह की सतर्कता हमेशा दिखानी चाहिए।

### यात्रियों पर असर

यह घटना इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि अहमदाबाद विमान हादसे की जांच अब भी अधूरी है। ऐसे में सुरक्षा से जुड़ी किसी नई चूक से यात्रियों पर असर पड़ना स्वाभाविक है। बेहतर यही होगा कि आगे की जांच जल्द से जल्द पूरी की जाए और उसके आधार पर एक्शन हो। बीते एक दशक में भारत के घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में 10-12% सालाना की वृद्धि हुई है। भारत इसी दशक में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एयर पैसेंजर मार्केट बन सकता है।

# अलनीनो का असर! छोटी इलायची की बड़ी छलांग, 4,500 किलो पहुंचा दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महंगे मसालों में शुमार इलायची के भाव चढ़े हुए हैं। छोटी इलायची का उपयोग घरेलू रसोई, होटल, रेस्तरां और फूड इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर होता है। त्योहारों के सीजन में इलायची की खपत बढ़ जाती है। भारत के केरल और मध्य अमेरिका के ग्वाटेमाला में इलायची की अच्छी फसल होती है। दोनों ही जगहों पर फसल कमजोर रही है।

खारी बावली में इलायची के थोक विक्रेता और निर्यातक कपिल जैन ने बताया कि पिछले कुछ समय से इलायची की मार्केट तेज है। अलनीनो की वजह से इलायची की पैदावार प्रभावित रही है। अभी इलायची का औसत दाम करीब 3 हजार रुपये किलो है। इसमें बहुत सारे ग्रेड होते हैं। इलायची छांटने के बाद ग्रेड निकालते हैं। प्रत्येक ग्रेड के अपने रेट होते हैं, जो 2700 से 4500 रुपये किलो तक हैं। कपिल जैन ने बताया कि दिन पर दिन तक इलायची के दाम बढ़ रहे हैं।



छोटी इलायची में साइज के हिसाब से रेट होता है। मार्केट में 7 से 9 मिमी की इलायची आ रही है। कुछ वर्षों से तुलना करें तो औसतन 10 प्रतिशत की तेजी आई है। भारत के मुकाबले ग्वाटेमाला में एक एकड़ भूमि पर तीन गुना इलायची पैदा होती है।

### कैसे तय होती है कीमत

नॉर्दन स्पाइसेज ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट रवींद्र अग्रवाल ने बताया कि छोटी इलायची में साइज के हिसाब से रेट होता है। मार्केट में 7 से 9 मिमी की इलायची आ रही है। कुछ वर्षों से तुलना करें तो औसतन 10 प्रतिशत की तेजी आई है। भारत के मुकाबले ग्वाटेमाला में एक एकड़ भूमि पर तीन गुना इलायची पैदा होती है। 7 मिमी की इलायची पान में डलती है। ट्रेडिंग और लेन-देन में 8 मिमी की इस्तेमाल होती है। शादी-ब्याह में 9 मिमी की इलायची का इस्तेमाल होता है।

### और तेजी के आसार

बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि फेस्टिव सीजन में इलायची की मांग बढ़ेगी और दाम कम नहीं होने वाले हैं। कपिल जैन ने बताया कि अनुमान है कि इस वर्ष भारत और ग्वाटेमाला में अधिकतम 35 से 40 हजार टन ही इलायची की फसल रहने वाली है। अभी किसी के पास स्टॉक भी नहीं है।

उन्होंने कहा कि 2027 में भी अलनीनो का असर रहेगा। इलायची की कीमत 5 हजार रुपये किलो तक भी पहुंच जाए तो बड़ी बात नहीं होगी। कपिल जैन ने बताया कि इलायची का इस्तेमाल फार्मेसी, पान-मसाला इंडस्ट्री, स्वीट इंडस्ट्री और चाय में होता है। माउथ फ्रेशनर के तौर पर इलायची का इस्तेमाल भी बढ़ा है। ऐसे में हर जगह इसका असर पड़ेगा।

# फ्री में एलपीजी सिलेंडर, ग्राहकों के बैंक खाते में 3000 भेज रही गोवा सरकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपभोक्ताओं के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, गोवा सरकार अपने राज्य के पात्र लाभार्थियों को हर साल तीन सिलेंडर खरीदने के लिए 3,000 की आर्थिक सहायता देगी। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी। सरकार के मुताबिक, इस योजना के तहत हर साल तीन सिलेंडर की लागत को कवर करने में लाभार्थियों को मदद मिलेगी।

योजना का लाभ लेने के लिए पात्र लोगों को आवेदन करना होगा और जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। आवेदन फॉर्म 5 सितंबर यानी आज शनिवार से पंचायतों और विधायकों के कार्यालयों में उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं, 9 सितंबर से लाभार्थियों के बैंक खातों में 3,000 की राशि जमा होनी शुरू हो जाएगी। बता दें कि यह योजना 2022 के राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए उनके वादे का हिस्सा है। उस समय गोवा की बीजेपी सरकार ने लोगों को हर साल तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था।



**कौन कर सकता है आवेदन-** योजना का फायदा लेने के लिए गोवा निवासी पात्र व्यक्ति को आवेदन फॉर्म भरने के साथ कुछ जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। आवेदक को बैंक पासबुक, आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र की प्रतियां देनी होंगी। दस्तावेज जमा होने और पात्रता पूरी होने के बाद लाभार्थी के बैंक खाते में योजना की राशि मिलनी शुरू होगी। यानी सरकार एलपीजी सिलेंडर सीधे मुफ्त में घर तक पहुंचाने के बजाय उसकी खरीद के लिए 3,000 की सीधी वित्तीय सहायता देगी।

### तमिलनाडु सरकार ने भी किया है ऐलान

हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने तीन मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देने का भी ऐलान किया और कहा कि इसकी राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी। बीते अप्रैल में हुए विधानसभा चुनाव से पहले विजय द्वारा 'अन्नपूर्णी सुपर सिक्स' योजना का वादा किया गया था जिसके तहत तमिलनाडु के प्रत्येक पात्र परिवार को जीवन-यापन का खर्च कम करने के लिए हर साल छह मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने की बात कही गई थी लेकिन शुरुआती चरण में सोमवार को तीन मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देने की घोषणा की गई। विजय ने बताया था कि इस योजना से करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों, आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों, छोटे एवं मध्यम किसानों, दिव्यांगों और गरीब परिवारों को लाभ मिलेगा। इस योजना का लाभ कुल 1,30,16,104 परिवारों को मिलेगा। विजय ने कहा, ''योजना पर काम शुरू हो गया है और यह योजना पोंगल (जनवरी के मध्य) 2027 के अवसर पर शुरू की जाएगी।'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस योजना के लिए हर साल 4,000 करोड़ रुपये आवंटित करेगी।

## चीनी अब भी 60 रुपये, सरसों का तेल 200 रुपये के पार बरकरार, कब गिरेगा दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीनी की कीमतों में पिछले कुछ दिनों में गिरावट जरूर देखने को मिली है। लेकिन अब भी दाम 60 रुपये प्रति किलोग्राम के ऊपर बना हुआ है। वहीं, सरसों का तेल अब भी 200 रुपये के पार ही बिक रहा है। चीनी और तेल ने मिलकर त्योहारों के इस सीजन को थोड़ा फीका बना दिया है। अब लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि कब तक दाम में गिरावट देखने को मिलेगी।

### चीनी के दाम में गिरावट

बीते हफ्ते चीनी का रेट 65.08 रुपये प्रति किलोग्राम था। जोकि अब घटकर 62.57 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गया है। यानी रिटेल मार्केट में कीमतों में 3.85 प्रति किलोग्राम की गिरावट देखने को मिली है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार चीनी का रेट कल शुक्रवार को 59 रुपये प्रति किलोग्राम था।

### सरसों के तेल का दोहरा शतक

पिछले एक महीने से सरसों के तेल का दाम भी सातवें आसमान पर है। कीमतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले साल इसका दाम 187 रुपये प्रति किलोग्राम था। जोकि इस समय 201 रुपये के आस-पास बना हुआ है। बीते एक महीने से सरसों के तेल की कीमतों में कोई खास बदलाव नहीं देखने को मिला।

### कब गिरेगा चीनी और तेल का दाम

चीनी की कीमतों में फिलहाल कोई खास गिरावट की उम्मीद कम ही है। इस इंडस्ट्री पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट के अनुसार चीनी का रेट नई फसल के आने के बाद यानी अक्टूबर के बाद ही गिरने की संभावना है। वहीं, सरसों की कीमतों में आने वाले कुछ हफ्तों में आपको कटौती देखने को मिल सकती है।

### ड्यूटी फ्री चीनी इम्पोर्ट की मिली परमिशन

सरकार ने विदेशों से चीनी आयात करने के लिए खरीदारों को बड़ी छूट देते हुए इसे ड्यूटी फ्री कर दिया है। हालांकि, इसकी सीमा एक मिलियन टन की है। लेकिन उम्मीद की जा रही है कि इससे होलसेल के साथ-साथ रिटेल के दाम भी घटेंगे। इसके अलावा कालाबाजारी रोकने के लिए भी सरकार काफी सख्ती दिखा रही है।

# किसानों की आय बढ़ाने, प्रसंस्करण एवं बाजार उपलब्ध कराने पर डीसी का जोर

## आत्मा की बैठक में उपायुक्त ने दिया निर्देश




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** समाहरणालय सभागार में आज उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आत्मा (कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण) शासकीय निकाय एवं जिला खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए किसानों के हित में योजनाओं के प्रभावी एवं परिणामदायी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2025-26 का लेखा-जोखा जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत वित्तीय वर्ष 2026-27 के एजेंडा एवं कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

**कृषि प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर जोर**-बैठक में किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य दिलाने तथा जिले में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से दाल मिल एवं तेल मिल जैसी बड़ी प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर विशेष जोर दिया गया।

उपायुक्त ने खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना के लिए कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) एवं जिला कृषि पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जिले में ही किसानों के कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन होने से किसानों को अपने उत्पाद के बेहतर दाम प्राप्त होंगे तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की पहल**-उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बंगाल के बड़े व्यापारियों एवं संभावित बाजारों से संपर्क स्थापित किया जाए, ताकि पाकुड़ जिले के किसानों को अपने कृषि उत्पाद बेचने के लिए दूर-दराज के जिलों में भटकना न पड़े।

उन्होंने किसानों को उनके उत्पाद के लिए बेहतर एवं सुलभ बाजार उपलब्ध कराने, बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन को बढ़ावा देने तथा किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने की दिशा में ठोस पहल करने को कहा।

उपायुक्त ने कहा कि किसानों को उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण एवं विपणन तक की पूरी श्रृंखला से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है। स्थानीय स्तर पर बाजार एवं प्रसंस्करण की सुविधा विकसित होने से किसान अपनी उपज को अपनी इच्छानुसार बेहतर मूल्य पर बेच सकेंगे।

**प्रमाणित बीज उत्पादन से किसानों की आय बढ़ाने पर बल**-बैठक में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ- साथ किसानों को चना एवं मसूर के आधार बीज से प्रमाणित बीज उत्पादन से जोड़ने का निर्णय लिया गया।

उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को बीज उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक एवं आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए जिले के अंदर ही गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाए।उन्होंने कहा कि इससे जिले के किसान न केवल गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कर सकेंगे, बल्कि बीज उत्पादन के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन सकेंगे।

**प्रशिक्षण, किसान मेला एवं वैज्ञानिक संवाद को मिली स्वीकृति**-कृषि विस्तार गतिविधियों के अंतर्गत राज्य के बाहर, राज्य के अंदर एवं जिले के भीतर किसानों के प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण के लिए स्थानों का चयन किया गया। साथ ही किसान-वैज्ञानिक अंतरमिलन, किसान गोष्ठी, किसान मेला सहित किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक एवं नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी से जोड़ने वाली विभिन्न गतिविधियों के आयोजन को स्वीकृति प्रदान की गई।

उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि इन गतिविधियों का आयोजन केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि इसका प्रत्यक्ष लाभ किसानों तक पहुंचे तथा उत्पादकता, गुणवत्ता एवं किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित हो। इसके पश्चात राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन जिला कार्यकारी समिति के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों एवं कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा अभिषेक मिश्रा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. माया कुमारी, उप परियोजना निदेशक, जिला उद्योग केन्द्र से ईओडीबी मैनेजर, जिला परिषद के सदस्य, समिति के अन्य सदस्य एवं किसान प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# गुरु ही जीवन के सच्चे पथ प्रदर्शक : फादर अरुण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** संत जेवियर्स विद्यालय, बोकारो स्टील सिटी में शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूल काउंसिल द्वारा भव्य एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नृत्य, संगीत, नाटिका एवं विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने संबोधन में फादर अरुण ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कहा कि गुरु ही जीवन के सच्चे पथप्रदर्शक होते हैं तथा शिक्षक विद्यार्थियों के ज्ञान के साथ-साथ उनके चरित्र एवं भविष्य का भी निर्माण करते हैं। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विशेष नाटिका एवं म्यूजिक क्लब की मधुर गीत प्रस्तुति कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे। शिक्षकों के लिए आयोजित खेलों एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों ने समारोह को उल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएँ बबिता झा, रेणु बहल एवं कार्यालयी स्टाफ सरिता डुंगडुंग के विद्यालय के साथ 25 वर्षों के सफल एवं समर्पित सेवाकाल को भी विशेष रूप से स्मरण किया गया। साथ- ही बॉक्सन के द्वारा उन सभी शिक्षकों के दीर्घकालीन योगदान एवं समर्पण की सराहना की गई जिन्होंने पूर्व वर्ष तक 25 वर्ष पूर्ण किये । मौके पर फादर अरुण मिंज, फादर थॉमस, उप-प्रधानाचार्य देबाशीष गुप्ता, दीपक चौधरी, सिस्टर अनुपमा एवं सिस्टर जेंसी सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# दो साइबर ठग चढ़े पुलिस के हत्थे



**जामताड़ा।** साइबर अपराध के खिलाफ जामताड़ा पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने मिहिजाम थाना क्षेत्र के चरकापहाड़ी मोड़ के पास छापेमारी कर साइबर ठगी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से तीन मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि-सह-थाना प्रभारी राजेश मंडल के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम में पुनि प्रशांत कुमार, पुनि मनीष कुमार गुप्ता व पुअनि हीरालाल महतो शामिल थे। टीम ने कार्रवाई करते हुए मिहिजाम थाना क्षेत्र के चरकापहाड़ी मोड़ के पास से दोनों आरोपितों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपितों में मुस्ताक अंसारी (23), पिता समसुद्दीन मियां, ग्राम शाहपुरा, थाना जामताड़ा तथा मु. आमजाद अंसारी (41), पिता आजाद अंसारी, ग्राम जियाजोरी, थाना मिहिजाम शामिल हैं। मामले में साइबर अपराध थाना में कांड संख्या 54/26, दिनांक 04 सितंबर 2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ आईटी एक्ट एवं टेलीकम्युनिकेशन एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# निरीक्षण में फर्जी निकला निवास प्रमाण पत्र, एफआइआर का आदेश

बरहड़वा। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने शनिवार को 05 पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बरहड़वा प्रखंड में चल रहे एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्य का जायजा लिया। उनके साथ साहिबगंज उपायुक्त दीपक कुमार दुबे भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही शिकायतों की भौतिक जांच की। जाँच के क्रम में प्रखंड के आहुतग्राम के रूबेदा बीबी, रबी शेख, पिंटू शेख व सेंटू शेख द्वारा फर्जी निवास प्रमाण पत्र दस्तावेज के आधार पर मतदाता बनने का प्रयास करने की जानकारी मिली थी।जिसके बाद चिन्हित संदिग्ध लोगों के घरों पर जाकर स्वयं उनसे जानकारी ली। उनसे उनके मतदाता सूची से जुड़ी जानकारी ली। इन चारों को आहुतग्राम स्थित प्रज्ञा केंद्र के संचालक मोहम्मद सलीम ने फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनाकर दिया था। इस पर झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने फर्जी तरीके से प्रमाण पत्र बनाकर मतदाता सूची में शामिल होने का प्रयास करने वाले लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया।साथ ही प्रज्ञा केंद्र संचालक मोहम्मद सलीम के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। सीईओ ने कहा कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर मतदाता सूची में शामिल होने का प्रयास करने वाले लोगों पर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बरहड़वा बीडीओ सन्नी कुमार दास, सीओ अनोज कुमार, नपं इओ दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। जांच के क्रम में सामने आया है कि आहुतग्राम स्थित प्रज्ञा केंद्र संचालक मो सलीम स्थानीय लोगों को कथित तौर पर अवैध ढंग से फर्जी तरीके से प्रमाण पत्र दिया है। एसआईआर के दौरान जब आहुतग्राम के रूबेदा बेवा, रबी शेख, पिंटू शेख व सेंटू शेख को नोटिस मिला तब वे कागजात बनवाने उक्त प्रज्ञा केंद्र गए। जहां प्रज्ञा केंद्र संचालक मो सलीम ने 200-200 रुपये लेकर निवास प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया।

# डायन के आरोप में वृद्धा की हत्या

## घर में घुसकर महिलाओं ने लाठी-डंडे से किया हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** जिले के तालझारी थाना के नेमानीपाथर गांव में शुक्रवार की रात डायन के शक में गांव की आधा दर्जन महिलाओं ने घर में घुसकर 85 साल की ढेंगी मुर्मू व उसके बेटी सुरजमनी हांसदा पर हमला कर दिया।

लाठियों से दोनों की पिटाई की, जिसमें वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई और बेटी जख्मी हो गई।

बेटी को इलाज के बाद घर पर ही विश्राम करने की सलाह दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल छह महिला व एक किशोरी को हिरासत में लिया। महिलाओं को जेल और किशोरी को निरूद्ध कर दिया है।

बताया जाता है कि गांव में तीन दिन पहले बीमारी से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं परिवार के दो सदस्य बीमार हो गए। इस बीच किसी ने मृतक के घरवालों के कान में यह बात डाल दी कि ढेंगी मुर्मू डायन है और उसके कारण ही व्यक्ति की मौत हुई है। महिलाओं ने भी वृद्धा को डायन मान लिया।

शुक्रवार की रात 40 साल की मकोदी हांसदा, 30 साल की रनिया हांसदा, 20 साल की छितामुनि हांसदा, 55 साल की शांति मुर्मू, 35 साल की फूलमनी सोरेन,, 20 साल की लोगाई हांसदा और उनके परिवार की एक किशोरी लाठी डंडा लेकर वृद्धा के घर में घुस गई।

सभी ने वृद्धा पर लाठी से हमला कर दिया। मां को बचाने आई बेटी के साथ मारपीट की। गहरी चोट लगने की वजह से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। रात को सूचना मिलने पर तालझारी थाना की पुलिस गांव पहुंची और शव कब्जे में लेकर घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

मामूली चोट आने की वजह से चिकित्सक ने इलाज के बाद बेटी को घर भेज दिया। पुलिस ने शनिवार की सुबह सभी महिलाओं को हिरासत में लेकर हत्या में प्रयुक्त लाठी व डंडा बरामद किया है।

# सूअर के हमले से बच्ची की मौत

**पटना।** दियारा क्षेत्र के हेतनपुर गांव में शनिवार की अहले सुबह बाढ़ के पानी के तेज बहाव के साथ आए जंगली सूअर ने घर में घुसकर सात वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को परिजन नाव से अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में नाव खराब हो गई। एसडीआरएफ टीम की मदद से उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृत बच्ची की पहचान दाउदपुर निवासी संजय राय की सात वर्षीय पुत्री राधा कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रक्षाबंधन के अवसर पर राधा अपनी मां के साथ हेतनपुर स्थित ननिहाल आई थी। पूर्व मुखिया कन्हाई राय के अनुसार, शनिवार की सुबह बाढ़ के पानी के बहाव के साथ एक जंगली सूअर गांव में पहुंच गया और स्वर्गीय छेदी राय के घर में घुस गया। इसी दौरान उसने राधा पर हमला कर दिया। हमले में बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजन और ग्रामीण उसे नाव से दानापुर की ओर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में नाव खराब हो गई।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

## छात्र -छात्राओं एवं ग्रामीणों को दी गई कानून की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** झालसा रांची के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश पर डालसा सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में आज महेशपुर प्रखंड के अंतर्गत दो अलग अलग स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महेशपुर प्रखंड के अंतर्गत लीगल लिटरेसी क्लब आर के+2 उच्च विद्यालय महेशपुर एवं चंडालमारा पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्र -छात्राओं एवं ग्रामीणों को कानून की जानकारी दी गई।

लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल सिस्टम के सहायक अजफर हुसैन विश्वास ने छात्राओं को मौलिक अधिकार मौलिक कर्तव्य के साथ कानूनी एक्ट पर विस्तृत जानकारी दी। प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाले निःशुल्क कानूनी सहायता नालसा के टॉल फ्री नंबर एवं नालसा के योजनाओं पर जागरूक किया गया। स्थाई लोक अदालत के सदस्य मो अबरारुल हक ने लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही बाल विवाह, बाल मजदूरी के दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान दहेज प्रथा के खिलाफ, शिक्षा के अधिकार,साइबर फ्रॉड से बचाव पर जागरूक किया। मौके पर पंचायत के मुखिया सनमती मरांडी, पैरा लीगल वॉलिंटियर्स पिंटू मरांडी, मणिलाल हेंब्रम, प्रियंका हेंब्रम, उर्मिला हेंब्रम समेत विद्यालय के प्रिंसिपल शिक्षक शिक्षिका एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

# शिक्षक दिवस पर उपायुक्त ने दी शिक्षकों को बधाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति व प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य के निमार्ता हैं। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व, संस्कार, आत्मविश्वास एवं नैतिक मूल्यों के विकास में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने जिले के सभी शिक्षकों से और बेहतर एवं समर्पित प्रयास करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे की प्रतिभा को पहचानकर उसे आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें। शिक्षकों का समर्पण और मार्गदर्शन बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने तथा उन्हें एक जिम्मेदार एवं सक्षम नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य ही जिले एवं देश का उज्ज्वल भविष्य है। इसलिए सभी शिक्षक पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ बच्चों के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। इस अवसर पर उपायुक्त ने जिले के सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की तथा शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# शिक्षक दिवस पर छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

## छात्रों में दिखा उत्सवी माहौल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पाकुड़। स्थानीय विद्यालय डीएवी पब्लिक स्कूल पाकुड़ में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती एवं शिक्षकों द्वारा भारत के महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य, भाषण एवं अन्य मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

विद्यार्थियों ने अपने संबोधन के माध्यम से शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक उनके जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक हैं।विद्यालय के प्राचार्य डॉ चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार एवं मेहनत को अपने जीवन का आधार बनाने के लिए प्रेरित किया।समारोह के दौरान शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और आनंद का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एमएमआरडी बिल के विरोध में धरना सात को

## विधायक हेमलाल मुर्मू ने की कार्यकर्ताओं से धरना सफल बनाने की अपील



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** लिट्टीपाड़ा प्रखंड के रूडगू स्थित विधायक हेमलाल मुर्मू के आवासीय कार्यालय में झामुमो प्रखंड समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रसाद हांसदा ने की। इस दौरान आगामी 7 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय में प्रस्तावित एक दिवसीय धरना कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर रणनीति तैयार की गई और पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक स्थल पहुंचने पर कार्यकताओं ने विधायक हेमलाल मुर्मू का स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक हेमलाल मुर्मू ने केंद्र सरकार द्वारा पारित खान एवं खनिज संशोधन विधेयक के संभावित दुष्परिणामों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विधेयक के लागू होने से राज्य के राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इससे राज्य में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं भी प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकताओं से धरना कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने कहा कि खनिज संपदा से प्राप्त राजस्व झारखंड का अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार खनिज संसाधनों से प्राप्त राजस्व का लाभ पूंजीपति कंपनियों को पहुंचाना चाहती है। उन्होंने कार्यकताओं से 7 सितंबर के धरना कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर शामिल होने का आह्वान किया। मौके पर प्रखंड सचिव जावेद आलम, दानियल किस्कू, सुलेमान बास्की, रंजन साहा, अंसुर अंसारी, करुण मंडल, कृष्णा साहा समेत विभिन्न पंचायतों के अध्यक्ष-सचिव और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घर में घुसकर वृद्धा को चाकू से गोदा, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जाले थाना क्षेत्र के बसंत गांव में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला पवित्री देवी की घर में घुसकर चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। महिला घर में अकेली रहती थीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है और एफएसएल टीम की मदद से मामले की जांच की जा रही है।

दरभंगा के जाले थाना क्षेत्र के बसंत गांव में एक बुजुर्ग महिला की घर में घुसकर चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। जाले थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है।

मृतका की पहचान 70 वर्षीय पवित्री देवी के रूप में हुई है। वह अपने घर में अकेली रहती थीं। उनके पति जीवछ राय का काफी पहले निधन हो चुका था, जबकि उनके दोनों बेटे दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतका के पेट और सीने पर चाकू से वार के कई निशान मिले हैं। घटना की जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया।

बताया जाता है कि शनिवार को बसंत गांव में लोगों ने बुजुर्ग महिला के घर में काफी देर तक कोई हलचल नहीं देखी। ग्रामीणों ने घर का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। इससे लोगों को संदेह हुआ, क्योंकि बुजुर्ग महिला अक्सर घर के बाहर दिखाई देती थीं। इसके बाद ग्रामीणों ने खिड़की से झांककर देखा तो महिला का शव खून से सना हुआ घर के अंदर पड़ा था।

हत्या के बाद ग्रामीणों ने तत्काल जाले पुलिस और पंचायत के मुखिया को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचीं दारोगा दीपशिखा कुमारी ने ग्रामीणों से मृतका के परिवार की जानकारी ली और उनके बेटे-बेटी को घटना की सूचना दी।

# पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** शहर के कांग्रेस भवन में शनिवार को राज्य के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सभी वार्डों में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारियों को दौरा करने का निर्देश दिया। साथ ही, शहर की अलग-अलग समस्याओं की जानकारी लेकर उनके समाधान की अपील की।आलमगीर आलम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्तमान में एसआईआर के तहत जनसुनवाई हो रही है। इस जनसुनवाई के जरिए शहरी क्षेत्र के लोगों को हर संभव मदद करनी है। उन्होंने आम जनता की परेशानियों को सुनकर उन्हें दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुशासन के साथ काम करते हुए पार्टी को आगे बढ़ाने को कहा।उन्होंने बताया कि खनिज संशोधन बिल के खिलाफ रांची में 7 सितंबर को धरना प्रदर्शन होगा। वहीं उन्होंने कहा कि किसी बिल के खिलाफ आगामी 9 सितंबर से प्रखंडों में भी धरना प्रदर्शन किया जाएगा प्रखंड में आयोजित प्रदर्शन में उन्होंने सभी लोगों से इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में हिस्सा लेकर इसे सफल बनाने की अपील की।आलमगीर आलम ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार कई 'काले कानून' लाकर राज्य सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें इसका विरोध करना होगा, क्योंकि खनिज संशोधन बिल का सीधा असर यहां के लोगों पर पड़ेगा। इसलिए हमें अपने हक के लिए आगे आना चाहिए.इस मौके पर आलमगीर आलम ने नगर परिषद में मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद ने हाल ही में विकास मद में आए 2 करोड़ रुपये की योजना को कुछ चुनिंदा वार्डों में ही खर्च करने का प्रस्ताव लिया है, जो गलत है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा चुने गए वार्ड पार्षदों के वार्डों में विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। कुछ वार्ड पार्षदों ने उन्हें बताया है कि दुर्भावना से एकतरफा फैसला लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह अधिकारियों से मिलकर यह मुद्दा उठाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधि संविधान से बंधे होते हैं और सभी के लिए समान होते हैं, इसलिए उन्हें इसका ध्यान रखना चाहिए। आलमगीर आलम ने जिला मुख्यालय की खराब सड़कों के मुद्दे पर कहा कि दुर्गा पूजा से पहले सड़कों की मरम्मत हो जाए, इसका प्रयास किया जाएगा।

# 'रनों और टनों से भरे साल की शुभकामनाएं'

## युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी



**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने शुक्रवार को अपने अभिषेक शर्मा को उनके 26वें जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। अभिषेक शर्मा को एक विस्फोटक बल्लेबाज बनाने में युवराज सिंह का मार्गदर्शक के रूप में अहम योगदान रहा है। युवराज ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए अभिषेक को जन्मदिन की बधाई दी। युवराज ने लिखा, 'सर अभिषेक, यह आपका जन्मदिन है। कितना शुभ दिन है। आप जैसे बन गए हैं, उससे प्यार करें - अपने आस-पास के लोगों के साथ शेयरिंग और केयरिंग, और एक लीडर। हमेशा अपनी नाकामियों से सीखते हैं और हर बार और ज्यादा मेहनत करने को तैयार रहते हैं। आपको रनों और टनों से भरे साल की शुभकामनाएं। हमेशा ढेर सारा प्यार।' वीडियो में युवराज और अभिषेक से रैश शॉट न खेलने के लिए कहते और उसकी गलतियों के लिए उससे सिट-अप करवाते हुए देखे जा सकते हैं। युवराज को यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'बोल मैं पहली बॉल ते लप्पा नहीं मारूंगा। अभिषेक सिट-अप्स में कान पकड़ते हैं और कहते हैं कि मैं पहली बॉल ते लप्पा नहीं मारूंगा। ' वीडियो में दोनों के बीच करीबी रिश्ते को भी दिखाया गया है, जिसमें युवराज के कुछ हल्के-फुल्के मजाक भी हैं। इसमें युवराज, अभिषेक और संजू सैमसन को स्टैंड से विंबलडन इवेंट में शामिल होते हुए भी दिखाया गया है। साझा वीडियो में युवराज ने अभिषेक से पूछा, 'आपको क्या चाहिए?' अभिषेक ने कहा, 'आपका आशीर्वाद,' इस पर युवराज ने कहा, 'हमेशा। '

### बेन शेल्टन ने शापोवालोव को और टियाफो ने वचेरोट को हराकर

# चौथे राउंड में जगह बनाई



**न्यूयॉर्क ।** बेन शेल्टन ने डेनिस शापोवालोव को 3 घंटे 22 मिनट तक चले मुकाबले में हराकर यूएस ओपन 2026 के पुरुष एकल के चौथे राउंड में जगह बना ली है। शेल्टन ने शापोवालोव को 7-6(3), 6-7(5), 6-2, 6-4 से हराया।23 साल के अमेरिकी खिलाड़ी दूसरे सेट में दो बार सर्व नहीं कर पाए, जिससे शापोवालोव को वापसी करने का मौका मिला और फिर टाईब्रेक जीतकर मैच बराबर कर दिया। इस हार से शेल्टन पर कोई खास असर नहीं पड़ा। उन्होंने तीसरे सेट में और ज्यादा आक्रामक तरीके से वापसी की और कनाडाई खिलाड़ी का स्तर गिरते ही फायदा उठाया। एक तेज रिटर्न विनर ने लाइन को पार करते हुए शेल्टन को चौथे राउंड की शुरुआत में ही ब्रेक करने में मदद की, और उन्होंने मुकाबला खत्म करने तक अपनी बढ़त बनाए रखी। इस जीत ने लेक्सस एटीपी हेड टू हेड राइवलरी में शापोवालोव पर शेल्टन के दबदबे को 5-0 कर दिया। उन्हें चौथे राउंड में स्टेफानोस सिटसिपास के साथ मुकाबला मिला है।

पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 ने 18वीं सीड जिरी लेहेका को 2-6, 6-1, 7-6(3), 6-1 से हराकर अपनी वापसी की। दो बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट सिटसिपास ने पहले 10वीं सीड आर्थर फिल्स को हराया था और अब वह टूर्नामेंट में नौ बार खेलने के बाद पहली बार यूएस ओपन के चौथे राउंड में पहुंचे हैं।

टियाफो ने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में लाइट्स के नीचे 1 घंटे 59 मिनट में वैलेंटिन वचेरोट को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया। 11वें सीड खिलाड़ी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, सिर्फ 13 अनफोर्स्ड गलतियों के मुकाबले 30 विनर लगाए और अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 85 प्रतिशत जीता। इस नतीजे के साथ वह यूएस ओपन के चौथे राउंड में छठी बार पहुंचे। सीजन की यह उनकी 40वीं टूर-लेवल जीत थी। टियाफो अब अलेक्जेंडर ज्वेरेव और जैनिक सिनर के साथ 2026 में कम से कम 40 टूर-लेवल जीत वाले अकेले खिलाड़ी बन गए हैं। टियाफो का अगले दौर में सामना मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव आर्थर रिंडरकनेच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर चौथे राउंड में पहुंचे हैं।

# श्री चरणी ने दीप्ति शर्मा को पीछे छोड़ा

## खतरे में पूनम यादव का रिकॉर्ड




**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम दुबई में खेले जा रहे एशिया कप में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। लगातार 2 मैच जीतकर भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ग्रुप स्टेज में टीम इंडिया को पाकिस्तान के खिलाफ एक और मैच खेलना है। गुरुवार को भारतीय टीम ने हांगकांग को 137 रनों से हराया। इस मैच में स्मृति मंधाना के विस्फोटक शतक के साथ ही श्री चरणी ने भी अपनी गेंदबाजी के खास उपलब्धि हासिल की। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 193 रन बनाए थे। हांगकांग 16.2 ओवर में 56 रन पर सिमट गई और 137 रन से हार गई। हांगकांग को 56 पर समेटने में श्री चरणी का अहम योगदान रहा। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने 3.2 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके अलावा, दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट लिए, जबकि नंदिनी शर्मा और प्रेमा रावत को भी 2-2 विकेट लिए।




श्री चरणी ने 2 विकेट लेकर एक साल में सर्वाधिक टी20 विकेट लेने के वाले भारतीय गेंदबाजों की सूची में दीप्ति शर्मा को पीछे छोड़ दिया। चरणी ने 2026 में अब तक 31 टी20 विकेट लिए है। दीप्ति शर्मा ने 2024 में 30 और 2022 में 29 विकेट लिए थे।

एक साल में सर्वाधिक टी20 विकेट लेने का महिला भारतीय रिकॉर्ड पूनम यादव के नाम है। पूनम ने 2018 में 35 विकेट लिए थे। श्री चरणी के पास इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने का भरपूर अवसर है। पूरी संभावना है कि जारी एशिया कप में ही चरणी एक साल में सर्वाधिक टी20 विकेट लेने वाली भारतीय महिला गेंदबाज होने का भारतीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगी। हांगकांग के खिलाफ हुए इस मैच का मुख्य आकर्षण स्मृति मंधाना की शतकीय पारी रही। मंधाना ने 64 गेंदों पर 7 छक्कों और 14 चौकों की मदद से 124 रन की पारी खेली। मंधाना का टी20 क्रिकेट का यह दूसरा और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का 18वां शतक था। मंधाना अब महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं।

### सीपीएल 2026: दासुन शनाका का ऐतिहासिक शतक

# सेंट किट्स ने सेंट लूसिया को 137 रन से हराया



**वार्नर पार्क ।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 के 25वें मैच में श्रीलंकाई बल्लेबाज दासुन शनाका ने इतिहास रच दिया। सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स की तरफ से खेलते हुए शनाका ने लीग के इतिहास का सबसे तेज शतक लगाया। शनाका की शतकीय पारी की बदौलत सेंट किट्स ने सेंट लूसिया किंग्स को 137 रन के विशाल अंतर से हराया। सेंट लूसिया किंग्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंट किट्स की तरफ से पारी की शुरुआत जॉनसन चार्ल्स और काइल मायर्स ने की। शुरुआत अच्छी नहीं रही और मायर्स मात्र 1 रन बनाकर 8 के स्कोर पर पहले विकेट के रूप में आउट हुए। चार्ल्स और फ्लेचर ने दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों पर 81 रन की साझेदारी की। चार्ल्स 23 गेंदों पर 26 रन बनाकर दूसरे विकेट के रूप में आउट हुए। इसके बाद दासुन शनाका चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए।

# बीसीसीआई ने किया ऐलान: पहली बार भारत और जापान के बीच खेला जाएगा टी20 मुकाबला

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के मौके पर इस महीने के आखिर में दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक टी20 इंटरनेशनल मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को इस बात की घोषणा की है। 'सुजुकी कप' नाम का यह मैच 22 सितंबर को तोचिगी प्रान्त के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। यह मैच 'स्पोर्ट 75' नाम की एक बड़ी द्विपक्षीय पहल की शुरुआत करने वाला मुख्य कार्यक्रम है। यह पहल जापानी प्रधानमंत्री सनाए तकाइची और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच शिखर सम्मेलन में हुए समझौते से शुरू हुई थी, जिसका मकसद खेलों के आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देना है। शुक्रवार को बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में कहा, 'बीसीसीआई इस ऐतिहासिक मौके का हिस्सा बनकर खुश है, क्योंकि भारत और जापान की पुरुष टीमें जापान में एक खास टी20 इंटरनेशनल मैच के लिए एक साथ आ रही हैं। यह क्रिकेट के लिए एक अहम पल है, क्योंकि इससे भारतीय टीम एक नई जगह पर जा रही है और जापान व पूर्वी एशिया में ज्यादा लोगों तक खेल को पहुंचाने का मौका मिल रहा है। '




उन्होंने आगे कहा, 'भारत और जापान के बीच मजबूत रिश्ते और लंबे समय से चली आ रही दोस्ती है। हमें खुशी है कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के 75 साल पूरे होने के जश्न में क्रिकेट भी शामिल होगा। हम इस मैच को मुमकिन बनाने की कोशिशों के लिए जापान क्रिकेट एसोसिएशन (जेसीए) का शुक्रिया अदा करते हैं। '

सैकिया ने आगे कहा कि भारतीय बोर्ड गैर-पारंपरिक इलाकों में खेल के विस्तार की कोशिशों में मदद करने की अपनी जिम्मेदारी को समझता है। उन्होंने कहा, 'बीसीसीआई का मानना ??है कि क्रिकेट का विकास इसके पारंपरिक इलाकों से आगे बढ़ना चाहिए, और दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट बोर्ड के तौर पर हम उस विकास में योगदान देने की अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। बीसीसीआई, जापान में क्रिकेट को और मजबूत करने और आने वाले वर्षों में इस रिश्ते को और आगे बढ़ाने के लिए जेसीए के साथ मिलकर काम करेगा। '

फैन्स की बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए आयोजक सानो वेन्यू की क्षमता को आमतौर पर 500 दर्शकों से बढ़ाकर 2,000 करने की योजना बना रहे हैं। जल्द ही आधिकारिक तौर पर टिकटों की बिक्री शुरू होने की उम्मीद है। भारतीय पुरुष टीम 24 सितंबर से 3 अक्टूबर तक एशियन गेम्स के पुरुष इवेंट में खेलने के लिए जापान आ रही है।

जापान क्रिकेट एसोसिएशन के चीफ एग्जीक्यूटिव नाओकी मियाजी ने मौजूदा वर्ल्ड चैंपियंस के आने को स्थानीय स्तर पर इस खेल के लिए एक बड़ा बदलाव बताया। 'मौजूदा वर्ल्ड चैंपियंस को जापान में क्रिकेट के लिए घर में बुलाना हमारी एसोसिएशन के लिए एक यादगार पल है।

# 10,000 रन की लिस्ट में 3-4 और भारतीय खिलाड़ियों को देखना चाहती हूं: स्मृति

**दुबई ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने दुबई में टी20 फॉर्मेट में खेले जा रहे महिला एशिया कप में गुरुवार को हांगकांग के खिलाफ खेले गए मैच में 64 गेंदों पर 124 रनों की पारी खेली। अंतरराष्ट्रीय टी20 में मंधाना का यह दूसरा और ओवरऑल 18वां शतक था। मंधाना अब अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक और सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। स्मृति मंधाना का भारत में महिला क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान रहा है। मंधाना ने तीनों ही फॉर्मेट में अपनी दमदार बल्लेबाजी दर्शकों का ध्यान महिला क्रिकेट की तरफ खींचा है। साथ ही लड़कियों में क्रिकेट खेलने के प्रति रुचि जगाई है। हांगकांग के खिलाफ भारतीय टीम की 137 रन से जीत के बाद मंधाना ने बीसीसीआई द्वारा साझा वीडियो में कहा, 'मुझे हमेशा लगता था कि यह मेरा काम है। मैंने कभी भी रिकॉर्ड्स और नंबर्स और इंडिया के लिए जीते गए मैचों की संख्या के अलावा किसी और चीज के बारे में नहीं सोचा। यह एक ऐसा पैमाना है जिसे आप वापस लेते हैं। आप यह वापस नहीं लेते कि आपने कितने रन या रिकॉर्ड तोड़े हैं। ' मंधाना ने कहा, 'अगर मेरी वजह से दस प्रतिशत लड़कियां भी बैट और बॉल उठाकर क्रिकेट खेलना शुरू करती हैं, तो मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा होगा जिस पर मुझे हमेशा गर्व और खुशी होगी। 'अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का कीर्तिमान हासिल करने पर मंधाना ने कहा, 'मिताली को देखते हुए बड़ी हुई हूं। वह हर किसी के लिए आदर्श रही हैं। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं 10,000 तक पहुंचूंगी और उनसे आगे निकल जाऊंगी। उम्मीद है कि 10,000 की लिस्ट में इंडियन सेट-अप से तीन-चार और खिलाड़ी होंगे और मैं इसी से आंकलन करना चाहूंगी। अगर मैं सवाल पर वापस आऊं, तो टॉप पांच लिस्ट में तीन या चार को साथ रखना बहुत अच्छा होगा, और वहां तीन या चार भारतीय होंगे। मुझे लगता है कि मैं इसी से अपने करियर को आंकूंगी। '



स्मृति अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हो गई हैं। तीनों फॉर्मेट मिलाकर उन्होंने 10,880 रन बनाए हैं। हांगकांग के खिलाफ मैच में उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज के 10,868 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा।

मंधाना ने अपने खेल में सुधार की बात की। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगी कि आप एक बल्लेबाज या गेंदबाज के तौर पर कभी पूरे होते हैं। अगर आपको ऐसा लगता है, तो क्रिकेट हमेशा आपको दिखाएगा कि आप पूरे नहीं हैं। '

# दलीप ट्रॉफी: फाइनल में साउथ जोन के लिए खेलेंगे पडिक्कल और सिराज

**नई दिल्ली ।** भारत के इंटरनेशनल खिलाड़ी देवदत्त पडिक्कल और मोहम्मद सिराज दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले मे साउथ जोन की तरफ से खेलेंगे। खिताबी मुकाबले में साउथ जोन की भिड़ंत ईस्ट जोन से 6 सितंबर से होनी है। ये दोनों खिलाड़ी हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में खेले थे, जिसे भारत ने 1-0 से अपने नाम किया था। इस सीरीज में पडिक्कल का प्रदर्शन दमदार रहा था और उन्होंने 2 टेस्ट मैचों में 328 रन बनाए थे। पडिक्कल के बल्ले से दोनों ही मुकाबलों में शतकीय पारी निकली थी और वह 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' रहे थे। सिराज का प्रदर्शन भी श्रीलंका के खिलाफ बढ़िया रहा था और उन्होंने कुल 4 विकेट अपने नाम किए थे। हालांकि, इन दोनों को फाइनल के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन यह साफ नहीं है कि इन्होंने टीम में किसकी जगह ली है। 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' के अनुसार, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन और तिलक वर्मा नियमित रूप से भारत की टी20 टीम का हिस्सा हैं। इसके बावजूद, उनके दलीप ट्रॉफी का फाइनल खेलने की संभावना है। पडिक्कल और सिराज को फाइनल मुकाबले के लिए साउथ जोन के स्क्वॉड में शामिल किया गया है। हालांकि, यह मैच 10 सितंबर को खत्म होगा, जबकि भारत की अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज सिर्फ तीन दिन बाद शुरू होनी है। फिर भी उम्मीद की जा रही है कि ये खिलाड़ी फाइनल में खेल सकते हैं। तिलक ने हाल ही में नॉर्थ जोन के खिलाफ सेमीफाइनल में साउथ जोन के लिए शानदार शतक लगाया था और रेड-बॉल टूर्नामेंट के फाइनल में खेलने की इच्छा जाहिर की थी। तिलक वर्मा ने गुरुवार को कहा, 'मैं दलीप ट्रॉफी का फाइनल खेलना चाहता हूं। अभी हमारा मैच खत्म हुआ है और अफगानिस्तान के खिलाफ पहला टी20 मैच 13 सितंबर को है। इसी कारण मेरे पास फाइनल खेलने का समय है। फाइनल के बाद हमारे पास दो दिन का ब्रेक भी रहेगा। अगर मैं 11 सितंबर को टीम से जुड़ता हूं, तो एक दिन अभ्यास कर सकता हूं और फिर मैच खेलने के लिए तैयार रहूंगा।' तिलक ने सेमीफाइनल में साउथ जोन की कप्तानी की थी, जबकि ईशान किशन ईस्ट जोन की कमान संभालते हुए नजर आए थे। वैभव सूर्यवंशी ने ईस्ट जोन के उपकप्तान की जिम्मेदारी संभाली थी।




### पाक टीम में हुए बदलावों को लेकर गिलेस्पी ने की आकिब जावेद की आलोचना

# बोले- डरकर खेल रहे खिलाड़ी

**एडिलेड।** पाकिस्तान के पूर्व हेड कोच जेसन गिलेस्पी ने इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट दौरे के बीच टीम में किए गए बड़े बदलावों के बाद चीफ सिलेक्टर आकिब जावेद की जमकर आलोचना की है। उन्होंने कहा कि नेशनल टीम के खिलाड़ी डर के साये में खेल रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में मिली बड़ी हार के बाद कड़े फैसले लिए हैं।

बोर्ड ने हेड कोच सरफराज अहमद और गेंदबाजी कोच उमर गुल को उनके पद से हटा दिया। इसके अलावा मोहम्मद रिजवान, इमाम-उल-हक और सलमान अली आगा समेत सात खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर घर भेज दिया गया है। यह कार्रवाई हेडिंग्ले और लॉर्ड्स में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद की गई।

2024 में पाकिस्तान टीम को कोचिंग देने वाले गिलेस्पी ने कहा कि अचानक हटाए जाने से पता चलता है कि जावेद की अगुवाई वाली सिलेक्शन कमेटी में रणनीतिक दिशा की पूरी तरह कमी है।

शुक्रवार को गिलेस्पी ने कहा, 'मुझे खिलाड़ियों के लिए बुरा लगता है, यह उनकी रोजी-रोटी है। बाहर से देखने पर ऐसा लगता है कि वे डरकर खेल रहे हैं। सलमान अली आगा इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में टीम की कप्तानी करते हैं, फिर दूसरे टेस्ट के लिए टीम से बाहर हो जाते हैं और तीसरे टेस्ट से पहले घर लौटने वाले प्लेन में होते हैं। यह कैसे होता है? यह बिल्कुल साफ है कि उनके पास कोई सिलेक्शन रणनीति नहीं है, खासकर आकिब जावेद के नेतृत्व में। वे अपनी राय वैसे ही बदलते हैं, जैसे पैंट बदलते हैं- रोजाना। '

# भारतीय अंडर 19 टीम के लेग स्पिनर रोहित यादव पर 2 साल का बैन

## उम्र में गड़बड़ी के कारण कार्रवाई

**नई दिल्ली ।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) को रोहित यादव के जन्म से जुड़े कागजात में उम्र को लेकर बड़ी गड़बड़ी मिली है, जिसके बाद भारत की अंडर-19 पुरुष टीम के लेग-स्पिनर पर दो साल का बैन लगा दिया गया है। यादव जुलाई में श्रीलंका दौरे पर गई भारत की अंडर-19 पुरुष टीम का हिस्सा थे और उन्होंने यूथ टेस्ट में 6 विकेट भी लिए थे। हालांकि, कागजात की जांच में जन्म-रिकॉर्ड में बड़ी गड़बड़ी पाए जाने के बाद अब उन्हें खेल के सभी फॉर्मेट में खेलने से रोक दिया गया है। इस कारण उन्हें उस टीम से भी बाहर कर दिया गया है, जो इस महीने के आखिर में राजकोट और अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के खिलाफ पांच वनडे और दो मल्टी-डे मैच खेलने वाली है। शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने 'आईएएनएस' को बताया, 'हां, सीएबी से जानकारी मिलने के बाद उन्हें टीमों से हटा दिया गया है। दोनों टीमों में उनकी जगह कौन लेगा, इस बारे में बाद में पता चलेगा।' सीएबी की जांच में यादव से जुड़े कई दस्तावेजों में अलग-अलग जानकारी मिली। जांच के दौरान उनके तीन अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्र सामने आए, जिनमें जन्म वर्ष 2006, 2007 और 2009 दर्ज है। इसके अलावा, 2014 से 2021 के बीच उनके आधार कार्ड की जानकारी में भी कई बार बदलाव किए गए थे। माना जा रहा है कि इन अलग-अलग रिकॉर्ड की वजह से उनकी उम्र को लेकर करीब 27 महीने का अंतर सामने आया है।




सीएबी की कार्रवाई के तहत, उम्र में गड़बड़ी और कागजात में अनियमितताओं के कारण कुल 65 खिलाड़ियों को 2026-27 और 2027-28 घरेलू सीजन के लिए रजिस्ट्रेशन या ट्रांसफर से रोक दिया गया है। सजा पाने वालों में भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रवि कुमार भी शामिल हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अंडर-19 विश्व कप 2022 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 34 रन देकर 4 विकेट लिए थे और भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, सीएबी की जांच में रवि कुमार की उम्र से जुड़े रिकॉर्ड में 45 महीने का अंतर पाया गया है। इसके चलते 2021/22 से 2025/26 सीजन के बीच जूनियर और उम्र-वर्ग की प्रतियोगिताओं में उनके सभी रिकॉर्ड अमान्य माने जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष एल. ख्यांगते को बड़ा झटका, सीआईडी कोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के तत्कालीन अध्यक्ष एल. ख्यांगते को सीआईडी की विशेष अदालत से झटका लगा है। अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया। जमानत याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें 2 सितंबर को पूरी हो गई थीं, जिसके बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को सीआईडी की विशेष अदालत ने अपना फैसला सुनाया। जमानत नहीं मिलने के बाद अब एल. ख्यांगते ऊपरी अदालत का रुख कर सकते हैं और वहां जमानत की अर्जी दाखिल करने की संभावना है।

### तालाब से महिला और बच्ची का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तालापारा गांव के समीप तालाब से महिला और बच्ची का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजने की प्रक्रिया शुरू की। थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि महिला की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

### तालाब में मिले मां-बच्चे के शव की हुई पहचान

**मेदिनीनगर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तालापारा गांव के समीप तालाब से शनिवार को मिले महिला और मासूम बच्चे के शव की पहचान हो गई है। महिला की पहचान रंजू देवी, पति अरुण महतो के रूप में हुई है, जबकि बच्चा उनका करीब डेढ़ वर्षीय पुत्र बताया गया है। दोनों के शव तालाब में मिले थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

### निर्माणाधीन मकान में करंट से मजदूर की मौत

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इमली चौक के पास निर्माणाधीन मकान में ढलाई के दौरान करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई।

# 27 नवंबर को होगा बाल विवाह समाप्ति का अंतरराष्ट्रीय दिवस

**संयुक्त राष्ट्र महासभा के फैसले का गिरिडीह में स्वागत, बनवासी विकास आश्रम ने कहा- भारत से उठी आवाज बनी वैश्विक संकल्प**



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल विवाह के खिलाफ लंबे समय से चलाए जा रहे अभियान को बड़ी वैश्विक पहचान मिली है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 4 सितंबर 2026 को 27 नवंबर को ह्वाबाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवसह्व घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। संयुक्त राष्ट्र के इस ऐतिहासिक फैसले का गिरिडीह में बाल विवाह के खिलाफ जमीनी स्तर पर अभियान चला रहे जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम ने स्वागत किया है।बनवासी विकास आश्रम के सचिव सुरेश कुमार शक्ति ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का यह निर्णय बाल विवाह के खिलाफ भारत में चल रहे नागरिक समाज के प्रयासों को मिली वैश्विक मान्यता है। उन्होंने कहा कि भारत से उठी आवाज आज पूरी दुनिया का संकल्प बन गई है। यह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है कि बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक दिवस के लिए 27 नवंबर की तारीख चुनी गई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में इसी दिन भारत सरकार ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन और उसके सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत की थी। अब संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसी तारीख को अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किए जाने से इस अभियान को नई ताकत मिली है। सुरेश शक्ति ने कहा कि यह केवल जश्न मनाने का अवसर नहीं, बल्कि जिम्मेदारी बढ़ने का समय है। दुनिया के हर बच्चे को बाल विवाह से मुक्त बचपन दिलाना अब सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि गिरिडीह जिले में सरकार और प्रशासन के सहयोग तथा कानूनी हस्तक्षेप के माध्यम से एक हजार से अधिक बाल विवाह रुकवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक जिले के किसी गांव में एक भी बच्चा बाल विवाह के खतरे में है, तब तक यह लड़ाई अधूरी है। भुवन ऋभु की पहल को मिली वैश्विक मंजूरी जेआरसी के संस्थापक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता भुवन ऋभु ने बाल विवाह के खात्मे के लिए अलग अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने की पहल की थी। मार्च 2026 में संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने एक बार फिर बाल विवाह के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने के लिए प्रस्ताव लाने की बात कही थी। इस पहल को सिएरा लियोन की फर्स्ट लेडी डॉ. फातिमा मादा बायो सहित कई वैश्विक नेताओं का समर्थन मिला। इसके बाद सिएरा लियोन ने भारत समेत करीब 50 देशों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव में 27 नवंबर को बाल विवाह समाप्त करने के लिए समर्पित वैश्विक दिवस घोषित करने की मांग की गई थी, जिसे 4 सितंबर 2026 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंजूरी दे दी। जेआरसी के अनुसार, संगठन अपने सहयोगी संगठनों के साथ देश के सभी 782 जिलों में बाल विवाह के खिलाफ अभियान चला रहा है। सरकार, प्रशासन और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग से समुदायों, स्कूलों, पंचायतों, आदिवासी एवं वंचित समुदायों, महिलाओं, युवाओं, धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों को इस अभियान से जोड़ा गया है।

# झारखंड पर्व है करमा, हमारी संस्कृति और पहचान : अजय पासवान

**करमा पर्व को लेकर बैठक में बनी आयोजन की रूपरेखा, एक स्थल पर होगा आयोजन**

**भुरकुंडा (रामगढ़), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा क्षेत्र अंतर्गत नीचे धौड़ा में करमा पर्व को पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक तौर-तरीकों के साथ मनाने को लेकर शनिवार को सैकड़ों करमा पर्व प्रेमियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बागेश्वर करमाली ने की, जबकि संचालन आजाद भुइयां ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि करमा पर्व का आयोजन अलग-अलग स्थानों पर न कर वर्षों से जिस स्थल पर पर्व मनाया जाता रहा है, उसी स्थल पर सामूहिक रूप से किया जाएगा। इस दौरान करमा पर्व के सफल आयोजन के लिए भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान को अध्यक्ष, अशोक राम को सचिव तथा सुरेंद्र भुइयां को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि करमा पर्व के दौरान विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं करमा डाली विसर्जन के अवसर पर ढोल-नगाड़ों और मधुर गीतों के साथ माता-बहनों की सहभागिता में भव्य जुलूस निकाला जाएगा। आयोजन को सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न कराने की बात कही गई। भुरकुंडा मुखिया सह करमा पर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय पासवान ने कहा कि करमा झारखंडवासियों का पर्व है और यह हमारी संस्कृति एवं पहचान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि करमा पर्व को प्राकृतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जाएगा। पर्व के दौरान विधिवत पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन के अवसर पर भव्य जुलूस निकाला जाएगा।

उन्होंने आयोजन में सभी लोगों से सहयोग की अपील की। बैठक में अजय पासवान, आजाद भुइयां, राजेंद्र करमाली, विकराल करमाली, झबर रविदास, लाली करमाली, राम कुमार, राजेश करमाली, नकुल राम, शत्रुघ्न राम, बबलू कॉल, भुवनेश्वर राम, मनोज करमाली, शिवचरण करमाली, अजय राम, वीरेंद्र भुइयां, बंटी करमाली, बबलू राम, किशोर राम, विशाल भुइयां, नरेश राम, बालो राम, द्रोपदी देवी, कौशल्या देवी, कजो देवी, राखी देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# ऑपरेशन प्रहार में उत्कृष्ट कार्रवाई करने वाले सात पुलिसकर्मी सम्मानित



**मेदिनीनगर,पलामू/नवबिहार टाइम्स सं.।** पुलिस अधीक्षक श्री कपिल चौधरी की अध्यक्षता में ब्लॉक बी स्थित सभागार में आयोजित अपराध गोष्ठी के दौरान ऑपरेशन प्रहार के तहत मादक पदार्थों एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध उत्कृष्ट कार्रवाई करने वाले सात पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी को प्रशस्ति पत्र एवं चेक प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की।

सम्मानित होने वालों में पुलिस निरीक्षक सह हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार, सतबरवा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी नीरज कुमार, नौडीहा बाजार थाना के मनोज कुमार सिंह व सहायक अवर निरीक्षक राजेश बैठा, तथा सैट-97 (जैप-8 लेस्लीगंज) के आरक्षी मनोज कुमार सिंह एवं आरक्षी अमीत कुमार यादव शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मादक पदार्थों और अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई में इन पुलिसकर्मियों की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने सम्मानित पदाधिकारियों एवं जवानों को भविष्य में भी निष्ठा, तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# जीडीपी के आंकड़ों से नहीं छिप सकती जनता की परेशानी : धनंजय सिंह

**महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना**



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव धनंजय सिंह ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश को 7.8 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ के आंकड़े बताकर भारत के तेजी से आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। आंकड़ों की बाजीगरी और जुमलेबाजी से देश की जनता की समस्याओं को छिपाया नहीं जा सकता। धनंजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री खुद विदेश यात्रा पर हैं और देशवासियों से विदेश यात्रा नहीं करने तथा सोना नहीं खरीदने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक परेशानियों से जूझ रही है। ऐसे में केवल विकास दर के आंकड़े पेश कर देश में जश्न का माहौल बनाना वास्तविक स्थिति से आंखें मूंदने के समान है। उन्होंने कहा कि सरकार को आंकड़ों के पर्दे के पीछे छिपने के बजाय देश की जमीनी हकीकत को समझने की जरूरत है। जनता की समस्याओं पर ध्यान देकर उन्हें राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। धनंजय सिंह ने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम पर भी तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जिस ह्वमन की बातह्व को देश की जनता से करते हैं, उसमें अपनी नहीं बल्कि जनता के मन की बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की जनता के मुद्दों और परेशानियों को प्राथमिकता देना ही सरकार की वास्तविक जिम्मेदारी है।

# 36 वार्डो की समस्याओं को लेकर माले का 36 दिवसीय महाअभियान शुरू

**वार्ड वार लोगों से भरवाए जा रहे आवेदन, फोटो-वीडियो से दर्ज होगी जमीनी हकीकत**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर निगम क्षेत्र के सभी 36 वार्डों की जन समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान की मांग को लेकर भाकपा(माले) ने 36 दिवसीय महाअभियान शुरू किया है। अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड के लिए एक दिन निर्धारित कर लोगों से समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए जा रहे हैं।



साथ ही समस्याओं की फोटो-वीडियो और भुक्तभोगियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं क अभियान की शुरुआत शनिवार को वार्ड नंबर एक से हुई। माले नेता राजेश सिन्हा ने बताया कि सर्वे के दौरान कल्याणडीह, हाई स्कूल रोड, गद्दी मोहल्ला, भवानी चौक, पेठियाटांड, हरिजन टोला, शांति नगर समेत कई इलाकों में नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सफाई और जलजमाव जैसी समस्याएं सामने आईं। कई स्थानों पर नालियों के स्लैब टूटे मिले और नालियों की सफाई नहीं होने से घरों में गंदा पानी घुसने की शिकायत मिली। सर्वे में पेयजल की समस्या भी प्रमुख रूप से सामने आई। लोगों ने बताया कि निगम की पाइपलाइन बिछी होने के बावजूद पानी की आपूर्ति नहीं होती, जबकि अधिकांश चापाकल खराब हैं। रानी तालाब के सुंदरीकरण और घाट निर्माण की मांग भी लोगों ने रखी। वहीं, शांति नगर के नाले का पानी सोना महतो तालाब में जाने से छठ और दुर्गा पूजा के दौरान परेशानी होने की बात कही गई। राजेश सिन्हा ने बताया कि अभियान की जानकारी वार्ड पार्षद अनिल राम और नगर आयुक्त को दी गई है। पार्षद ने कुछ कार्यों का टेंडर हो जाने और जल्द काम शुरू होने की जानकारी दी है। सिन्हा ने कहा कि सभी 36 वार्डों की समस्याओं की रिपोर्ट तैयार कर हजारों आवेदन के साथ नगर निगम का रुख किया जाएगा। मेयर, डिप्टी मेयर और सभी वार्ड पार्षदों से मिलकर समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी। जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 36वें वार्ड के सर्वे के समापन का दिन अभियान का सबसे महत्वपूर्ण दिन होगा। वार्ड नंबर एक के अभियान की जिम्मेदारी किशन सिन्हा, मनोहर यादव, रवि राय, मो. आशिफ, उमाचरण और रिंकू साव को दी गई है।

# क्यूआर कोड स्कैन कर दर्ज होगी पुलिसकर्मियों की मौजूदगी, चौपारण में ई-बीट व्यवस्था लागू

**चौपारण (हजारीबाग), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए चौपारण थाना क्षेत्र में ई-बीट पुलिसिंग व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थानों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं। पुलिसकर्मी इन स्थानों पर पहुंचकर ह्यारक्षक ऐपह्न के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन करेंगे, जिससे उनकी उपस्थिति और गश्ती का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि निर्धारित बीट प्वाइंट पर पहुंचने के बाद पुलिसकर्मी रक्षक ऐप खोलकर वहां लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन करेंगे।

इससे पुलिस अधिकारियों को डिजिटल माध्यम से यह जानकारी मिल सकेगी कि संबंधित पुलिसकर्मी निर्धारित स्थान पर पहुंचे या नहीं। साथ ही गश्ती व्यवस्था की नियमित निगरानी और पुलिसकर्मियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी।

वर्तमान में दानुवा घाटी, माधगोपाली, महाराजगंज बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, होटल चेतना, बैंक ऑफ इंडिया क्लब मोड़ और बैंक ऑफ इंडिया एटीएम समेत कई महत्वपूर्ण स्थानों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं। पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के अन्य संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थलों को भी चिह्नित किया जा रहा है। इन स्थानों पर भी चरणबद्ध तरीके से क्यूआर कोड लगाए जाएंगे।

ई-बीट पुलिसिंग के माध्यम से पुलिस गश्ती को तकनीक से जोड़ने के साथ-साथ संवेदनशील इलाकों में निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पुलिस की मौजूदगी का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध रहेगा और गश्ती व्यवस्था में पारदर्शिता व जवाबदेही बढ़ेगी।

# शिक्षक दिवस पर विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित

**रामगढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीकृष्ण विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में भाषण, कविता, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के हाव-भाव एवं शिक्षण विधि का अनुसरण करते हुए अपनी भूमिका निभाई, जिसे सभी ने सराहा। विद्यालय की प्राचार्या गुरप्रीत कौर ने गुरु के महत्व, सम्मान एवं शिक्षक दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शिक्षक के योगदान से अवगत कराया। विद्यालय प्रबंध समिति के



अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता), सचिव विमल किशोर जाजू एवं संयुक्त सचिव अशोक अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विद्यालय अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि गुरु का महत्व बहुत महान होता है। गुरु हमें केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि सही और गलत में अंतर करना, अच्छे संस्कार अपनाना और जीवन में आगे बढ़ना भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु को ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश की उपाधि दी गई है। गुरु हमारे व्यक्तित्व एवं भविष्य का निर्माण करते हैं और स्वयं प्रकाशमान होकर दूसरों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। विद्यालय के संस्थापक सदस्य हनुमान प्रसाद गुप्ता ने गुजरात के सूरत से शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को बधाई दी। कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने अनुशासन का कार्यभार संभालते हुए शिक्षक की भूमिका निभाई, जिसने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर गुरु के महत्व के गीत से गूंज उठा। प्राचार्या गुरप्रीत कौर ने सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यों की सराहना की।

# इनर व्हील क्लब सनशाइन ने धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**गिरिडीह, नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन की ओर से क्लब प्रेसिडेंट राखी झुनझुनवाला के आवास पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पारंपरिक वेशभूषा एवं सोलह श्रृंगार में सजी क्लब की सदस्यों ने भजन-कीर्तन, नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत राधा कृष्ण नृत्य रहा। वैद्यही झुनझुनवाला, आराध्य झुनझुनवाला समेत अन्य बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। पुष्पवर्षा के बीच हुई प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। क्लब प्रेसिडेंट राखी झुनझुनवाला ने अपनी पुत्री के साथ सुंदर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर सदस्यों के बीच माखन से भरी छोटी मटकियां प्रसाद के रूप में वितरित की गईं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई के प्रतीक स्वरूप हाथ से बनी बांसुरी भी उपहार में दी गई। वहीं फलाहारी अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में आईएसओ नमिता जग्गाल के नेतृत्व में इको-फ्रेंडली गजरा मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। सदस्यों ने प्राकृतिक फूल पत्तियों से आकर्षक गजरे तैयार किए। प्रतियोगिता में शशि जैन ने प्रथम, सोनाली तारवे ने द्वितीय और ट्विंकल रुंगटा सुमित गुप्ता ने तृतीय स्थान हासिल किया। समय की महत्ता को लेकर क्लब की ओर से पंक्चुअलिटी अवॉर्ड की भी शुरुआत की गई।

# डीएवी सीसीएल गिरिडीह में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**विद्यार्थियों ने संभाली शिक्षक की भूमिका, गीत-नृत्य व नाटक से बांधा समां**

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह के प्रांगण में शनिवार को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा हवन के साथ हुई। इसके बाद महान शिक्षाविद् एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विभिन्न कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने शिक्षक के दायित्व, अनुशासन और महत्व को करीब से समझा।

विद्यार्थियों द्वारा मंच संचालन भी स्वयं किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। गीत, नृत्य और नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में गिरिडीह सीसीएल के महाप्रबंधक सह एलएमसी अध्यक्ष कन्हैया शंकर गैवाल एवं परियोजना पदाधिकारी जी.एस. मीणा



मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। परियोजना पदाधिकारी जी.एस. मीणा ने भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कन्हैया शंकर गैवाल ने विद्यार्थी-शिक्षकों को पुरस्कृत किया और उनके प्रयासों की सराहना की। पूरा कार्यक्रम गुरुजनों के प्रति सम्मान, उत्साह और उमंग से सराबोर रहा।

# शिक्षक दिवस पर मांगों को ले धरने पर एसबीएस कॉलेज के कर्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हुसैनाबाद, पलामू।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, जपला के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे। वित्त रहित मोर्चा के आह्वान पर कॉलेज के मुख्य गेट के समीप आयोजित एक दिवसीय धरने का नेतृत्व प्राचार्य सह वित्त रहित मोर्चा के अध्यक्ष मंडल सदस्य अरविंद कुमार सिंह ने किया। कर्मियों ने 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि संबंधी संलेख को शीघ्र कैबिनेट में रखने, वित्त रहित शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों के लिए नियमावली बनाकर वेतनमान लागू करने तथा उच्च विद्यालय, संस्कृत विद्यालय, मदरसा एवं इंटर कॉलेजों के लिए सेवा शर्त नियमावली लागू करने की मांग की। साथ ही सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना की राशि के लिए पोर्टल खोलने की मांग भी उठाई।

वरीय शिक्षक धनंजय कुमार सिंह व शिक्षक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ने कहा कि कर्मी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। शिक्षक दिवस पर भी धरना देना सरकार की उदासीनता को दर्शाता है।

धरने के दौरान आंदोलन को तेज करते हुए 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव करने का निर्णय लिया गया। कर्मियों ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन चरणबद्ध तरीके से तेज किया जाएगा।

### मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक

**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ. प्रदीप कुमार,उप विकास आयुक्त, पूर्वी चम्पारण की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में निदेशक, एनईपी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), सहायक अभियन्ता (मनरेगा), कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), कनीय अभियन्ता एवं पंचायत तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

### रांची के आर्यभट्ट एकेडमी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

**रांची, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड की राजधानी रांची के बूटी स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आर्यभट्ट एकेडमी में शनिवार को शिक्षक दिवस उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के बीच मनाया गया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक सोनू कुमार तिवारी ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद छात्रों ने गुरु वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी शिक्षकों का अभिनंदन किया। पूरे परिसर में शिक्षक दिवस का उत्सवी माहौल देखने को मिला। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, नाटक और भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से शिक्षकों के योगदान को भावनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आंदोलनकारी बुजुर्ग हेमंती देवी ने उपायुक्त से किया संवाद, पेंशन की ली जानकारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड आंदोलनकारी सम्मान समारोह के दौरान नावाडीह प्रखंड निवासी बुजुर्ग आंदोलनकारी हेमंती देवी ने उपायुक्त अजय नाथ झा से संवाद किया। उन्होंने उपायुक्त से पेंशन से संबंधित जानकारी ली तथा सम्मान समारोह जैसे आयोजन के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। उपायुक्त ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और पेंशन भुगतान संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने हेमंती देवी से उनके आंदोलन के अनुभवों और संघर्ष के दिनों के बारे में भी जानकारी ली। हेमंती देवी ने कहा कि अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए आज इस तरह सम्मान मिलना उनके लिए भावुक और गौरव का क्षण है। उन्होंने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आंदोलनकारियों को सम्मान देने से उनके संघर्ष और योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।



### धनबाद क्रिकेट संघ 11 से 13 सितंबर तक करेगा अंपायरिंग-स्कोरिंग वर्कशॉप

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नए क्रिकेट सत्र की शुरूआत से पहले धनबाद क्रिकेट संघ की ओर से अंपायरों और स्कोररों के लिए तीन दिवसीय अंपायरिंग एवं स्कोरिंग वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। वर्कशॉप 11 से 13 सितंबर तक रणधीर वर्मा स्टेडियम स्थित डीसीए कार्यालय में आयोजित होगी। डीसीए के महासचिव विनय कुमार सिंह और उपाध्यक्ष सह अंपायरिंग कमेटी के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने बताया कि वर्कशॉप में क्रिकेट के नियम, प्लेइंग कंडीशन और अंपायरिंग-स्कोरिंग से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ जानकारी देंगे। साथ ही प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नए सत्र से पहले यह आयोजन अंपायरों और स्कोररों के लिए रिफ्रेशर कोर्स की तरह होगा। डीसीए से जुड़े सभी अंपायरों और स्कोररों की इसमें भागीदारी अनिवार्य की गई है। वहीं अंपायरिंग या स्कोरिंग में रुचि रखने वाले लोग भी इसमें शामिल हो सकते हैं। वर्कशॉप में प्रतिदिन तीन सत्र आयोजित किए जाएंगे। अंतिम दिन अंपायरों की परीक्षा भी ली जाएगी।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में शनिवार को शिक्षक दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा शिक्षा एवं संस्कार के महत्व को समझा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं पोषण सखी द्वारा भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण किया गया। बच्चों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने तथा शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को शिक्षा, संस्कार, अनुशासन एवं अच्छे व्यवहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां भी तैयार कीं और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उन्हें प्रस्तुत किया। शिक्षक दिवस के आयोजन से जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का वातावरण उत्साह, स्नेह एवं सीखने की भावना से सराबोर रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ रचनात्मकता, अच्छे संस्कार एवं व्यवहार की नींव मजबूत करना रहा।



### गोविंदपुर के रंगडीह में रांग साइड चलने वाले 70 वाहन जब्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने को लेकर धनबाद पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को गोविंदपुर थाना क्षेत्र के रंगडीह में ट्रैफिक पुलिस ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर ट्रैफिक डीएसपी रोहित साव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहनों की जांच की। इस दौरान रॉन्ग साइड से वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी गई। नियमों का उल्लंघन करते पाए गए कुल 70 वाहनों को जब्त कर गोविंदपुर थाना लाया गया। इनमें ऑटो, टोटो, बाइक समेत अन्य वाहन शामिल हैं। जांच के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने रॉन्ग साइड ड्राइविंग के अलावा ट्रिपल राइडिंग और वाहनों में नियमों के विपरीत काला शीशा लगाए जाने के मामलों में भी कार्रवाई की। संबंधित वाहन चालकों के चालान काटे गए और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि व्यस्त सड़कों और हाईवे पर रॉन्ग साइड वाहन चलाना गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। इसलिए ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार जब्त सभी वाहनों को नियमानुसार थाना परिसर में रखा गया है और न्यायालय के आदेश के बाद ही उन्हें छोड़ा जाएगा। धनबाद पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित लेन और दिशा में वाहन चलाने तथा हेलमेट समेत सभी सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

### कर्ण समागम ने मनाया विशिष्ट शिक्षक सम्मान दिवस, सात शिक्षकों को किया सम्मानित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक दिवस के अवसर पर आज कर्ण समागम बोकारो की ओर से विशिष्ट शिक्षक सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान महान शिक्षाविद् एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम गोमिया स्थित पिट्स मॉडर्न स्कूल के प्राचार्य ब्रिज मोहन लाल दास के कार्यालय में आयोजित हुआ। कर्ण समागम की ओर से प्राचार्य ब्रिज मोहन लाल दास समेत सात शिक्षकों को मोमेंटो एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में कालीकांत लाल दास, अरविंद कुमार, अमरजी सिन्हा, रंजन कुमार कर्ण, श्याम भूषण श्रीवास्तव, अशोक कुमार कर्ण एवं सुजाता दास शामिल रहीं। इस अवसर पर दीपू प्रकाशन के अमरनाथ लाल दास तथा फाइव फिंगर प्रकाशन के कुमार निर्मल ने भी सभी शिक्षकों को कलम एवं उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कर्ण समागम के अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण, सचिव अरविंद कुमार, अशोक कर्ण एवं उप महासचिव अमरनाथ लाल दास मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके योगदान का सम्मानित करना विद्यार्थियों और समाज के लिए प्रेरणादायक है। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित इस सम्मान समारोह के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई।

### बाल विवाह के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक दिवस की घोषणा का स्वागत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा 27 नवंबर को 'बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' घोषित किए जाने का सहयोगिनी ने स्वागत किया है। संगठन ने इसे बाल विवाह के खिलाफ देशभर में अभियान चला रहे जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के प्रयासों की वैश्विक मान्यता बताया। जैनामोड़ स्थित बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि भारत से उठी बाल विवाह विरोधी आवाज अब वैश्विक संकल्प बन गई है। उन्होंने कहा कि बोकारो में सरकार और प्रशासन के सहयोग से कानूनी हस्तक्षेप के जरिए अब तक 1,758 बाल विवाह रुकवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि केवल कानून से बाल विवाह समाप्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए, स्कूलों, पंचायतों और गांवों में जागरूकता अभियान चलाने, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों का दोबारा स्कूल में नामांकन कराने जैसे प्रयास जरूरी हैं। अभियान में शिक्षकों और धर्मगुरुओं को भी जोड़ा गया है। संगठन के अनुसार, जेआरसी अपने सहयोगी संगठनों के साथ देश के 782 जिलों में बाल विवाह के खिलाफ अभियान चला रहा है और अब तक देशभर में 5.50 लाख से अधिक बाल विवाह रुकवाने का दावा किया गया है।

# झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मान, उनके संघर्ष और त्याग को नमन: उपायुक्त

**शिबू सोरेन स्मृति भवन में सम्मान समारोह, डीसी - एसपी ने वितरित किया मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड राज्य के निर्माण के लिए संघर्ष करने वाले आंदोलनकारियों के सम्मान में शनिवार को शिबू सोरेन स्मृति भवन सभागार (टाउन हॉल), बोकारो में झारखंड आंदोलनकारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा शामिल हुए। दोनों पदाधिकारियों ने विभिन्न काउंटरों का भ्रमण कर झारखंड आंदोलनकारियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन सहित अन्य पदाधिकारी-कर्मी तथा बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी उपस्थित थे।

**यह सम्मान नहीं, उस संघर्ष, त्याग और संकल्प को नमन है: उपायुक्त**

अपने संबोधन में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि झारखंड का गठन 15 नवंबर 2000 को लंबे संघर्ष के बाद हुआ। यह आंदोलन केवल अलग राज्य की मांग तक सीमित नहीं था, बल्कि झारखंड की पहचान, अधिकार, सम्मान और विकास के लिए एक लंबा संघर्ष था। उन्होंने कहा कि जिनके संघर्ष और त्याग से झारखंड का सपना साकार हुआ, उनका सम्मान करना हम सभी का गौरव है। राज्य सरकार द्वारा झारखंड आंदोलन में योगदान देने वाले आंदोलनकारियों को चिह्नित कर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। समय-समय पर कुछ आंदोलनकारियों द्वारा सूची अथवा प्रमाण-पत्र से संबंधित समस्याएं हम आपको सुनते हैं... (लोक संवाद) सहित विभिन्न माध्यमों से जिला प्रशासन के समक्ष रखी गईं। उपायुक्त ने कहा कि इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने शिक्षक दिवस के अवसर पर पात्र आंदोलनकारियों को सम्मानित करने एवं प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि आज का यह आयोजन केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि उन संघर्षशील लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने झारखंड के निर्माण के लिए अपना जीवन, समय और संघर्ष समर्पित किया।

**एक साथ भोजन, एक साथ सम्मान - अपनत्व का भाव**

उपायुक्त ने कहा कि आंदोलनकारियों के आग्रह पर समारोह स्थल पर खिचड़ी-चोखा के सहभोज की भी व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य सभी आंदोलनकारियों के साथ आत्मीयता और अपनत्व के साथ इस ऐतिहासिक अवसर को साझा करना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं सभी संबंधित पदाधिकारी-कर्मी पूरी प्रतिबद्धता के साथ सम्मान समारोह को सफल बनाने में जुटे हैं। आंदोलनकारियों की सुविधा के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं, ताकि प्रमाण-पत्र वितरण की प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से पूरी हो और किसी को असुविधा नहीं हो। उपायुक्त ने कहा कि सम्मान-पत्र महज एक दस्तावेज नहीं, बल्कि झारखंड सरकार और समस्त झारखंडवासियों की ओर से आंदोलनकारियों के संघर्ष, त्याग और योगदान के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने सभी आंदोलनकारियों के प्रति जिला प्रशासन एवं बोकारोवासियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# मोदी के 25 वर्ष सेवा और समर्पण पर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला

**प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू बोले–मोदी का जीवन सेवा, संकल्प, संघर्ष और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरक यात्रा**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा और समर्पण अभियान के तहत आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी, बोकारो जिला द्वारा नया मोड़ स्थित बिरसा आश्रम में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र राज ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री संजय सिन्हा ने किया। जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष को भगवा वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत और अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरक यात्रा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के लिए सत्ता कभी लक्ष्य नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम रही है। गरीब, किसान, युवा, महिला और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए नए अवसरों के क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय



बदलाव देखा है। धनबाद सांसद ढुलू महतो ने कार्यकर्ताओं से मोदी जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अंतिम व्यक्ति तक सेवा का भाव पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यशाला में प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित पार्टी के प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# काम के दौरान मजदूर की मौत, 12.30 लाख मुआवजा, औद्योगिक सुरक्षा पर उठे सवाल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना क्षेत्र स्थित सुंदरम स्टील कंपनी में काम के दौरान एक सफाई मजदूर की मौत हो गई। इस घटना ने औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था और कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक की पहचान देवघर जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र निवासी अजय कॉल के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अजय कॉल सुंदरम स्टील कंपनी में सीधे नियुक्त नहीं था, बल्कि एक कॉन्ट्रैक्ट कंपनी के माध्यम से सफाई कार्य में लगा हुआ था। जानकारी के अनुसार, काम के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। हालांकि, मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। घटना की सूचना मिलते ही कंपनी परिसर में हड़कंप मच गया। बालीडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद मृतक के परिजनों को मुआवजा देने पर सहमति बनी। डिप्टी लेबर कमिश्नर रंजीत कुमार के अनुसार, सुंदरम स्टील कंपनी की ओर से 10 लाख 30 हजार रुपये तथा ठेकेदार की ओर से 2 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। इस प्रकार मृतक के आश्रित को कुल 12 लाख 30 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। हालांकि, यह घटना केवल मुआवजे तक सीमित नहीं है। बड़ा सवाल यह है कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत मजदूरों की सुरक्षा के लिए निर्धारित मानकों का पालन कितना प्रभावी ढंग से हो रहा है। क्या सुरक्षा उपकरणों और कार्यस्थल की नियमित जांच की जाती है? और क्या किसी हादसे के बाद केवल मुआवजा देकर जिम्मेदारी समाप्त हो जाती है?

## मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में आज शिक्षक दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, मिथिला सांस्कृतिक परिषद के महासचिव नीरज चौधरी, विद्यालय सचिव दिलीप कुमार झा एवं कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिक्षक दिवस समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम रहा। विद्यार्थियों ने एक दिन के लिए शिक्षकों की भूमिका निभाई। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों की वेशभूषा धारण कर कक्षाओं का संचालन किया। इसके बाद संगीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त की। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए देव दुलाल मित्रा, अनूप कुमार, रागिनी झा, रीता कुमारी एवं कुमारी नीतू को सम्मानित किया गया।

# शिक्षक दिवस पर जिलेभर में गूंजा गुरुजनों के सम्मान का संदेश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले के सभी विद्यालयों के साथ-साथ प्रखंड एवं जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने शामिल होकर शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालयों में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि शिक्षक दिवस हम सभी के लिए आत्ममंथन और पीछे मुड़कर देखने का अवसर है। यह वह दिन है, जब हम उन सभी गुरुओं एवं शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमें ज्ञान दिया, हमारा मार्गदर्शन किया और जीवन में आगे बढ़ने योग्य बनाया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने शिक्षकों का सदैव सम्मान करें, उनका आदर करें और उनके प्रति कृतज्ञता का भाव बनाए रखें। वास्तव में, शिक्षक का सम्मान ही समाज का सबसे बड़ा सम्मान है, क्योंकि शिक्षक ही आने वाली पीढ़ी के भविष्य का निर्माण करते हैं। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षक दिवस का यह पावन अवसर हम सभी को संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है कि हम अपने शिक्षकों का सदैव आदर करेंगे, उनके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएँगे तथा शिक्षा एवं संस्कारों को समाज में सर्वोच्च स्थान देंगे। उन्होंने जिले के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन जीने की दिशा, अनुशासन, संस्कार और सही-गलत की पहचान भी देते हैं। जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं। वहीं, प्रखंड एवं जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में पदाधिकारियों ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की।



## बंद फ्लैट को बनाया निशाना, कुंडी तोड़कर चोरी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरला थाना क्षेत्र के रानी पोखर गांव स्थित कंचन मोड़ के समीप लक्ष्मी नारायण अपार्टमेंट में चोरों ने एक बंद फ्लैट को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। वारदात के समय फ्लैट में परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। चोर दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में दाखिल हुए और सामान लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि चोरी को अंजाम देने से पहले चोरों ने अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों का व्यू प्वाइंट ऊपर कर दिया, ताकि उनकी गतिविधियां कैमरे में रिकॉर्ड न हो सकें। इसके बाद चोर सीसीटीवी का डीवीआर भी अपने साथ ले गए। ऐसे में पुलिस के लिए घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज हासिल करना चुनौती बन गया है। गृहस्वामी शुभम कुमार ने बताया कि चोरी में कितने सामान और कितनी राशि का नुकसान हुआ है, इसका आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ दिल्ली में रहते हैं। उनकी तीन बहनों की शादी हो चुकी है, जबकि उनकी माता कोडरमा में रहती हैं। बोकारो स्थित फ्लैट में परिवार कभी-कभार ही आता है और अधिकांश समय घर बंद रहता है। घटना के बाद अपार्टमेंट की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# प्रतिभाओं को सम्मान से मिलता है आगे बढ़ने का हौसला: सुदेश महतो

**भानु महतो स्मारक प्रतिभा सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक और मेधावी विद्यार्थी सम्मानित**

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को पेटरवार वन विभाग के सभागार में भानु महतो स्मारक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि, जबकि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान गोमिया, पेटरवार और कसमार क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षकों तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें उचित मंच देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और लगन से सफलता हासिल कर रहे हैं। प्रतिभाओं के सम्मान से उनके परिश्रम को पहचान मिलती है और दूसरे बच्चों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें सम्मान और प्रोत्साहन देना जरूरी है। पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की मजबूत आधारशिला है और संसाधनों के अभाव में किसी प्रतिभा को दबने नहीं देना चाहिए। जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज और बुंडू मुखिया निहारिका सुकृति ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार सिन्हा ने किया। समारोह में शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## कोटपा के तहत चास मुफस्सिल क्षेत्र में छापेमारी, 7 दुकानदारों पर कार्रवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश और सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 यानी कोटपा के प्रावधानों के अनुपालन को लेकर चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र में विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कोटपा नोडल पदाधिकारी मो. मुजम्मिल के नेतृत्व में कुल 23 दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान 7 दुकानदारों और व्यक्तियों को तंबाकू नियंत्रण कानून का उल्लंघन करते पाया गया। सभी के खिलाफ चालान की कार्रवाई करते हुए कुल 4 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला गया। मो. मुजम्मिल ने बताया कि दुकानदारों और प्रतिष्ठान संचालकों को कोटपा के प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास निर्धारित क्षेत्र में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक है। अभियान के दौरान होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों में निर्धारित मानकों के अनुसार 'नो स्मोकिंग एरिया' का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया।

# बीएसएल में कर्मियों के लिए सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के सतर्कता विभाग द्वारा आगामी 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026' तथा वर्तमान में संचालित 'तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान' के तहत आज मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में गैर-कार्यपालक कर्मचारियों के लिए एक व्यापक सतर्कता जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। दैनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के 45 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास), वरीय प्रबंधक (सतर्कता) तथा प्रबंधक (सतर्कता) उपस्थित रहे। इस पहल के दौरान प्रतिभागियों को सतर्कता तंत्र, एंटी-ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम, आरडीए कार्यवाहियों, स्टैंडिंग ऑर्डर्स तथा दैनिक परिचालन में सामने आने वाले विभिन्न सतर्कता-संबंधी विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। सत्र के दौरान संचालन, सैंपलिंग, परीक्षण एवं निरीक्षण, स्टोर्स एवं वेयरहाउस प्रबंधन, सामग्री प्रेषण (डिस्पैच), वेंडर बिल प्रबंधन तथा कार्मिक मामलों जैसे संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा की गई। साथ ही, कर्मियों से संबंधित पूर्व-सतर्कता जाँच की वास्तविक केस स्टडीज भी प्रस्तुत की गईं, जिसके माध्यम से कार्यस्थल पर नैतिक निर्णय लेने, नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन तथा व्यक्तिगत जवाबदेही सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में नैतिक मूल्यों पर केंद्रित एक विशेष सत्र भी संचालित किया गया, जिसमें संगठन के सत्यनिष्ठा ढाँचे को सुदृढ़ बनाने हेतु व्यक्तिगत उत्तरदायित्व पर बल दिया गया। यह आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र की प्रत्येक स्तर पर पारदर्शी कार्यप्रणाली स्थापित करने, कार्यबल में उच्च नैतिक मानकों के विकास तथा निवारक सतर्कता संस्कृति को सुदृढ़ बनाने की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## खंडहरनुमा मकान में चल रहा था जुए का अड्डा, पुलिस ने 10 को दबोचा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध जुए के एक अड्डे का खुलासा करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नकद राशि, मोबाइल फोन और ताश की गड्डियां भी बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, 4 सितंबर की रात चास थाना क्षेत्र के अंसारी मोहल्ला स्थित सुधीर खटाल के पीछे एक खंडहरनुमा मकान में बड़े पैमाने पर जुआ खेले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए चास इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापेमारी की तो वहां जुआ खेल रहे लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। चास इंस्पेक्टर के अनुसार, इस जुए के अड्डे का संचालन छोटू खान नामक व्यक्ति करता है, जो पूर्व में भी जेल जा चुका है। पुलिस मामले में उसके नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों की भी जांच कर रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 10 मोबाइल फोन, 4 हजार 840 रुपये नकद तथा ताश की गड्डियां बरामद की हैं। गिरफ्तार लोगों में चास एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी शामिल बताए जा रहे हैं। इस संबंध में चास थाना कांड संख्या 111/2026 दर्ज कर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK